


राष्ट्रीय दैनिक हिन्दी/अंग्रेजी

# समाचार निर्देश

नई दिल्ली से प्रकाशित



www.samacharnirdesh.in 9654140328 Google app Email: smacharnirdesh@gmail.com RNI.NO.DELBIL/2011/43227

वर्ष 12 अंक 301 नई दिल्ली गुरूवार, 02 मार्च , 2023 मुल्य :-3/- वार्षिक शुल्क 1100/- पृष्ठ :-16



एक दिन के लिए तेरी क्या मदद करूं में आ तेरे हाथ को हुनर देकर
हमेशा के लिए तुझे आत्मनिर्भर बना दूँ में

"ज्योति महिला शिक्षा योजना,,
उड़ान हौसलों की...
संचालन- PARYAS ...EK KOSHISH

महिलाओं के लिए नि:शुल्क कोर्स*
➤ फैशन डिजाईनिंग {FD}
➤ ड्रेस डिजाईनिंग {DD}
➤ सिलाई कटाई एण्ड कढाई {CT&E}
➤ ब्यूटीशियन कोर्स(पार्लर ट्रेनिंग) {BC}

For Any More Information Contact :
86 8383 4343
महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक अनुठी पहल

Address :- Jhajjar-Bahadurgarh Road, Opp. Ex. MLA Naresh Kaushik Office & Ved Hospital, Near Nahar Shakti Ngar Bahadurgarh-124507, Distt. Jhajjar Haryana paryasekkoshish02@gmail.com


# डाटा प्रबंधन और नए पन्ना प्रमुख बनाने को लेकर गुरुकमल में हुई भाजपा की बैठक

**समाचार निर्देश ब्यूरो गुरुग्राम, । आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर भाजपा ने रण**नीति बनानी शुरू कर दी है। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने नए पन्ना प्रमुख और डाटा अपलोड को लेकर मंडल पालक, मंडल प्रभारी, महामंत्री व मंडल अध्यक्षों की बैठक प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में ली। जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं को डाटा प्रबंधन और उसके विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकताओं से अपने दायित्वों को पूरा करने का आग्रह किया। बैठक में गुरुग्राम चुनाव संगठन से प्रभारी भारत भूषण ज्योल, प्रदेश उपाध्यक्ष व डूंडाहेड़ा मंडल पालक जीएल शर्मा, नवीन मंडल पालक गोपीचंद गहलोत, दयानंद मंडल पालक अनिल यादव, हेलीमंडी मंडल पालक महेश चौहान व जिला महामंत्री मनीष गाडोली भी उपस्थित रहे।



जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। डिजिटल प्लेटफार्म पर डाटा प्रबंधन की उपयोगिता पर हमें ज्यादा ध्यान देना होगा। डिजिटल रूप से भाजपा कार्यकताओं को एकसूत्र में बांधने के लिए राष्ट्रीय संगठन ने सरल एप डाटा प्रबंधन को सशक्त किया है। जिला अध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को कहा कि प्रदेश ओम प्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में भाजपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सभी का डाटा होना जरूरी है। जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को विस्तार से विभिन्न पहलुओं और आईटी के इस्तेमाल के साथ बेहतर कार्य योजना के टिप्स दिए। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने कहा कि बैठक में गार्गी कक्कड़ ने बताया कि

भाजपा के स्थापना दिवस तक 4 लाख पन्ना प्रमुख बनाकर उनकी कार्यशालाएं आयोजित की जानी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता नए पन्ना प्रमुख बनाने के कार्य में तन मन से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी भी चुनाव को हलके में लेकर नहीं चलती बल्कि उसकी जीत की रूपरेखा पहले ही तैयार कर लेती है।

जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि आगामी गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम चुनाव में कमल खिलाने के लिए पार्टी पूरी तरह से तैयार है। जिला अध्यक्ष ने भी बैठक में कहा है कि भाजपा इन चुनावों को लेकर बेहद गंभीर है और जीत सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार कर ली गई है। उन्होंने पदाधिकारियों को कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को लाभार्थियों तक पहुंचाए और नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का काम भी करें।

## .....सम्पादकीय



### होली है नफरत को प्यार में बदलने का रंग-पर्व

**बदलती** युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तब प्रकृति एवं परम्परा हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्मउन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है। होली शब्द का अंग्रेजी भाषा में अर्थ होता है पवित्रता। पवित्रता प्रत्येक व्यक्ति को काम्य होती है और इस त्योहार के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया।

## आप के 5 मंत्रियों को 9 साल में रेप

**समाचार निर्देश ब्यूरो। एसडी सेठी। कट्टर** इमानदार, भ्रष्टाचार के खिलाफ, जनलोकपाल जैसे मुद्दों की सीढी से 10 साल पहले समाजसेवी बूढे अन्ना हजारे की पीठ पर सवार हो आंदोलन से उपजी आम आदमी पार्टी (आप) ने जिस तेजी से बडे-बडे सत्ताधीशों को धूल चटाकर देश की राजधानी दिल्ली की कुर्सी पर आसानी से आसीन हुए केजरीवाल का सूरज उतनी ही तेजी से " दागदार" और बदनुमा दाग में तब्दील होता जा रहा है। पिछले 9 साल में पार्टी के लोगों ने ही भरोसा तोडा है।

## नोएडा थाना सेक्टर 113 पुलिस ने सेना में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**सामाचार निर्देश राजा परचा**

**नोएडा। दिल्ली से** सटे नोएडा गौतम बुध नगर के थाना सेक्टर 113 पुलिस व एसटीएफ इकाई आगरा में सेना में भर्ती कराने के नाम पर लेफ्टिनेंट कमांडर बनकर वर्दी धारण कर सीधे साधे लोगों से सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो अभी को किया गिरफ्तार जिसमें कब्जे से भारतीय नौसेना के वर्दी बैच वा काफी सामान बरामद किया है जिसमें जिसमें थाना सेक्टर 113 में



शिकायतकर्ता द्वारा छह लोगों के खिलाफ मामला मामला दर्ज कराया था जिसमें अभियुक्तों को नोएडा के सेक्टर 120 अम्रपाली जोडियक के गेट पर से गिरफ्तार किया है ।

## दिल्ली में विजेता सचदेवा मिसेज एशिया बनारस लाइफ संजीवनी मुख्य कवर पत्रिका का शुभारंभ किया

**अनिल अरोड़ा सह सम्पादक समाचार निर्देश**

**नईदिल्ली : गत दिनों** ईस्ट दिल्ली मॉल स्थित लेमन ट्री होटल में विजेता सचदेवा मिसेज एशिया बनारस का लोकप्रिय लाइफ संजीवनी मासिक मुख्य कवर पत्रिका का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर लाइफ संजीवनी पत्रिका के उप संपादक एवम् निदेशक चेतन एडवरटाइजिंग अनिल अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि



विजेता सचदेवा दिल्ली में एस.आर.सी इंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित सुपर फैमिनी अवार्ड सीजन 2.0 के दौरान दिल्ली आई थी जहां लोकप्रिय टेलीविजन सीरियल अनुपमा फेम बरखा अश्लेषा सावंत मुंबई भारतीय एक्टर के द्वारा गेस्ट ऑफ ऑनर सम्मान से भी नवाजा गया ' विजेता सचदेवा मॉडल, मेकअप आर्टिस्ट सोशल एक्टिविस्ट मल्लिका ए अवध ऑगेर्नाइजर स्वेता तिवारी द्वारा मिसेज एशिया विनर 2022 , मिसेज इंडिया विनर 2021, संतूर गर्ल 2021,मिसेज बनारस सेकंड रनर अप 2019 ।

## पुस्तक मेले में यूडीटीएस इंट्राडे ट्रेडिंग ब्रह्मास्त्र पुस्तक का हुआ अनावरण



**समाचार निर्देश ब्यूरो नई दिल्ली ( सुनील बाल्यान ) : राजधानी** दिल्ली के प्रगति मैदान में पुस्तक मेले के दौरान यूडीटीएस इंट्राडे ट्रेडिंग ब्रह्मास्त्र पुस्तक का लोकार्पण किया गया है। इस मौंके पर लेखक मनीष तनेजा यूडीटीएस इंट्राडे ट्रेडिंग ब्रह्मास्त्र जोकि 30 वर्षीय अनुभवी है शेयर मार्किट के, उन्होने कहा कि अकसर लोग शेयर बाजार में ट्रैडिंग तो करना चाहते हैं लेकिन जानकारी के अभाव में जोखिम को लेकर असमंजस की स्थिती में रहते हैं उनके लिए यह पुस्तक ब्रह्मास्त्र का काम करेगी। मुझे तीस वर्ष का अनुभव है मैंने उस तीस वर्ष के अनुभव को पुस्तक में उतारने की ईमानदार कोशिश की है। निश्चित रूप से ट्रैडिंग के लिए आपको जानकारी अवश्य होनी चाहिए। आधे अधूरे ज्ञान के साथ जोखिम लेना उचित नहीं है। जो लोग तकनीकी कोर्स करके आए हैं उनके मुकाबले जो बिना तकनीकी कोर्स वाले व्यक्ति है ।

## महिला समाज या घर की वह आधारशिला है, जिसके बिना किसी भी परिवार, समाज या राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती: वरिंदर

**समाचार निर्देश ब्यूरो मोहित कोछड़**

**मोगा-भाजपा** राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा वनाथी श्री निवासन के आह्वान पर केंद्र की नरेंदर मोदी सरकार की उपलब्धियों तथा जन-कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुँचाने तथा उन्हें इनके लाभ लेने के लिए जागरूक करने के लिए ह्यवन करोड़ सैल्फी विद बैनिफिशरीजह्व (एक करोड़ सैल्फी लाभार्थियों के साथ) कार्यक्रम के तहत पंजाब में भी इसकी शुरूआत भाजपा महिला मोर्चा पंजाब की प्रदेश अध्यक्षा मीनू सेठी के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव मनिंदर कौर की अध्यक्षता में मोगा के गाँव सलीना में



हुई। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा वरिंदर कौर थान्दी विशेष रूप से उपस्थित हुई। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा महिला मोर्चा पंजाब के प्रभारी राजेश बागा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में पहुँचने पर वरिंदर कौर थान्दी व राजेश बागा का मीनू सेठी तथा उनकी पदाधिकारियों ने दोशाला व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस बैठक में एक हजाए से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया। वरिंदर कौर थान्दी ने इस अवसर पर उपस्थित उपथित महिलाओं को अपने संबोधन में कहा कि महिला समाज या घर की वह आधारशिला है, जिसके बिना किसी भी मजबूत परिवार, समाज और राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देश की महिलाओं के उत्थान व सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं बना।













# भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने की पंच-सरपंचों पर लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा

## कहा- प्रजातंत्र में लाठी और गोली के जोर नहीं चल सकती सरकार

### ई-टेंडरिंग को खारिज कर चुनी हुई पंचायतों को अधिकार दे बीजेपी-जेजेपी- हुडडा

### अन्य राज्य के लोगों को हरियाणा की नौकरियां देने के लिए नियमों में फेरबदल कर रही है सरकार- हुड्डा

### कौशल निगम की ठेकेदारी प्रथा के जरिए हरियाणवी युवाओं के भविष्य से हो रहा है खिलवाड़- हुड्डा

**पानीपत, : (कमाल हुसैन) पूर्व मुख्यमंत्री** और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पंचकूला में पंचायत प्रतिनिधियों पर हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। उनका कहना है कि यह सरकार लगातार लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने की कोशिश कर रही है। जबकि प्रजातंत्र में लाठी और गोली के जोर पर सरकार नहीं चल सकती। इसके लिए जनता से संवाद और उसका सहयोग जरूरी है। इस सरकार ने पहले किसान, फिर जवान, उसके बाद कर्मचारी और अब पंच-सरपंच पर लाठियां बरसाई। आने वाले चुनाव में जनता इस अत्याचार का बदला वोट की चोट से लेगी।



हुड्डा आज पानीपत में सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इसके बाद बयान में उन्होंने कहा कि आज किसान, मजदूर, कर्मचारी से लेकर पंच-सरपंच, प्रदेश का हर वर्ग बीजेपी-जेजेपी के खिलाफ आंदोलनरत है। हर महीने किसी ना किसी वर्ग पर लाठीचार्ज की खबरें आती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि इस सरकार से जनता का मोहभंग हो चुका है और यह सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने में पूरी तरह नाकाम है।

उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास जीतने के लिए अपने वादों को निभाना पड़ता है। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान सरकार ने मेनिफेस्टो में लिखे अपने 1-1 वादे को पूरा किया था। लेकिन बीजेपी-जेजेपी ने चुनावी घोषणा पत्र के किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। गठबंधन सहयोगी बीजेपी ने 5100 रुपए बुढ़ापा पेंशन देने, ओपीएस लागू करने, एमएसपी गारंटी का कानून बनाने जैसे वादे करके लोगों के वोट हासिल किए थे। लेकिन सत्ता में आने के बाद इन वादों को भुला दिया गया।

कांग्रेस कार्यकाल के दौरान गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट, पानी की टंकी और मुफ्त बिजली-पानी कनेक्शन दिए गए थे। लेकिन अब बीजेपी-जेजेपी सरकार द्वारा इन परिवारों को हजारों रुपए के बिल थमाए जा रहे हैं। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस सरकार बनने पर इन तमाम बिलों को माफ किया जाएगा, जिस तरह कांग्रेस ने किसानों के ?1600 करोड़ के बिजली बिल माफ किए थे। इसी तरह एकबार फिर गरीब परिवारों को राहत दी जाएगी।

साथ ही किसानों को भी कर्ज माफी से कर्ज मुक्ति तक की स्थिति में पहुंचाया जाएगा। इसके बारे में कांग्रेस के रायपुर में हुए महा अधिवेशन में विस्तार से चर्चा हुई। इसमें पेश किए गए कृषि संबंधी मसौदे में किसानों को स्वामीनाथन आयोग के सी2 फामूर्ले के तहत एमएसपी देने, एमएसपी गारंटी का कानून बनाने, कृषि मजदूरों के कल्याण, फसल बीमा योजना को प्राइवेट की बजाय सहकारी कंपनियों के हवाले करने जैसे कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मौजूदा सरकार ना किसानों को एमएसपी दे पा रही है और ना ही वक्त पर मुआवजा। सरसों किसानों की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि 5450 रुपये एमएसपी वाली सरसों आज ?4000 प्रति क्विंटल के रेट पर पिट रही है। यही स्थिति बाजरा की हुई थी। सरकार ने भावांतर योजना के तहत बाजरा किसानों की भरपाई का ऐलान किया था। लेकिन उन्हें ना किसी तरह का भाव मिला और ना ही भावांतर। इसलिए कांग्रेस किसानों का एमएसपी की गारंटी देना चाहती है।

हुड्डा ने आगे बताया कि कांग्रेस ने हरियाणा में सरकार बनने पर बुजुर्गों को ?6000 पेंशन और जनता को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का भी फैसला लिया है। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान शुरू की गई राइट टू फूड जैसी बहुत सारी कल्याणकारी योजनाओं को फिर शुरू किया जाएगा। ऐसी योजनाओं के चलते उस वक्त हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश और विकास के तमाम पैमानों पर नंबर वन था। लेकिन आज हरियाणा बेरोजगारी और अपराध में नंबर वन है। विकास की कोई बड़ी परियोजना स्थापित किए बिना मौजूदा सरकार ने कर्ज समेत तमाम देनदारियों को मिलाकर प्रदेश को लगभग 4 लाख करोड़ रुपए के कर्ज में डुबो दिया है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मौजूदा सरकार हरियाणा के युवाओं के साथ के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। अन्य राज्यों के लोगों को प्रदेश की नौकरियां देने के लिए लगातार नियमों में फेरबदल किए जा रहे हैं। पहले इस सरकार ने ग्रुप ए और बी की नौकरियों में बाहरी उम्मीदवारों को तरजीह दी। अब सोशियो-इकॉनोमिक के अंक दूसरे राज्य के लोगों को देने का फैसला करके ग्रुप सी और डी की नौकरियों से भी हरियाणवी युवाओं को वंचित करने का काम किया है।

## आरएसएस की प्रतिनिधि सभा की बैठक 12,13 व 14 को समालखा में

**पानीपत :(कमाल हुसैन) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल** भारतीय प्रतिनिधि सभा इस वर्ष 12,13 व 14 मार्च को हरियाणा में पानीपत जिला के समालखा में होगी। बैठक में 2022-2023 के संघ कार्य की समीक्षा और आगामी वर्ष 2023-2024 की संघ कार्य योजना पर चर्चा होगी। इसके अलावा कार्यकर्ता निर्माण व प्रशिक्षण, संघ शिक्षा वर्गों की योजनाए ,शताब्दी विस्तार योजना व कार्य के दृढ़ीकरण और देश की वर्तमान स्थिति पर विचार एवं महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव भी पारित होंगे। प्रतिनिधि सभा बैठक में पूर्व सरसंघचालक डॉ.मोहन भागवत, मा. सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबाले, सभी सह सरकार्यवाहक, अखिल भारतीय कार्यकारिणी,

क्षेत्र व प्रांत कार्यकारिणी, संघ के निर्वाचित अ.भा. प्रतिनिधि, सभी विभाग प्रचारक तथा विविध संगठनों के निमंत्रित कार्यकर्ता भाग लेंगे। देशभर से लगभग 1400 कार्यकर्ता बैठक में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर व प्रांत प्रचार प्रमुख हरियाणा राजेश कुमार ने दी।

## होली मिलन समारोह में पहुंचकर प्यार से होली मनाएं कार्यकता ́: विजय जैन

**पानीपत :(कमाल हुसैन) कुलदीप नगर में** आज भीमराव अंबेडकर भवन में कार्यकताओं का एक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। सम्मेलन का आयोजन राजेश ठेकेदार और वजीर सिंह ने किया। सम्मेलन में बोलते हुए ग्रामीण हलके के नेता एवं पार्षद विजय जैन ने कार्यकताओं को 5 मार्च को सुबह 11 बजे अपने कार्यालय सेक्टर 6 में पहुंचने की अपील की।

उन्होंने बताया कि इस दिन उनके कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की जनता भारी संख्या में पहुंचेगी तथा सभी एक दूसरे के साथ प्यार से होली खेलेंगे तथा एक साथ भोजन करेंगे। उन्होंने कहा है कि उनका



मकसद राजनीति में सत्ता का सुख भोगने का नहीं जनता की सेवा करने का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश निरंतर तरक्की कर रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की की तीसरी बार फिर देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का काम करें ताकि देश और प्रदेश निरंतर तरक्की करता रहे। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की राह पर चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### 11 से 13 मार्च को चरखी दादरी में होगी 39 वीं राजकीय पशु प्रदर्शनी

**पानीपत (कमाल हुसैन)पशुपालन एवं डेरी विभाग द्वारा 11 से 13 मार्च तक** चरखी दादरी में 39 वीं राजकीय पशु प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा। इस प्रदर्शनी के प्रति पशुपालकों में विशेष उत्साह है। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि पशु प्रदर्शनी में उत्तम किस्म की नस्ल पालने वाले पशुपालकों को प्रोत्साहन के रूप में लाखों रुपये की राशि प्रदान की जायेगा।

उपायुक्त ने बताया कि इस प्रदर्शनी में जो पशुपालक अपने पशुओं को ले जायेंगे उनको पहले नजदीकी पशु चिकित्सालय में जाकर अपने पशुओं के स्वास्थ्य व अन्य प्रदर्शनी संबधी जरूरी जानकारी पशु चिकित्सक से लेने पड़ेगी। पशु प्रदर्शनी में अपने पशुओं को ले जाने वाले पशुपालकों के ठहरने व खाने पीने की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जायेगी। प्रशासन द्वारा पशुओं को ले जाने वाले साधनों का किराया भी मुहैया करायेगा।

विभाग के एसडीओ अश्विनी मोर ने बताया कि इस प्रदर्शनी में मुराह नस्ल, हरयाणा नस्ल साहिवाल नस्ल के अलावा विदेशी नस्ल के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता पशुपालकों को इनाम दिया जायेगा। प्रदर्शनी में पशुपालकों को उत्तम नस्ल के पशुओं को आधुनिक दूध संयत्र, पशुओं के लिए शुद्ध आहार व विभिन्न प्रकार की उत्तम नस्लों के बारे में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जायेगी। उन्होंने पशुपालकों सें आग्रह किया की वे बड़ी संख्या में इस प्रदर्शनी का हिस्सा बनकर लाभ उठायें।

### बापौली पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के बारे में लोगों को किया जागरूक

**पानीपत, : (कमाल हुसैन) बापौली पुलिस ने आज बाजार में व अन्य कई** स्थानों पर जाकर लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर बापौली थाना के प्रभारी महावीर सिंह ने बताया की अननोन नंबर से कोई भी आपको फोन आए तो अपनी कोई भी जानकारी ना दें। अननोन नंबर से फोन करने वाले आपसे ओटीपी नंबर मांगेंगे और ऑनलाइन लोन देने की कोई भी बात करें तो आप सावधान हो जाइए। आप उनकी बातों में आकर ठगे जा सकते हो। उन्होंने कहा कि अगर किसी के साथ भी ऑनलाइन ठगी हो जाए तो आप अपनी शिकायत 1930 नंबर फोन मिला कर तुरंत कर सकते हैं। जहां आप खुद भी सावधान रहें और अपने साथियों को भी इसके बारे में जागरूक करें।

### लड़कियों और महिलाओं के लिए बनी वरदान राज्य सरकार की उच्च शिक्षा ऋण योजना

**पानीपत, (कमाल हूसैन)आर्थिक रूप से कमजोर लड़कियों और महिलाओं को** सबल कर रही है राज्य सरकार की उच्च शिक्षा ऋण योजना। इस योजना से जुडक? सभी वर्ग की लड़कियां उच्च शिक्षा ग्रहण करने का अपना सपना साकार कर सकती हैं। यह योजना उन महिलाओं व लड़कियों के लिए है जिनके माता पिता आर्थिक कमजोरी की वजह से उनको उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं करवा पढ़ा पाते। उनके लिए यह योजना रोशनी की किरण बनकर उभरी है। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि योजना के तहत सरकार पात्र महिलाओं को ऋण पर 5 प्रतिशत अनुदान देती है। क्योंकि उच्च शिक्षा में फीस बहुत ज्यादा होती है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने यह योजना प्रारंभ की हुई है।

योजना के तहत सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से लड़कियों,महिलाओं को तकनीकी, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर, पीएचडी,एमबीए व अन्य उच्च शिक्षा कोर्स में दाखिला लेने के लिए बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। इस सुविधा को प्राप्त करने के लिए आय, जाति से जुड़ी कोई अन्य शर्त नहीं है। इस योजना का लाभ लेने के लिए महिला पात्रों को आफ लाइन आवेदन करना होगा व जरूरी दस्तावेजों की प्रति बैंकों और हरियाणा महिला विकास निगम जिला प्रबंधन के पास जमा करानी होगी।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में 1 अप्रैल 2022 से 28 फरवरी 2023 तक 8 लड़कियों ने इस योजना से जुडक? इसका लाभ लिया। इन 8 लड़कियों में से 2 लड़कियां आस्ट्रेलिया व युक्रेन में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही हैं व शेष 6 लड़कियां देश के विभिन्न संस्थानों में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। जिला महिला विकास निगम द्वारा 8 लाख 64 हजार 123 रुपये की अनुदान राशि उन्हें प्रदान की गई है।

उपायुक्त ने बताया कि सरकार ने लड़कियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में ऋण का जो प्रावधान किया है उसका अहम कारण यह है ताकि वो अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ा सके और पैसे की तंगी के चलते पढ़ाई बीच में ना छोड़ें। इस योजना से लड़कियों की पढ़ाई में बहुत सुधार आयेगा और इससे पूरा महिला वर्ग लाभान्वित होगा।

हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक रोहिता ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की गरीब वर्ग की लड़कियों को अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आर्थिक रूप से प्रोत्साहित करना है। ये योजना हरियाणा में महिला विकास निगम प्राधिकरण द्वारा संचालित की जा रही है। इस योजना में दिया जाने वाला ऋण सिर्फ 5 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना का लाभ राज्य की सभी जाति वर्ग की लड़कियों को दिया जा रहा है। सरकार द्वारा इस योजना के लिया कुछ माप दंड तय किये गये है जिन्हें पुरा करने के बाद ही लाभार्थी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

जिला प्रबंधक के अनुसार इस योजना के लिए आवेदक हरियाणा राज्य का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक को इस योजना का लाभ 12वीं पास करने के बाद की शिक्षा के लिए दिया जायेगा। इस योजना का लाभ सिर्फ राज्य की उन लड़कियों को ही मिलेगा जो उच्च शिक्षा लेना चाहती है। इस योजना का लाभ सिर्फ ऐसी पात्र लड़कियों को ही दिया जायेगा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है। इस योजना का लाभ सिर्फ उच्च शिक्षा के लिए ही दिया जायेगा।

## कमजोर वर्गो का पूरा ध्यान रख रहीं है सरकार अर्चना सीठाना गांव में ज़िला भाजपा अध्यक्ष ने किया ग्रामीणों को संबोधित।

### चिरायु योजना गरीब आदमी के लिए वरदान अर्चना

**पानीपत, (कमाल हुसैन) मौजूदा सरकार** कमजोर वर्गों का पुरा पुरा ध्यान रख रही है ।अभी हरियाणा के बजट में। समाजिक न्याय एवम अधिकारिता, महिला एवम बाल विकास,अनुसूचित जाति एवम पिछड़ा वर्ग कल्याण और पैशन के लिए 255571 करोड की एक महती रकम का बजट में प्रावधान किया है। आई टी आई में



प्रवेश लेने वाली गरीब लड़कियों को 2500 रुपए की वितय सहायता दी जाती है । ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने गांव सीठना में ग्रामीणों की एक जन सभा को संबोधित करते हुए कहे। डा अर्चना ने कहा की 180000 से कम आए वाले सभी प्रदेश वासी परिवारों को बिना किसी भेद भाव के बी पी एल की सुविधा प्रदान की जा रहीं है। गत दिनों अंतोध्य परिवार उत्थान मेले लगाकर लोगो को ऋण देकर संबल बनाया गया है। डा अर्चना ने कहा की चिरायु योजना गरीब आदमी के किए वरदान सिद्ध हुई है।

उन्हीं मेरी फसल मेरा ब्योरा, मेरा जल मेरी विरासत,अमृत तालाब योजना , कृषि पर मिलने वाली सब्सिडियों तथा भावांतर योजना का भी जिक्र किया। डा अर्चना ने ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा की सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाने का भी आह्वान किया।

गांव में पहुंचने पर गांवों वासियों ने जिला भाजपा अध्यक्ष का फूल मालाओं वा पगड़ी पहनाकर जोर दार स्वागत किया। जिला भाजपा ज़िला मंत्री ऐडवोकेट रोशन माहला भाजपा अनुसूचित मोर्चे जिला महा मंत्री रविंद्र तुषामदअटावल ने भी संबोधित किया । कार्यकर्म का संयोजन रणवीर नागर ने किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से जिला पार्षद आकाश पोडिया, सुरेन्द्र नोहरा, मंडल महामंत्री योगेश , टेक राम तथा सतपाल जांगड़ा मोजूद रहे।

## ब्रेकथ्रूने गढ़ी बेसिक से की समता की ओर बढ़ते कदम अभियान की शुरूआत

**पानीपत :(कमाल हुसैन) ब्रेकथ्रू** संस्था ने आज गाँव गढ़ी बेसिक में शून्य भेदभाव दिवस के अवसर पर समता की ओर बढ़ते कदम साप्ताहिक अभियान की शुरूआत की। यह अभियान 1 मार्च से 8 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तक करनाल, पानीपत ओर सोनीपत के विभिन्न गाँव ओर कॉलेज में चलाया जाएगा। ब्रेकथ्रू से मुकेश ने बताया कि ब्रेकथ्रू संस्था हरियाणा के 125 गाँव में किशोर-किशोरी सशक्तिकरण पर कार्य कर रही है। गढ़ी बेसिक से सामाजिक कार्यकर्ता अमरीश ने कहा कि आज के समय मे लडका व लड़कियां दोनों को समान अवसर देने की आवश्यकता है। समाज तभी आगे बढ़ेगा जब सभी को बराबर मौके मिलेंगे। इसलिए सभी समता की ओर कदम बढ़ाए ओर समाज को बेहतर बनाएं। कार्यक्रम में ब्रेकथ्रू के टीम चेंज लीडर्स ने सरला व मुनिया के सपनों की दुनिया नामक नाटक दिखाया।

## संतोष की भावना खत्म हो गई है : शिल्पा परुथी

**पानीपत, : (कमाल हुसैन)पीसीसी** एकेडमी में आज एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने आत्मविश्वास की भावना को बढ़ाना एवं सहनशीलता और मंच के डर को जड़ से खत्म करने के ऊपर अपने विचार प्रकट किए। इस मौके पर पीसीसी एकेडमी की निदेशक शिल्पा परुथी ने कहा कि आत्मविश्वास की भावना सबके अंदर है। हर इंसान जोश और जुनून से भरपूर है। हर व्यक्ति कामयाब होना चाहता है। हर युवा पीढ़ी में कुछ करने का जज्बा और जुनून है। आज इस संसार में हर इंसान पैसों की अहमियत को



समझता है परंतु समस्या यह है कि उसके सामने कोई गोल फिक्स नहीं है, कोई लक्ष्य फिक्स नहीं है। पहले बच्चों में एक लक्ष्य होता था उस पर वह तब तक काम करता था जब तक सफलता हासिल नहीं होती परंतु आज थोड़ी सी मेहनत करने के बाद इंसान एवं युवा पीढ़ी अपना रास्ता बदल देता है। उसमें संतोष की भावना खत्म हो चुकी है। राजीव परुथी ने कहा यदि आप जिंदगी में आगे बढ ?ा चाहते हैं तो जो आपके पास है उसका शुक्रिया कीजिए जो नहीं उसका लगातार प्रयास कीजिए परंतु हार मत मानिए जो आपकी किस्मत में लिखा होगा वह तो मिलेगा ही। शायद किस्मत में यही लिखा हो कि मेहनत करने के बाद मिलेगा। इसीलिए अपनी मेहनत लगातार जारी रखीए। भाषण प्रतियोगिता में पलक एवं मोनिका प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर सृष्टि अग्रवाल, पूजा मेहता, कोमल, रितु, अनुष्का, अरमान व जतिन आदि मौजूद रहे।

## एसडी कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का हुआ आगाज

### कालेज के 110 एनएसएस स्वयंसेवक दिन-रात के आवासीय कैंप में ले रहे हिस्सा

**पानीपत :(कमाल हुसैन)एसडी पीजी कॉ**लेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के एनएसएस पाठ्यक्रम के अनुसार 1 से 7 मार्च तक चलने वाले सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार स्टेट एनएसएस ऑफिसर दिनेश कुमार और मुख्य अतिथि




डॉ.आनंद कुमार एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने की। विशिष्ट उपस्थिति में अमित कुमार स्टेट एनएसएस सेल ने उदघाटन सत्र में शिरकत की। मेहमानों का स्वागत कॉलेज प्रधान पवन गोयल, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर एवं वाईआरसी अधिकारी डॉ.राकेश गर्ग और डॉ.संतोष कुमारी ने पौधे.रोपित गमले भेंट करके किया। रात-दिन चलने वाले आवासीय कैंप में कालेज के लगभग 110 एनएसएस कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। इस बार के कैंप का थीम स्वावलंबी भारत और युवा है। मंच संचालन डॉ.संतोष कुमारी ने किया। उदघाटन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये गए। वहीं मुख्य अतिथि दिनेश कुमार ने कहा कि हर कार्यकर्ता को एनएसएस के लक्ष्यगीत से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होनें महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मी बाई, सावित्री बाई फूले, डॉ.बीआर अम्बेडकर आदि महान व्यक्तित्वों से त्याग की भावना और दूसरों के लिए अपने जीवन को कुर्बान करने का भाव खुद में पैदा करने का आह्वान किया। कालेज के प्रधान पवन गोयल ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों को कैंप में सिखाई जाने वाली बातों को मनोयोग से लागू करना होगा। समाज को सही दिशा दिखाने तथा बुराइयों के खिलाफ लड? के लिए लोगों को जागरुक करने में एनएसएस कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ ने कहा कि आज हमारे देश का नाम कंप्यूटर।

# राज्य सरकार जन हितैषी फैसलों से लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए समर्पित: लाल चंद कटारूचक्क

## खाद्य, सिवल सप्लाई और उपभोक्ता मामले के मंत्री द्वारा पनसप की समीक्षा मीटिंग में नवीनम कार्य प्रणाली अपनाने पर जोर

**समाचार निर्देश**
**ब्यूरो मोहित कोछड़**
चंडीगढ़ -मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पहले दिन से ही जन हितैषी फैसलों से आम लोगों के जीवन को आसान बनाने के प्रति पूरी तरह समर्पित है। इसी कोशिश के अंतर्गत राज्य के खाद्य, सिवल सप्लाई और उपभोक्ता मामले के मंत्री लाल चंद कटारूचक्क की तरफ से आज सैक्टर-34 में पनसप अदारे के कामकाज की समीक्षा के लिए एक मीटिंग की गई।



मुख्यालय के जनरल मैनेजरों और अलग-अलग जिलों में तैनात जिला मैनेजरों के साथ मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए श्री कटारूचक्क ने इस बात पर जोर दिया कि विभाग की तरफ से लोगों को सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता यकीनी बनाते हुए इसमें तेजी लाई जाये। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय का साथी बनते हुए विभागीय कामकाज में परंपरागत ढंग की जगह नवीनतम कार्य विधि अपनाई जाये। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा समय मुकाबलेबाजी का समय है इसलिए अपनी कारगुजारी को और निखारने के लिए विभाग को नवीन तकनीकें अपनाने पर ध्यान देना चाहिए।

राज्य को आर्थिक पक्ष से बढ़ावा देने को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए श्री कटारूचक्क ने कहा कि पंजाब सरकार की तरफ से रोजगार, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा आदि प्रमुख क्षेत्रों पर खास ध्यान दिया जा रहा है।

इस मौके पर उन्होंने पनसप की इस बात पर सराहना की कि अदारे की तरफ से अपनी आय बढ़ाने के लिए अमृतसर, बठिंडा, लुधियाना, श्री मुक्तसर साहिब, बरनाला, जालंधर और खरड़ (मोहाली) में एल. पी. जी. गैस एजेंसियाँ चलाने की पहलकदमी की गई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अदालतों में अदारे के लम्बित मामलों में कमी लाने पर विशेष ध्यान दिया जाये।

मंत्री ने अधिकारियों को अदारे में काम करते इंस्पेक्टरों की मीटिंग जल्द बुलाने की हिदायत करते हुए यह भी कहा कि गोदामों में पड़े अनाज की देखभाल करने की तरफ खास ध्यान दिया जाये क्योंकि यह अनाज किसानों की तरफ से खून-पसीना एक करके पैदा किया गया है।

इस मौके पर पनसप की एम. डी. अमृत कौर गिल की तरफ से श्री कटारूचक्क का इस बात के लिए धन्यवाद किया गया कि पनसप की तरफ से आटा-दाल स्कीम के लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए यूनियन बैंक आफ इंडिया के 350 करोड़ रुपए के कर्जे का भुगतान करके सरकार की तरफ से अदारे को वित्तीय राहत दी गई।

इस मौके पर पनसप के चेयरमैन बलबीर सिंह पन्नू भी मौजूद थे।

## *टू मीडिया महिला काव्य मंच" की गोष्ठी*

***ब्रज में मची धूम है,होली है...-डॉ पुष्पा जोशी***

**समाचार निर्देश ब्यूरो नई दिल्ली**। 1 मार्च। टू मीडिया महिला काव्य मंच की काव्य गोष्ठी मंच के संस्थापक डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति जी के सानिध्य एवं महिला काव्य मंच की अध्यक्ष डॉ.गीतांजलि नीरज अरोड़ा "गीत" की अध्यक्षता में सम्पन हुवी।

साहिबाबाद स्थित 'टू मीडिया' के स्टूडियो में आयोजित गोष्ठी में दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा सहित दिल्ली एन सी आर महिला साहित्यकारों ने भाग लिया।काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ॰ नीरजा मेहता 'कमलिनी' एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में मंच की संरक्षिका सूक्ष्म लता महाजन,डॉ॰ वीणा मित्तल, डॉ॰ पुष्पा जोशी जी उपस्थित रही।कार्यक्रम का शुभारम्भ सुश्री रुबी शोम की सरस्वती वंदना एवं माँ शारदे के आगे दीप प्रज्वलित करके हुआ। उपरांत अतिथियों के स्वागत से हुआ । शानदार मंच संचालन सुश्री लक्ष्मी अग्रवाल ने किया।


काव्य गोष्ठी में डॉ. पुष्पा जोशी ने होली पर बेहतरिन रचना प्रस्तुत की- -ब्रज में मची धूम है, होली है होली.....

मीनाक्षी भसीन जी की रचना-
स्पर्श मेरे मन को करते, मेरे साजन मेरे साजन....सुनाकर काफी तालिया बटोरी।

डॉ. नीरजा मेहता "कमलिनी" ने कहा-आज मुझ गृहणी का मन बावरा हो गया है...

## हरियाणा : नूंह जिले में 3 दिन बाद शुरू हुई इंटरनेट सेवाएं, संप्रदायिक तनाव की आशंका के चलते की गई थी बंद

**समाचार निर्देश ब्यूरो मोहित कोछड़**
नूंह -नूंह जिले में पिछले 3 दिनों से इंटरनेट सेवाएं बंद की हुई थी। इंटरनेट सेवाओं का बंद होने का मुख्य कारण भिवानी के लोहारू में नासिर-जुनैद कंकाल कांड को लेकर था। नूंह जिले में इस पूरे मामले को लेकर कोई संप्रदायिक तनाव व सामाजिक शांति भंग ना हो। इसको लेकर हरियाणा सरकार द्वारा जिले की इंटरनेट सेवाओं को तीन दिन के लिए बंद कर दिया गया था तथा जिले में धारा 144 लगा दी गई थी।



बताया जा रहा है कि आज सुबह से ही प्रदेश सरकार द्वारा नूंह जिले की इंटरनेट सेवाओं को दोबारा से शुरू कर दिया गया है। इंटरनेट सेवाएं शुरू होने पर जिले के लोगों ने सुकून की सांस ली। इंटरनेट द्वारा काम करने वाले लोगों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से जिस प्रकार इंटरनेट सेवाएं बंद थी जिसकी वजह से उनका काम बंद हो गया था। आज जैसे ही इंटरनेट सेवाएं शुरू हुई है तो लोग अपने काम में लग गए हैं। लोगों को इंटरनेट द्वारा तरह-तरह के काम ऑनलाइन कराने पड़ते हैं, जिसकी वजह से उन्हें कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना यह भी है कि इस तरह के माहौल में इंटरनेट बंद करना उचित था तो वहीं कुछ लोगों का इंटरनेट बंद करने पर भी सवाल किया गया। कुल मिलाकर जिले में अब फिर से इंटरनेट सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। वहीं अभी भी धारा 144 लगी हुई है।

# मृत्यु के बाद भी 4 लोगों को दी नई जिंदगी

**39 वर्षीय व्यक्ति ने मृत्यु के बाद लिवर, किडनी, अग्न्याशय और हृदय दान कर मानवता की नई मिसाल पेश की। भारत में प्रति दस लाख लोगों में महज 0.26 प्रतिशत लोग ही अंगदान करते हैं।**

**समाचार निर्देश ब्यूरो नई दिल्ली-** पूर्व दिल्ली में मयूर विहार के 39 वर्षीय मणिकंदन अयप्पन को धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल हॉस्पिटल के इमर्जेंसी वॉर्ड में ले जाया गया। किसी कारण गिरने से इंटरक्रेनियल रक्तस्त्राव और दौरे के चलते उनकी मृत्यु हो गई, फिर उनके परिवार को इसके बारे में बताया गया और अंगदान को लेकर सलाह दी गई, जिससे वह अपनी मृत्यु के बाद भी किसी और व्यक्ति को जीवन दे सके। आखिरकार उनके पिता उनके अंगों के दान के लिए तैयार हो गए। डॉक्टरों ने नोटो के अनुसार उसके लिवर, किडनी, अग्न्याशय और हृदय को दान देने के अनुकूल बताया, जो इस प्रकार के अंगों में खराबी के चलते अन्य 4 लोगों को नया जीवन दे सकता था। 28 फरवरी 2023 को जिस युवा लड़की को लीवर दिया गया है वो लगभग 5 वर्षों से लीवर फेलियर की समस्या से ग्रसित थी और उसका जीवन घर के चार दीवारों में ही फंस कर रह गया था। वहीं जिस महिला को किडनी दान किया गया है उसने किडनी फेल होने के कारण अपनी नौकरी छोड़ दी थी और पिछले 1.5 वर्षों से अस्पताल में डायलिसिस पर थी। अब धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में ट्रांसप्लांट किए गए अंगों से दोनों मरीजों नया जीवन मिलेगा। अन्य अंगों को ट्रैफिक पुलिस, कानून व्यवस्था पुलिस और पूर्वी दिल्ली के अधिकारियों के सहयोग से विभिन्न अस्पतालों में ग्रीन कॉरिडोर की मदद से नोटो के माध्यम से अन्य जगह स्थानांतरित किया गया।

धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के विशेषज्ञों की टीम में डॉ. संजय गोजा (लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन), डॉ. मनीष गर्ग (न्यूरोसर्जन), आशुतोष भारद्वाज (क्रिटिकल केयर), डॉ. शफीक अहमद (यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट) डॉ शामिल हैं। एल के झा (नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट), डॉ. यासिर रिजवी (नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट), डॉ. मनीष टंडन (एनेस्थीसिया), डॉ. महेश (हेपेटोलॉजिस्ट), डॉ. नवीन कुमार (हेपेटोलॉजिस्ट) ने मिल कर ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आंकड़ों के मुताबिक हर साल लगभग 1.8 लाख लोग गुर्दे की समस्या से पीड़ित होते हैं, वही गुर्दे के प्रत्यारोपण की संख्या लगभग 6000 तक ही रहती है। भारत में हर साल लगभग 2 लाख लोगों की मृत्यु लीवर फेलियर या लीवर कैंसर से होती है, जिनमें से लगभग 10-15 प्रतिशत को समय पर लिवर ट्रांसप्लांट से बचाया जा सकता है। इसलिए भारत में हर साल करीब 25-30 हजार लीवर ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, लेकिन करीब एक हजार पांच सौ ही हो पाते हैं।

कमांडर नवनीत बाली, रीजनल डायरेक्टर, नारायणा हेल्थ नॉर्थ ने बताया कि हम मणिकंदन और उनके परिवार को इस महान कार्य के लिए सलाम करते हैं। उन्होंने कहा जिस रोगी को किडनी के द्वारा नया जीवन मिला है वह एक वर्ष से भी अधिक समय से डायलिसिस पर था और जिस लड़की को लीवर प्राप्त हुआ है वह लगभग 5 वर्षों से लीवर की बीमारियों से जूझ रही थी। इतने सालों से लीवर फेलियर से पीड़ित एक युवा लड़की को प्रत्यारोपण के माध्यम से अब नया जीवन मिलेगा, प्रत्यारोपण को प्रक्रिया को जा रही है। वह पहले एक सरकारी शिक्षिका थी, जिसे किडनी फेल होने के कारण अपनी नौकरी छोड़नी पड़ी थी।

## मिलेट्स महोत्सव का आयोजन गौरी पैलिस उत्सव ग्रह में संम्पन्न होगा

**समाचार निर्देश जालौन ब्यूरो चीफ डा0 यल बी सिंह**
**उरई - जालौन** - इन्टरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के तत्वाधान में दो दिवसीय किसान मेला / मिलेट्स महोत्सव का आयोजन गौरी पैलेस उत्सव गृह जालौन रोड उरई में किया जा रहा है। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कृषकों से आगामी सीजन खरीफ एवं रबी में मिलेट्स / पौष्टिक अनाज की खेती करने एवं इन्हें अधिक से अधिक उपयोग में लाने की अपील की गयी। साथ ही साथ मनुष्य के शरीर में पोषक तत्वों की कमी को उल्लेख करते हुये मिलेट्स का उपयोग अधिक से अधिक करने एवं उत्पादन में वृद्धि हेतु अपील की गयी मिलेट्स खरीफ सीजन की फसलें होने पर खरीफ में मिलेट्स की फसलों से आच्छादन बढ़ाने पर जोर दिया गया। अन्ना पशुओं पर जोर डालते हुये बताया कि खरीफ सीजन में अन्ना पशु गौ आश्रय स्थल में रहेंगे।

भारतीय भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूर्यनायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उप कृषि निदेशक , जिला कृषि अधिकारी, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र सहित सम्बन्धित विभागों से जनपद स्तरीय अधिकारी तथा अधिक संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

## *बाबा उमाकान्त जी ने बताये देश में शराबबंदी और मांसबंदी के फायदे*

**राजसमंद (राजस्थान)**
निजधामवासी बाबा जयगुरुदेव जी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी, जीवन के महत्त्वपूर्ण निर्णयों में भी अब तो बाय डिफॉल्ट पूरी दया जारी कर रखने वाले, अपने भक्तों की भौतिक हो या आध्यात्मिक- तरक्की की राह प्रशस्त करने वाले, पूरे जीवन के अनुभव के निचोड़ को पहले ही बता, सिखा कर अनेकानेक तकलीफों से बचाने वाले, भारत देश की जल्दी और स्थाई तरक्की के सरलतम उपाय बताने वाले, दुनिया की समस्याओं को दूर करने वाले, इस समय के पूरे समरथ सन्त सतगुरु, परम दयालु, त्रिकालदर्शी, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 3 अक्टूबर 2021 सांय उज्जैन आश्रम में दिए व अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि वक्त के वैद्य, डॉक्टर, टीचर और सतगुरु की जरूरत पड़ती है। आपके दादाजी को किसी मास्टर जी ने पढ़ा कर कलेक्टर कमिशनर बना दिया, ऊंचे ओहदे पर पहुंचा दिया था लेकिन अब तो वह नहीं रहे। तो अब दूसरे मास्टर के पास आपको जाना ही पड़ेगा। वक्त के गुरु को खोज, तेरे भले की कहूं। वक्त के गुरु की जरूरत होती है। गुरु महाराज (बाबा जयगुरुदेव) पूरे समरथ गुरु थे। इन्होंने जीवों के लिए जितना काम किया, जितनों को अपनाया उतना आज तक आये हुए सभी सन्तों ने नहीं किया। जीवों को अपनाने में, उनकी अंतरात्मा की सफाई करने में बहुत मेहनत पड़ती है। शरीर, कपड़ा, गाड़ी गंदी हो जाए तो आप धो सकते हो लेकिन अंतरात्मा की सफाई हर कोई नहीं कर सकता है। उसके लिए पलटू साहब ने कहा- धोबिया वह मर जाएगा, चादर लीजिए धोये; चादर लीजिए धोये, भाई वो बहुत पुरानी; चल सतगुरु के घाट, बहे जहाँ निर्मल पानी। उनके अंदर ऐसा निर्मल पानी होता है कि अंतरात्मा की सफाई कर देते हैं। जब तक अंतरात्मा की सफाई नहीं होगी, कर्म साफ नहीं होंगे तब तक यह जीवात्मा ऊपर नहीं जा सकती है।

***पार्टनरशिप में झगड़ा होता है***
महाराज जी ने 1 अक्टूबर 2021 सांय उज्जैन आश्रम में बताया कि आपको सब बात (सतसंग में) बताई जाती है। लालच में पड़ कर पार्टनरशिप में धंधा कर लेते हो, रुपया-पैसा दूसरे को दे देते हो। समय पर वापस नहीं देता है, हजम कर जाता है। पार्टनरशिप में झगड़ा होता है, लालच में पड़ोगे तो घर का भी चला जाएगा। बताई गयी चीज को अमल नहीं करते हो। छोटी-छोटी चीज को पूछते हो कि घर बना लें? घर नहीं बनाओगे तो कहां रहोगे? घर बना लो। कहा जाता है कि आपको मिल जाए तो नया घर बना लो, पुराना घर मत लो। झगड़े की जमीन, मकान, प्रोप्टर्टी मत खरीदो। एक्सीडेंटल या पुरानी ज्यादा चली हुई गाड़ी मत खरीदो। और भी सब बातें बताई जाती है लेकिन आप सतसंग सुनो तो आपको जानकारी होगी। जो गाँव में यूट्यूब पर पड़े सतसंग नहीं सुन पाते हैं, उन्हें जिम्मेदार लोग मोटी बातें बता दो तो बहुत समस्यायें सुलझ जाएँगी।

*देश में शराब मांस बंद होने से क्या फायदा है*
महाराज जी ने 6 सितंबर 2021 सायं राजसंमद (राजस्थान) में बताया कि देश में अगर शराब और मांस को बंद कर दिया जाए तो रोग, लड़ाई-झगड़ा, अपराध और भ्रष्टाचार कम हो जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट से हुई युवक की मौत के मामले में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**समाचार निर्देश ब्यूरो बादली/बहादुरगढ़**
झज्जर पुलिस की एक टीम द्वारा गहनता से कार्रवाई करते हुए थाना बादली क्षेत्र में मारपीट से हुई एक युवक की मौत के मामले में दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की गई है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रबंधक बादली निरीक्षक बाबूलाल ने बताया कि मृतक युवक के पिता श्रीपाल निवासी आसौदा सिवान ने शिकायत देते हुए बताया कि उसका लड़का कंप्यूटर का कोर्स करने के लिए बहादुरगढ़ जाता था। 22 फरवरी 2023 को उसका लड़का अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने दोस्त से मिलने के लिए गांव गंगडवा गया हुआ था। वापस आते समय जब वह लुकसर स्कूल के सामने बादली रोड पर पहुंचे तो वहां पर 8/10 लोगों ने इनका रास्ता रोककर डण्डों/बिट्टो से मार पिटाई की। मार पिटाई में लगी चोटों से गंभीर रूप से घायल उसके लड़के की 25 फरवरी 2023 को मौत हो गई। शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ थाना बादली में आपराधिक मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि युवक की हत्या की उपरोक्त वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक झज्जर श्री वसीम अकरम ने मामले की गहनता एवं तत्परता से जांच की कार्रवाई करने तथा मामले के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के कड़े दिशा निर्देश किए गए थे। एसपी के दिशा निदेर्शानुसार उपरोक्त मामले पर गहनता से कार्रवाई करते हुए थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम द्वारा दो आरोपियों को काबु किया गया। पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करके वांछित दो आरोपियों को उनके गांव जर्दकपुर से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों की पूछताछ में पहचान अनिल व करतार दोनों निवासी जर्दकपुर जिला झज्जर के तौर पर की गई। पकड़े गए आरोपियों ने प्राथमिक पूछताछ में उपरोक्त मामले का खुलासा किया। गिरफ्त में आए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों को माननीय अदालत बहादुरगढ़ में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए डंडे बरामद किए गए। पूछताछ के पश्चात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों को अदालत में पेश किया गया। माननीय अदालत के आदेशानुसार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट परीक्षा नकल विहीन कराये जाने के उद्देध्य से गोपनीय छापेमारी की गई अनुपस्थित पाये गए कर्मचारियों पर दंडात्मक कारवाही

**समाचार निर्देश जालौन ब्यूरो चीफ डा0 यल बी सिंह**
**जालौन - उरई** - माध्यमिक शिक्षा परिषद उ०प्र० प्रयागराज द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा वर्ष 2023 की हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट परीक्षाओं को शान्तिपूर्ण एवं नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उप जिलाधिकारी कालपी द्वारा परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान ग्राम दमरास व निवहना में स्थित इण्टर कालेजों में बिना पूर्व सूचना के बेसिक शिक्षा के अधीन अध्यापक / अनुदेशक / शिक्षामित्र अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने अनुपस्थित अध्यापको / शिक्षामित्रों / अनुदेशकों पर कार्यवाही की।

1. श्री रमेश बाबू शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालय खडगुई महेवा के मानदेय आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाई गई है।
2. श्री संजय सिंह अनुदेशक उच्च प्राथमिक विद्यालय दमरास, महेवा के मानदेयक आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाई गई है।
3. श्री महेश कुमार शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालय भिटारी, महेवा के मानदेय आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाई गई है।
4. श्रीमती सुनीता कुमारी शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालय मधापुर महेवा के मानदेय आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाई गई है।
5. श्रीमती लक्ष्मी देवी शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालय मडैया महेवा के मादेय आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाई गई है।
6. श्री कृष्ण कुमार सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय नरहान महेवा को एक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।
7. श्रीमती रचना कुमारी स०अ० प्राथमिक विद्यालय निबहना, महेवा को एक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।
8. मानसी गुप्ता स०अ० प्राथमिक विद्यालय निबहना, महेवा को एक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।
9. श्री छत्रपाल सिंह स०अ० उच्च प्राथमिक विद्यालय गढगुवा, महेवा को एक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।
10. शोभा देवी स०अ० प्राथमिक विद्यालय उरकराकला, महेवा को एक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।
11. श्री राघवेन्द्र सिंह स०अ० प्राथमिक विद्यालय उरकराकला. महेवा को एक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई
12. श्री प्रवीण कुमार स०अ० प्राथमिक विद्यालय अभैदेपुर, महेवा को एक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।
13. श्रीमती अमृता स०अ० प्राथमिक विद्यालय निबहना महेवा को एक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।

### बाप बनाता रहा नाबालिग को हवस का शिकार, मां निभाती रही पति का साथ, ऐसे खुला राज

सब कुछ जानते हुए मां भी बेटी को उसके पिता के चंगुल से बचाने की बजाय अधर्मी पति से पति धर्म निभाती रही। लड़की के पुलिस की शरण में पहुंचने के बाद दोनों को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट के रास्ते भोंडसी जेल भेज दिया गया।

रेवाड़ीः दिनेश स्वामी रेवाड़ी जिले के एक गांव में हवस का भूखा भेड़िया बाप अपनी नाबालिग लड़की को लगातार तीन साल तक दुष्कर्म का शिकार बनाता रहा। लड़की को चुप रहने के लिए वह उसके हाथ पैर काटने की धमकी देता रहा। सब कुछ जानते हुए मां भी बेटी को उसके पिता के चंगुल से बचाने की बजाय अधर्मी पति से पति धर्म निभाती रही। लड़की के पुलिस की शरण में पहुंचने के बाद दोनों को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट के रास्ते भोंडसी जेल भेज दिया गया।

गांव की रहने वाली लड़की 12वीं कक्षा की परीक्षा देने के लिए रेवाड़ी आई थी। तीन साल से पिता की यातनाओं से तंग आई छात्रा परीक्षा देने की बजाय महिला थाने पहुंच गई। पुलिस ने लड़की की व्यथा सुनते हुए पहले उसकी परीक्षा दिलाई। लड़की ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि पिता उसके साथ लगभग तीन साल से दुष्कर्म करता रहा है।













# सहायक कृषि अभिंयता कार्यालय से प्रमाण पत्र प्राप्त कर ही किसान खरीदें ट्रैक्टर-सहायक कृषि अभिंयता नवीन हुड्डा



**सोनीपत ब्यूरो चीफ (उमेश कुमार ) कृषि एवं** किसान कल्याण विभाग द्वारा एसबी-89 स्कीम के अंतर्गत अुनदान पर ट्रैक्टर प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले जिन किसानों ने 10 जनवरी तक पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किए थे। ऐसे सभी किसानों का चयन बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी द्वारा ऑनलाईन ड्रा के माध्यम से किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार किसानों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है, जिससे पात्र किसानों को सीधे फायदा पहुंच रहा है। सरकार द्वारा किसानों को हर वर्ष अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध करवाए जाते हैं। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के किसानों को अनुदान पर ट्रैक्टर मुहैया करवाने के लिए एसबी-89 स्कीम के तहत 10 जनवरी 2023 तक ऑनलाइन फॉर्म आमंत्रित किए गए थे। इसके पश्चात सरकार द्वारा आवेदन करने वाले किसानों से 16 से 23 जनवरी तक दस हजार ऑनलाइन सिक्योरिटी राशि जमा करवाई गई थी। उन्होंने बताया कि जिले में विभागीय पोर्टल पर 343 किसानों की सूचि प्राप्त हुई है जिन्होंने सिक्योरिटी राशि जमा करवाई है, जिनमें से ट्रैक्टर पर अनुदान के लिए जिला में 27 किसानों का चयन ऑनलाईन ड्रा के माध्यम से किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप-निदेशक अनिल सहरावत ने बताया कि इस स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को 35 होर्स पॉवर से अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर 50 प्रतिशत या तीन लाख रुपये जो भी कम होगा अनुदान राशि दी जाएगी। ऑनलाइन ड्रा के तहत ट्रैक्टर पर अनुदान के लिए 27 किसानों का चयन कर लिया गया है और सभी किसानों की प्रतीक्षा सूची बनाई गई है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों का चयन ऑनलाईन ड्रा के माध्यम से किया गया है वे सभी अपने दस्तावेज 03 मार्च 2023 तक बींसवा मील चौंक से सेवली रोड़ स्थित सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में जमा करवाकर कार्यालय से ट्रैक्टर खरीद को लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे। इस दौरान सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा ने बताया कि चयनित किसानों कार्यालय से प्रमाण पत्र प्राप्त कर ही अपना ट्रैक्टर खरीदें। उन्होंने कहा कि चयनित किसान द्वारा जो दस्तावेज सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में जमा करवाने हैं उनमें इस स्कीम के तहत किए हुए रजिस्ट्रेशन के बाद प्राप्त रसीद, मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण की कॉपी, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, पांच साल तक ट्रैक्टर को न बेचने का स्वयं घोषण पत्र तथा बैंक खाते की कॉपी आदि शामिल है।

# युवा संवाद-भारत @ 2047 कार्यक्रम के लिए 14 मार्च तक करें आवेदन-जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया

**सोनीपत । आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में युवा मामले और** खेल मंत्रालय व उसके स्वायत्त संगठन व नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा 01 अप्रैल से 31 मई 2023 तक देश भर के सभी जिलों में समुदाय आधारित संगठनों (सीबीओ) के माध्यम से युवा संवाद- भारत @ 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संदर्भ में जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश अपने लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का जश्न मना रहा है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में युवा संवाद- भारत ञ्च 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए इच्छुक सीबीओ 14 मार्च तक अपने आवेदन नेहरू युवा केन्द्र में जमा करवा सकते हैं। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिला नेहरु युवा केंद भी जिला के विभिन्न सीबीओ (समुदाय आधारित संगठन) के सहयोग और समर्थन युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एक टाउन हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ/ज्ञानी व्यक्ति पंच प्रण पर चर्चा करेंगे और उसके बाद न्यूनतम 500 युवा प्रतिभागियों की भागीदारी के साथ प्रश्नोत्तर सत्र होगा। इस कार्यक्रम के लिए जो भी सीबीओ आवेदन करना चाहते हैं, वे गैर-राजनीतिक, गैर-पक्षपातपूर्ण इतिहास वाले होंगे और उनके पास युवा संवाद कार्यक्रम का संचालन करने के लिए पर्याप्त संगठनात्मक ताकत होगी।

# सोनीपत में कोविड रोधी वैक्सीन का आंकड़ा हुआ 23 लाख के पार-उपायुक्त

**सोनीपत ब्यूरो चीफ (उमेश कुमार ) उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि केन्द्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय के को-वीन पोर्टल के आधार पर कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में सोनीपत जिला ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए कोविड रोधी वैक्सीन का 23 लाख से अधिक डोज का आंकड़ा पार कर लिया है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग व जिलावासी बधाई के पात्र है। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि कोरोना को रोकने के लिए वैक्सीन सबसे बड़ा हथियार है। जिला में कोविड रोधी टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग विभिन्न टीकारकरण केन्द्र बनाए गए है जहां पर निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने अब तक कोविड टीकाकरण नहीं करवाया या जिनकी दूसरी डोज लगनी है। वह सभी अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर टीकाकरण अवश्य करवाएं। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब तक अब तक 23 लाख 63 हजार 310 जिला में 12 लाख 99 हजार 326 को लगी पहली व 10 लाख 02 हजार 136 को लगी दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। इसके अलावा 61848 लोगों को बूस्टर डोज लगाई जा चुकी है ।

# सांसद रमेश कौशिक के ससुर ओपी कौशिक का बीमारी के चलते हुआ निधन

## गन्नौर के जनता स्कूल के पास स्थित श्मशान घाट में किया गया अंतिम संस्कार

**गन्नौर(सोनीपत ब्यूरो चीफ उमेश कुमार ) सांसद रमेश कौ**शिक के ससुर ओपी कौशिक का बीमारी के चलते बुधवार को निधन हो गया। शाम को गन्नौर में जनता स्कूल के पास स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया, अंतिम यात्रा के दौरान सांसद रमेश कौशिक, नगर पालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी, माईराम कौशिक सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सांसद ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। भगवान शोक



संतप्त परिवारों को हिम्मत दें और यह असीम दुख सहने की ताकत प्रदान करें। वे अपने पिछे दो बेटे अनिल कौशिक व मुकेश कौशिक और एक बेटी लक्ष्मी देवी को छोड़ गए हैं।

# जीवीएम की छात्रा प्रीति ने बीकॉम के छठे सैमेस्टर में विश्वविद्यालय स्तर पर हासिल किया 10वां स्थान

## जीवीएम की नौ छात्राओं ने बीकॉम के छठे, चौथे व दूसरे सैमेस्टर में टॉप-20 सूची में दर्ज करवाया नाम



**सोनीपत ब्यूरो चीफ (उमेश कुमार ) महर्षि दयानं**द विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा घोषित बीकॉम के छठे सैमेस्टर के परीक्षा परिणामों में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्रा प्रीति ने 3600 में से 2902 (80.61 प्रतिशत) अंकों के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर 10वां स्थान हासिल किया। साथ ही जीवीएम की नौ छात्राओं ने बीकॉम के छठे, चौथे व दूसरे सैमेस्टर के परिणामों में विश्वविद्यालय की टॉप-20 सूची में नाम दर्ज करवाया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने मैरिट सूची में शामिल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने बताया कि विश्वविद्यालय ने बीकॉम के छठे सैमेस्टर के साथ चौथे और दूसरे सैमेस्टर के परीक्षा परिणाम भी घोषित किए हैं। जीवीएम की छात्राओं ने सभी सैमेस्टरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणामों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बीकॉम के छठे सैमेस्टर में प्रीति ने दसवां तथा हर्ष राठी ने 3600 में से 2823 (78.42 प्रतिशत) अंक लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर 20वां स्थान प्राप्त किया।

बीकॉम के चौथे सैमेस्टर में ईशा जैन ने 600 में से 514 (85.67 प्रतिशत) अंक लेते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर दूसरा स्थान, अपर्णा ने 504 (84.00 प्रतिशत) अंक लेकर 5वां स्थान, तान्या ग्रोवर ने 497 (82.83 प्रतिशत) अंक अर्जित कर 8वां, खुशी ने 486 (81.00 प्रतिशत) अंक हासिल कर 15वां स्थान तथा रितिका ने 481 (80.17 प्रतिशत) अंक लेते हुए 19वां स्थान और सिमरन ने 600 में से 480 (80.00 प्रतिशत) अंकों के साथ 20वां स्थान प्राप्त किया।

इनके साथ ही बीकॉम के दूसरे सैमेस्टर में तान्या ने 600 में से 470 (78.33 प्रतिशत) अंक लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर 17वां स्थान हासिल किया। इस मौके पर स्नातकीय वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष एवं डीन डा. सुमन नासा सहित प्राध्यापिका डा. आशा चावला, डा. सोनिया मित्तल, चारू सूद, डा. सर्वजीत सैनी तथा सरिता ने भी विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में शामिल छात्राओं को बधाई दी।

# जिले में बुधवार को नहीं मिला कोरोना से संक्रमित कोई भी पोजिटिव केस- उपायुक्त सिवाच

**सोनीपत ब्यूरो चीफ (उमेश कुमार ) उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि बुधवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई भी नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59915 हो गया है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 638 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोई भी कोरोना एक्टिव केस नहीं है।

जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निदेर्शों की पालना अवश्य करे।

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो चैम्पियनशिप में प्रताप स्पोर्ट्स क्लब खरखौदा के आदर्श ने स्वर्ण पदक जीता।

**ऑल इंडिया** इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो चैम्पियनशिप जो कि चंडीगढ़ में आयोजित हुई जिसमें प्रताप स्पोर्ट्स क्लब खरखौदा के आदर्श ने 83 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक विजेता आदर्श का विद्यालय प्रागंण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल खरखौदा, प्राचार्या दया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व कोच विनोद गुलिया ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। सभी ने आदर्श को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी तथा भविष्य में और भी



अच्छा प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने बताया हमारे विद्यालय के विद्यार्थी निरंतर किसी ने किसी खेल में पदक प्राप्त कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर 3 पदक व राज्य स्तर पर भी 4 पदक प्राप्त कर प्रदेश व सोनीपत जिले का नाम रोशन कर चुका है। आदर्श के पिता राजेश जो कि किसान हैं ने बताया कि मेरा बेटा पिछले 7 साल से विद्यालय छात्रावास में रहकर खेल का अभ्यास करता है। अपने बेटे के चहुँमुखी विकास के लिए उसने अपने बेटे का प्रवेश प्रताप विद्यालय में करवाया था जिसके परिणामस्वरूप आज मेरा बेटा राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने में सफल रहा है। मैं इस सफलता का श्रेय प्रताप स्कूल प्रबंधन समिति को देता हूँ। आदर्श ने अपनी सफलता का श्रेय छात्रावास में मिलने वाले पौष्टिक भोजन, अपनी कडी मेहनत, कुशल प्रशिक्षण व प्रताप विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया।












## संक्षिप्त खबरें

### सोनीपत ट्रैफिक पुलिस ने शहर सोनीपत में पटाका वाली बुलेट मोटरसाइकिल के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए फरवरी माह में किये 69 चालान

**सोनीपत ब्यूरो चीफ (उमेश कुमार ) पुलिस आयुक्त सोनीपत श्री बी. सतीश बालन के** निदेर्शानुसार सोनीपत ट्रैफिक पुलिस ने पटाका मारने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों के खिलाफ एक अभियान चलाया है। जिसके तहत हर रोज सोनीपत शहर में पटाका मारने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों के चालकों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में फरवरी माह में कार्यवाही करते हुए शहर सोनीपत में 69 बुलेट मोटरसाइकिलों के चालान कर 38 मोटरसाइकिलों को जब्त किया गया है।

इस अवसर पर इंचार्ज सिटी ट्रैफिक सोनीपत निरीक्षक विकास ने बतलाया की आजकल कुछ असामाजिक तत्व बुलेट मोटरसाइकिलों में कुछ फेरबदल करवाकर उनसे पटाखों की आवाज करते हैं। जिनसे आमजन में भय का माहोल व ध्वनि प्रदूषण भी होता है। और यह ट्रैफिक नियमों के भी विरुद्ध है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ हरियाणा पुलिस ने यह मुहीम चलाई है। और यह मुहीम आगे भविष्य में भी जारी रहेगी। इन वाहनों के चालान भी किये जायेंगे व जरुरत पड़ने पर इन्हें जब्त भी किया जायेगा।

### सोनीपत पुलिस ने नेशनल हाइवेज पर गलत लेन में ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ चलाया विशेष अभियान, फूल देकर वाहन चालकों को गलत लेन में न चलने बारे किया जागरूक

**सोनीपत ब्यूरो चीफ (उमेश कुमार ) पुलिस कमिश्नर सोनीपत श्री बी. सतीश** बालन के निदेर्शानुसार सोनीपत पुलिस ने आज जिला सोनीपत के अंतर्गत आने वाले सभी नेशनल हाइवेज पर ट्रैफिक रूल्स तोड़ने व गलत लेन में ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ दिनांक एक मार्च से 31 मार्च 2023 तक एक अभियान चलाया है। जिसमे आज एक अद्भूत प्रयोग करते हुए ट्रैफिक पुलिस सोनीपत ने गलत लेन में चलने वाले व विपरीत दिशा में चलने वाले वाहन चालकों को फूल देकर उन्हें ट्रैफिक रूल्स की पालना के लिए उत्साहित किया है।

इस अवसर पर इंचार्ज ट्रैफिक मुरथल निरीक्षक राजबीर सिंह ने बतलाया है की पुलिस कमिश्नर सोनीपत श्री बी. सतीश बालन के निदेर्शानुसार यह अदभुत प्रयोग किया जा रहा है जिसमे फूल देकर पहले दिन वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जायेगा। गलत लेन में ड्राइविंग करते हुए वाहन चालक अक्सर हादसों के शिकार हो जाते हैं व दूसरों की भी जान जोखिम में डालते हैं। ऐसे वाहन चालकों को सोनीपत पुलिस ने ट्रैफिक नियमो के प्रति जागरूक करने के लिए आज फूल देकर यह मुहीम चलाई है। बाद इन वाहनों के चालान भी किये जायेंगे व जरुरत पड़ने पर इन्हें जब्त भी किया जायेगा। इस सम्बन्ध में सोनीपत पुलिस स्कूल, कॉलेज, ट्रक यूनियन, कैंटर यूनियन आदि में जाकर छात्रों व आमजन को भी ट्रैफिक नियमो के बारे जागरूक करेगी।

### सोनीपत पुलिस ने आज हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में किया छात्राओं को साइबर अपराध से जागरूक

**सोनीपत ब्यूरो चीफ (उमेश कुमार ) आऐ दिन बढ़ रहे साइबर क्राइम से जागरूक** करने के लिए सोनीपत पुलिस ने आज हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में किया छात्राओं को जागरूक किया है पुलिस की इस मुहिम से एक तरफ जहां अपराध पर अंकुश लगेगा वही आमजन भी जागरूक हो रहे हैं।

साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए सोनीपत पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया है। जिसके माध्यम से पुलिस की टीमें सामुहिक स्थलों पर जाकर आमजनों को जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में आज साइबर सेल सोनीपत की टीम ने हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के अनेक तरीके बताएं हैं।

साइबर सेल सोनीपत के इंचार्ज जोगिन्दर सिंह ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश मे जितना तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए नए तरीके सामने आ रहे है। इनको सुलझा कर दोषियों को सजा दिलाना पुलिस के लिए बड़ी चुनोती हैं । खुद को ठगों से बचने के लिए जरूरी हैं जागरूकता व सतर्कता यदि आप स्मार्टफोन रखते है तो हम आपको कुछ ऐसे एप्लीकेशंस के बारे में बताएंगे जिनके माध्यम से ठग मिनटों में आपके खाते की रकम साफ कर रहे हैं। ठग बैंक या किसी अन्य विभाग के अधिकारी बनकर कॉल करते हैं व आपसे कोई ऐसी एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए कहेंगे ऐप डाउनलोड होने के बाद वह आपसे आईडी व पासवर्ड पूछेंगे जो इन एप्लीकेशन में जरनेट होता है । जैसे ही आप आईडी , पासवर्ड शेयर करते हैं आपका मोबाइल पर ठग का नियंत्रण हो जाएगा एप्लीकेशन मोबाइल एवं कंप्यूटर दोनों पर काम करता है । और यह एप्लीकेशन आपके मोबाइल में इंस्टॉल करा देते हैं तो इसका मतलब यह है कि आपने अपने मोबाइल का ऑपरेटिंग सिस्टम उसके हाथ में दे दिया आपके फोन का पर्सनल डाटा लेकर अन्य एप्लीकेशन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं । इसलिए किसी की भी अपना ओटीपी न, न बताए। सस्ते लोन के चक्कर मे आकर किसी के झांसे में न आये।

### सोनीपत पुलिस के कर्मचारी की बेटी ने जूनियर आल इंडिया इंटर साई प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक, पुलिस आयुक्त सोनीपत ने किया सम्मानित

**सोनीपत ब्यूरो चीफ (उमेश कुमार ) पुलिस** आयुक्त सोनीपत श्री बी. सतीश बालन ने सोनीपत पुलिस की कर्मचारी की बेटी के जूनियर आल इंडिया इंटर साई प्रतियोगिता की तायक्वोंडो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर उसे आज अपने कार्यालय में बुला कर सम्मानित किया है व उसे उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें भी दी हैं।

इस सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस लाइन सोनीपत में नियुक्त महिला सिपाही सुमन जो की मूलरूप से गाँव फरमाणा जिला सोनीपत की निवासी है और फिलहाल पुलिस लाइन सोनीपत के सरकारी आवास में अपने परिवार सहित रह रही है। महिला सिपाही सुमन की बेटी सपना गहलावत ने दिनांक 24 फरवरी से 26 फरवरी तक दिल्ली के इंदिरा गाँधी स्टेडियम में आयोजित आल इंडिया इंटर साई प्रतियोगिता की तायक्वोंडो स्पर्धा के अंडर 63 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

पुलिस आयुक्त सोनीपत श्री बी. सतीश बालन ने सपना का होंसला बढ़ाते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों के बच्चे जब ऐसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मैडल जीतते हैं तो विभाग के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण होता है व विभाग का सिर गौरवान्वित हो जाता है। मैं आशा करता हूँ कि हमारी यह बेटी एक दिन अन्तराष्ट्रीय स्तर पर सोनीपत पुलिस, हरियाणा प्रदेश व देश का नाम रोशन करेगी।

### सोनीपत पुलिस की शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं पर रोक के लिए आज भी पैदल गश्त जारी

**सोनीपत ब्यूरो चीफ (उमेश कुमार )जिले** में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए व आमजन से बेहतर तालमेल बढ़ाने के लिया पुलिस आयुक्त सोनीपत श्री बी. सतीश बालन के निदेर्शानुसार सोनीपत पुलिस की शहर व ग्रामीण क्षेत्र में पैदल गश्त आज भी जारी है। पैदल गश्त का समय शाम चार बजे से नौ बजे रखा गया है। इससे लोगों के बीच पुलिस की उपस्थिति बढ़ने के साथ ही नए संपर्क सूत्र भी जुड़ेंगे।

# झज्जर पुलिस ने साईबर अपराध व हैल्पलाईन नम्बर 1930 के बारे मे छात्राओं को जागरुक करने के लिए 1930 मीटर की वॉकाथन रैली का किया आयोजन

## वैश्य महिला कॉलेज लाइनपार बहादुरगढ़ में रैली के दौरान छात्राओं तथा आमजन को पोस्टर, बैनर व पंपलेट आदि के माध्यम से किया गया जागरूक




**समाचार निर्देश ब्यूरो बहादुरगढ़:** बुधवार को झज्जर पुलिस द्वारा साइबर अपराध से सुरक्षा व बचाव के प्रति आमजन को जागरूक करने को मद्देनजर रखते हुए 1930 मीटर की वॉकाथन रैली का आयोजन किया गया। थाना लाइनपार बहादुरगढ़ के एरिया में स्थित वैश्य महिला कॉलेज से शुरू हुई 1930 मीटर की वॉकाथन रैली में बड़ी संख्या में कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। विशेष रूप से आयोजित वॉकाथन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर थाना प्रबंधक साइबर क्राइम झज्जर निरीक्षक सतीश कुमार, थाना प्रबंधक लाइनपार बहादुरगढ़ निरीक्षक रामकरण, कॉलेज प्रिंसिपल राजवंती, लेक्चरर प्रवेश दहिया, डॉ भारती मिश्रा व अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। वॉकाथन रैली कॉलेज से शुरू होकर आसपास के एरिया से होते हुए वापिस कॉलेज में आकर संपन्न हुई। रैली में शामिल सभी छात्राएं हाथों में साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के पोस्टर व बैनर लिए हुए थे।

हेल्पलाइन नंबर 1930 की जागरूकता बारे आयोजित वॉकाथन रैली के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रबंधक साइबर क्राइम झज्जर निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि आमजन को साईबर अपराध से बचाव तथा हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे मे जागरुक करने के लिए लाइनपार बहादुरगढ़ जिला झज्जर में साइबर राहगीरी का आयोजन किया गया। राहगीरी के दौरान कॉलेज की छात्राओं द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1930 की जागरूकता बारे 1930 मीटर की वॉकाथन रैली का आयोजन किया गया। एसपी श्री वसीम अकरम के दिशा निदेर्शानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झज्जर श्रीमती भारती डबास के मार्गदर्शन में साइबर राहगीरी एवं वॉकाथन रैली का आयोजन किया गया। जिससे छात्राओं के साथ साथ आम लोगों को साईबर अपराध के खतरो व उनके बचाव के बारे जागरुक किया जा सके। उन्होंने बताया कि रैली के दौरान आम लोगों को साइबर अपराध के खतरों से बचाव को लेकर पोस्टर, बैनर व पंपलेट इत्यादि के माध्यम से जागरूक किया गया। रैली के दौरान विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर साईबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जागरूकता बारे बड़ी संख्या में पंपलेट भी चस्पाए गए।

उन्होंने बताया कि किसी भी तरह के साइबर अपराध की घटना होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क किया जाना चाहिए। ऑनलाइन धोखाधड़ी अथवा ऑनलाइन किसी प्रकार के वित्तीय नुकसान की घटना होने पर जितना जल्दी 1930 पर संपर्क किया जाएगा, उतना ही वित्तीय नुकसान की भरपाई होने की संभावना बढ़ जाती है। साईबर अपराधों पर अंकुश लगाने व साईबर अपराध बारे आमजन को जागरुक करने के लिए प्रदेश भर मे हर महीने प्रथम बुधवार को साईबर जागरुकता बारे अलग-2 कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मार्च माह के प्रथम बुधवार को झज्जर जिला में साइबर जागरूकता का कार्यक्रम वैश्य महिला कॉलेज लाइनपार बहादुरगढ़ में आयोजित किया गया। साईबर अपराध हैल्पलाईन नम्बर 1930 को आमजन तक पहुचांने के लिए ही 1930 मीटर की वॉकाथन रैली का आयोजन किया गया। ताकि 1930 साईबर अपराध हैल्पलाईन नम्बर के बारे मे हर व्यक्ति जागरुक हो सके व साईबर अपराध से बच सके। कॉलेज की छात्राओं ने रैली के दौरान अपने हाथों में पोस्टर, बैनर लेकर तथा पुलिस के जवानों ने पंपलेट बांटकर व सार्वजनिक स्थानों पर लगाकर साईबर जागरुकता रैली को सफल बनाया।

# फिरौती मांगने व ना देने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले का वांछित एक आरोपी काबू

**समाचार निर्देश ब्यूरो बादली/ बहादुरगढ़**
फिरौती की मांग करने व ना देने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में गहनता से कार्रवाई करते हुए झज्जर पुलिस की एक टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की गई है।

झज्जर पुलिस की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए उपरोक्त मामले के एक आरोपी को बहादुरगढ से काबु किया गया। मामले की जानकारी देते हुए सीआईए टू बहादुरगढ़ के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बादली एरिया में स्थित एक कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों को धमकी देकर फिरौती मांगने के उपरोक्त मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू बहादुरगढ़ की टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि बलवान निवासी बादली ने शिकायत देते हुए बताया था कि उसका पाहसौर कंपनी में गाड़ी खाली कराने का काम है। उसके पास तीन आदमी काम करते हैं।

# हार्ट वॉल्व का ऑपरेशन छोटे-छोटे कट से व बिना ऑपरेशन के भी संभव : एक्सपर्ट

**समाचार निर्देश कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**
**समाचार निर्देश ब्यूरो अमृतसर, 1 मार्च:** आईवीवाई अस्पताल, अमृतसर द्वारा हार्ट वाल्व सर्जरी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और गलत धारणाओं को दूर करने के लिए आज यहां होटल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईवीवाई अस्पताल के चीफ हार्ट सर्जन डॉ पंकज गोयल ने की।
इस दौरान मीडिया से बात करते हुए डॉ गोयल ने विस्तार से बताया कि बाईपास सर्जरी के बाद हार्ट वॉल्व सर्जरी दूसरा सबसे आम ऑपरेशन है। उन्होंने कहा कि बर्थ डिफेक्ट, संक्रमण और बढ़ती आयु जैसे विभिन्न कारणों से हृदय वाल्व की समस्या हो सकती है। भारत में रूमेटिक हृदय रोग सबसे आम कारण बना हुआ है। रोगियों में



आमतौर पर सांस या पल्पिटेशन की समस्या होती है। बीमारी के शुरूआती चरण में दवाओं के साथ इलाज करने की कोशिश की जाती है लेकिन अंततः हृदय वाल्व सर्जरी की आवश्यकता होती है । उन्होंने आगे बताया कि सर्जरी के दौरान क्षति की गंभीरता के आधार पर वाल्व की मरम्मत की जा सकती है या उसे बदला जा सकता है। डॉ गोयल ने इस बात पर भी जोर दिया कि अब वॉल्व का ऑपरेशन छोटे-छोटे कट से और बिना ऑपरेशन के भी संभव है। उन्होंने कहा कि अमृतसर में अब यह नवीनतम तकनीक उपलब्ध है। इस अवसर पर वॉल्व का सफल ऑपरेशन करा चुके पेशेंट ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया हैं कि कैसे वे सर्जरी से डरते थे लेकिन ऑपरेशन के बाद सामान्य जीवन जी रहे हैं।

# सरकार भ्रष्ट अधिकारियों पर जो विश्वास करती है मगर जनता के चुने हुए सरपंचों पर नहीं- बजरंग गर्ग

### पंचायत मंत्री द्वारा बार-बार गलत बयानबाजी से सरपंचों में बड़ी भारी नाराजगी है- बजरंग गर्ग

### सरकार को सरपंचों से बातचीत करके इस समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए- बजरंग गर्ग



**समाचार निर्देश ब्यूरो हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) :** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने कहा कि पंचायत मंत्री द्वारा बार-बार गलत बयानबाजी से सरपंचों में बड़ी भारी नाराजगी है। यहां तक कि अपनी ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बारे में यह कहना कि उनका काम संगठन चलाना है वह संगठन का काम देखे सरकार चलाने का काम हमारा है ऐसे गलत बयानों से यह सिद्ध हो जाता है कि जेजेपी पार्टी में अंदरूनी मतभेद है। सरकार को सरपंचों से बातचीत करके इस समस्या का तुरंत समाधान निकालना चाहिए। श्री गर्ग ने कहा कि सरकार ने सारे अधिकार अपने पास ही रखने थे तो पंचायत चुनाव कराने की क्या जरूरत थी। सरपंच लगभग तीन महीने से अपने अधिकारों के लिए आंदोलन कर रहे हैं जबकि 2 सालों से गांवों में सारे विकास कार्य रुके हुए हैं क्योंकि सरकार ने 2 साल से पहले पंचायत के चुनाव ही नहीं करवाएं। बजरंग गर्ग ने कहा कि जिस प्रकार विधायक व लोकसभा सांसद चुनकर आते हैं इसी प्रकार जनता द्वारा गांव के सरपंचों को चुनती है। यह गांव की छोटी सरकार होती है। सरपंच व गांव के वासी मिलजुल कर गांव के विकास करवाते हैं मगर सरकार ने सरपंचों के अधिकार कम करके सिर्फ 2 लाख रुपए तक के काम करवाने का अधिकार देकर गांव वासियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है।

श्री गर्ग ने कहा कि पंचायत मंत्री द्वारा सरपंचों को बेईमान कहना बहुत घटिया बयान है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए थोड़ी है। इस बात की क्या गारंटी है कि मंत्री ईमानदार है और सरकारी अधिकारी ईमानदार है। एक भी ऐसा सरकारी विभाग नहीं है जहां पर बिना रिश्वत लिए काम होता हो। बजरंग गर्ग ने कहा कि आज हजारों सरपंच व गांव वासियों ने पंचकूला में इकट्ठे होकर ई ट्रेडिंग प्रणाली के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

# अवैध हथियार के मामले का वांछित एक उदघोषित आरोपी गिरफ्तार

**समाचार निर्देश ब्यूरो बहादुरगढ़** झज्जर पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार के मामले में वांछित एक उद्धघोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपी को माननीय अदालत द्वारा अक्टूबर 2022 में उदघोषित आरोपी घोषित किया गया था। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सेक्टर 6 बहादुरगढ़ निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि थाना में दर्ज अवैध हथियार रखने के एक आपराधिक मामले में वांछित एक उदघोषित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वांछित एवं उदघोषित अपराधियों की धरपकड़ के संबंध में एसपी झज्जर श्री वसीम अकरम द्वारा किए गए निर्देशों की पालना करते हुए एक उद्धोषित आरोपी को काबू करने में कामयाबी हासिल की गई। उन्होंने बताया कि थाना में तैनात मुख्य सिपाही मनदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए उद्धोषित एक आरोपी को थाना एरिया में स्थित एक पार्क से काबू किया।

# अब विवाह पंजीकरण उपरांत ही मिलेगा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ : डीसी

**समाचार निर्देश ब्यूरो कोसली ( पवन टूमना )**
मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत सरकार की ओर से दिया जाता है 31 से 71 हजार का शगुन हरियाणा सरकार की ओर से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में गरीब व बेसहारा परिवारों को उनकी बेटी की शादी के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है ताकि गरीब व बेसहारा परिवारों के सिर से बेटी की शादी पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को विवाह पंजीकरण करवाने के उपरांत ही दिया जाएगा, जिसके लिए विवाहित जोड़े की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है।



डीसी अशोक कुमार गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि जो पात्र लाभार्थी परिवार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले शॅ्रं.प्रिॅं.ङ्क५.ल्ल/ पर ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएं। पंजीकरण होने के पश्चात ही विवाहित कन्या के माता-पिता को मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुदान दिया जाएगा। अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपए का लाभ मिलेगा। सभी वर्गों की विधवा महिलाएं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा।

# साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति आमजन को सजग करने के लिए झज्जर पुलिस ने चलाया विशेष साइबर जागरूकता अभियान

**थाना व साइबर हैल्प डैस्क की विभिन्न टीमों द्वारा विभिन्न स्कूलों के अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति किया गया जागरूक**

**समाचार निर्देश ब्यूरो झज्जर**
साइबर क्राइम की घटनाओं को रोकने तथा आमजन को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए झज्जर पुलिस द्वारा बुधवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। आमजन को साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए थाना साइबर क्राइम झज्जर व थाना स्तर पर स्थापित किए गए साइबर हैल्प डैस्क की विभिन्न टीमों द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झज्जर श्रीमती भारती डबास के मार्गदर्शन में थाना साइबर क्राइम झज्जर व साइबर हैल्प डैस्क की विभिन्न टीमों द्वारा आमजन को ऑनलाइन साइबर अपराधों की जानकारी देने व लोगों को साइबर अपराधों के प्रति सजग करने के उद्देश्य से बुधवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया है। एसपी झज्जर श्री वसीम अकरम आईपीएस के दिशा निदेर्शानुसार साइबर क्राइम थाना झज्जर की देखरेख में विशेष अभियान के तहत बुधवार को जिला के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों तथा सार्वजनिक स्थानों पर विद्यार्थियों तथा आम लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। विशेष जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों तथा आम लोगों को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले ठगी के तौर-तरीकों तथा उनसे बचाव व सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां रखने बारे जागरूक किया गया।

जिला के विभिन्न थानों की साइबर हैल्प डैस्क की टीमों द्वारा अभियान के तहत अपने अपने एरिया के सार्वजनिक स्थानों पर आम लोगों को व स्कूलों के स्टाफ तथा विद्यार्थियों को साइबर अपराधों बारे विस्तृत जानकारी दी गई। जानकारी देते हुए साइबर विशेषज्ञों ने बच्चों व स्टॉफ सदस्यों को किसी भी सूरत में अपने बैंक खाता से संबंधित कोई भी जानकारी अथवा पासवर्ड या डळढ इत्यादि को किसी से भी शेयर ना करने , डछ पर कुछ भी सामान खरीदने या बेचने की सुरत में रुपये प्राप्त करने या देने वाले लिंक पर क्लिक न करने, किसी अनजान के कहने पर कोई भी ऑनलाइन ट्रांजैक्शन न करने, किसी भी अनजान नंबर से आई वीडियो कॉल को रिसीव ना करना, एम आधार एप्लीकेशन से अपने फिंगरप्रिंट व बायोमेट्रिक को लॉक करना तथा साइबर अपराध से सुरक्षा के अन्य तौर-तरीकों बारे जागरूक किया गया। उपरोक्त के अलावा विभिन्न टीमों द्वारा आम लोगों से आव्हान करते हुए कहा गया कि फर्जी फोन कॉल या एसएमएस पर नोकरी या लॉटरी का झांसा देना अथवा ऑनलाइन फार्म या कोरियर प्राप्त करने से सम्बंधित कॉल आने पर व्यक्तिगत जानकारी साँझा नहीं की जानी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### करीना ने बच्चों का समयबद्ध टीकाकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया

**गाजियाबाद।** ग्लैक्सोस्मिथक्लीन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने आज प्रतिष्ठित अभिनेत्री और दो बच्चों की मां करीना कपूर खान को अपने नवीनतम डिजिटल अभियान ह्यफैसला सही, जिंदगी सहीह्व से जोड़ने का एलान किया है। इस अभियान के तहत जीएसके ने माता-पिता से बच्चों के लिए बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा बताए गए टीके समय पर लगवाने का आह्वान किया है। नवजात शिशुओं के लिए ही नहीं, बल्कि एक साल और उससे आगे की उम्र में भी टीकाकरण का उतना ही ध्यान रखा जाना चाहिए। इस डिजिटल फिल्म में करीना जीवन के उन पलों के बारे में बात करती हैं, जो सही समय पर टीका नहीं लगवाने के कारण बच्चे अक्सर गंवा देते हैं।
इस अभियान के बारे में करीना कपूर खान ने कहा, ह्यमैं जीएसके जैसी भरोसेमंद कंपनी के साथ मिलकर बच्चों के टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल का हिस्सा बनकर खुश हूं। एक मां के रूप में मैं अपने बच्चों को स्वस्थ एवं खुश देखना चाहती हूं। जब मैं बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा बताए हुए टीके अपने बच्चों को सही समय पर लगवाती हूं तो असल में मैं उन्हें कई बीमारियों से बचाने का प्रयास करती हूं।ह्व
बचपन में होने वाले फ्लू, मेनिंजाइटिस, चिकन पॉक्स और हेपेटाइटिस ए जैसे संक्रमण बच्चों के लिए खतरनाक हो सकते हैं और कुछ मामलों में बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराने की स्थिति भी हो जाती है। इससे बच्चों के विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। टीकाकरण बच्चों को इन खतरनाक संक्रमणों से बचाने और उनके जीवन को स्वस्थ रखने में सहायता कर सकता है।
ग्लैक्सोस्मिथक्लीन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट-मेडिकल अफेयर्स डॉ. रश्मि हेगड़े ने कहा, ह्यपिछले साल देश में कुछ ऐसी बीमारियों के मामले सामने आए थे, जिनसे टीका लगाकर बचना संभव होता है। उदाहरण के तौर पर पिछले साल मई से नवंबर के बीच देशभर में खसरा के 11,000 से ज्यादा मामले सामने आए थे।इसी तरह अगस्त, 2022 में महाराष्ट्र में स्वाइन फ्लू और अक्टूबर, 2022 में कोटा में हेपेटाइटिस ए के मामले देखे गए थे।यह चिंता की बात है, क्योंकि भविष्य में भी इस तरह के मामले आ सकते हैं। बचाव के लिए जरूरी है कि सभी बच्चों का टीकाकरण समय पर हो। हमने यह अभियान ऐसी बीमारियों के बारे में जागरूकता लाने के लिए शुरू किया है, जिनसे वैक्सीन के माध्यम से बचना संभव है। हम माता-पिता को जागरूक करेंगे कि बाल रोग विशेषज्ञ की सलाह के अनुरूप समय पर अपने बच्चों का टीकाकरण कराएं।

### वाहनों से रिश्वत लेने के आरोप में एक हेड कांस्टेबल और दो एसपीओ गिरफ्तार

**समाचार निर्देश जुबैर खान नूंह**
नूंह मेवात जिला की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम ने पुन्हाना क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों से रिश्वत लेने एक मामले में एक कांस्टेबल और दो एसपीओ को गिरफ्तार किया है। जिसमें सोमवार को हेड कांस्टेबल राजेश को पहले गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। वहीं मंगलवार को देर शाम (एसपीओ) स्पेशल पुलिस आफिसर रामबाबू व महेंद्र को गिरफ्तार किया गया। इस बारे में बुधवार को उक्त दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करने से पूर्व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो नूंह के इंस्पेक्टर जयपाल ने बताया कि यह मामला बीते 28 नवंबर 2022 का है जिसमें उक्त हेड कांस्टेबल व दोनों एसपीओ संलिप्त पाए गए है। 28 नवंबर 2022 को उनकी टीम ने इस मामले में पुन्हाना खंड के नीमखेड़ गांव के पूर्व सरपंच साकिर को गिरफ्तार किया था। उक्त सरपंच इन पुलिस जवानों से सांठगांठ कर ओवरलोड वाहनों से अवैध वसूली कर नाके से निकालने का कार्य करते थे। इस मामले में अब जांच के आधार पर ये सभी दोषी पाए गए है। जांच में उक्त आरोपी अपने फोन पे और गूगल पे के माध्यम से 100 से 200 तक ट्रांसफर्र कराते थे। अब पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों को धर दबोचा है। उन्होंने बताया कि आरोपी हेड कांस्टेबल राजेश नूंह सिटी में तैनात है तो वहीं (एसपीओ) स्पेशल पुलिस आफिसर रामबाबू और महेंद्र पुन्हाना में पुलिस राइडर पर तैनात थे। इस मामले में पूर्व में साकिर सरपंच की गिरफ्तारी की बाद से ही पुलिस टीम जांच में जुटी थी तभी जाकर अब इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### फुट ओवर ब्रिज निर्माण से नागरिक अस्पताल से ट्रामा सेंटर के बीच आवाजाही होगी आसान

**समाचार निर्देश ब्यूरो कोसली ( पवन टूमना )**
एफओबी निर्माण कार्य के चलते अब 3 मार्च को खोला जाएगा ट्रैफिक जिला प्रशासन की ओर से आमजन की सुविधा के मद्देनजर शहर के नागरिक अस्पताल के सामने ट्रामा सेंटर को जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के चलते अब वाहन चालकों के लिए 2 मार्च सुबह की बजाए 3 मार्च को ट्रैफिक खोला जाएगा।
डीसी अशोक कुमार गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन की ओर से फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य पूरा करने की डेडलाइन पहले 2 मार्च निर्धारित की गई थी, एफओबी का थोड़ा कार्य शेष रहने के चलते आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन की ओर से अब 3 मार्च को ट्रैफिक खोलने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि एफओबी निर्माण से नागरिक अस्पताल से ट्रामा सेंटर की राह आसान होगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि वे एफओबी निर्माण अवधि के दौरान जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट का प्रयोग करते हुए अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंग करते अलग-अलग स्थानों से 02 आरोपी काबू

**समाचार निर्देश ब्यूरो बेरी**
झज्जर पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए 02 आरोपियों को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंग करते हुए अलग-अलग स्थानों से काबू किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के संबंध में एसपी श्री वसीम अकरम द्वारा किए गए दिशा निदेर्शों की पालना करते हुए पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग स्थानों से 02 आरोपियों को सरेआम शराब पीकर हुड़दंग करते काबू किया।

# जी-20 देशों के प्रतिनिधि मंडल के आगमन से पूर्व की गई व्यवस्थाओं व सुरक्षा प्रबन्धों का रिहर्सल के दौरान एडीजीपी ममता सिंह ने लिया जायजा

**समाचार निर्देश ब्यूरो झज्जर**
झज्जर जिला में आगामी 4 मार्च को जी-20 देशों के प्रतिनिधि मंडल के प्रस्तावित झज्जर जिला में आगमन के मध्येनजर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये गए हैं। झज्जर पुलिस द्वारा किए गए सुरक्षा प्रबंधों के तहत चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगाह रखने तथा व्यवस्थाओ को बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। आगामी 4 मार्च 2023 को जिला झज्जर में विश्व के चुनिंदा देशों के नेताओं व अधिकारियों के प्रतापगढ़ फार्म में प्रस्तावित दौरे के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुलिस द्वारा किये गए सुरक्षा प्रबन्धों की रिहर्सल



की गई। रिहर्सल के दौरान व्यवस्थाओ का अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रोहतक मंडल रोहतक श्रीमती ममता सिंह, जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक श्री वसीम अकरम व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित यशवर्धन तथा जिला के अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा बारीकी से जायजा लिया गया। रिहर्सल के दौरान विदेशी मेहमानों के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए एडीजीपी श्रीमती ममता सिंह ने व्यवस्थाओ संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रिहर्सल के दौरान सुरक्षा प्रबंधों के तहत झज्जर गुरुग्राम रोड, शहर झज्जर व आसपास तथा प्रतापगढ़ फार्म के इलाका सहित झज्जर क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर कड़ी नजर रखने के लिये पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक उपकरणों के साथ तैनात किया गया। झज्जर शहर, प्रतापगढ़ फार्म व आसपास के इलाका की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के मद्देनजर किए गए सुरक्षा प्रबंधों के तहत अलग-अलग चिन्हित स्थानों पर विशेष सुरक्षा नाके लगाए गए हैं।

# जी-20 की शानदार मेजबानी और गुड गवर्नेंस से हरियाणा को मिली अंतरराष्ट्रीय मंच पर सराहना

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** गुरुग्राम में बुधवार से आरंभ हुई जी-20 शिखर सम्मेलन की एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में हरियाणा सरकार को अच्छी मेजबानी तथा गुड गवर्नेंस के लिए आईटी आधारित सेवाओं से नागरिकों को मिल रही सुविधाओं के लिए प्रशंसा मिली। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे तकनीक के प्रति सदैव जागरूक रहते हैं और उनके कार्यकाल में हरियाणा में गुड गवर्नेंस की दिशा में अनेक सफल प्रयोग हुए है। देश के अन्य राज्यों ने भी हरियाणा के सफल कार्यक्रमों का अनुसरण किया है। केंद्रीय राज्य मंत्री डाक्टर जितेन्द्र सिंह ने बुधवार को यह बात जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक का शुभारंभ करने के उपरांत गुरुग्राम में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय राज्यमंत्री डाक्टर जितेन्द्र सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को इस साल जी-20 देशों की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है। जी-20 समूह की एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप (एसीडब्ल्यूजी) की पहली बैठक में भारत भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस सुनिश्चित करने और वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार से निपटने को लेकर जी-20 प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने के लिए एकीकृत कार्रवाई की फिर से पुष्टि करेगा। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत सरकार की प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान सरकार पर किसी प्रकार के भ्रष्टाचार का दाग नहीं है और बीते आठ वर्षों के दौरान ईडी व अन्य एजेंसियों की कार्रवाई में 180 बिलियन डॉलर काले धन को रिकवर कर देश के विभिन्न बैंकों में वापस जमा किया गया है। उन्होंने भ्रष्टाचार को एक वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि यह संसाधनों के प्रभावी उपयोग व समग्र प्रशासन को प्रभावित करता है और गरीब व हाशिये पर रहने वाले लोगों को सबसे अधिक प्रभावित करता है। भ्रष्टाचार एक वैश्विक चुनौती है। इसलिए इस पर अंकुश लगाने के प्रयास भी सामूहिक तौर पर होने चाहिएँ। उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता की विषयवस्तु-वसुधैव कुटुंबकम, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का उल्लेख करते हुए वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार से निपटने की दिशा में जी-20 की प्रतिबद्धताओं को मजबूती देने पर जोर देने की बात भी कही। केंद्रीय राज्य मंत्री डाक्टर जितेन्द्र सिंह ने गुरुग्राम की भूमि को पवित्र मानते हुए उम्मीद जाहिर की है कि इस बैठक में लिए जाने वाले संकल्प आगे चलकर सिद्ध होंगे। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत की जी-20 अध्यक्षता के साथ आगे बढ़ते हुए पहली भ्रष्टाचार-रोधी कार्य समूह की बैठक आयोजित की है। उन्होंने आगे बताया कि गुरुग्राम में इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान 20 सदस्य देशों, 10 आमंत्रित देशों और 9 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के मध्य अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार-रोधी तंत्र को मजबूत करने पर विस्तृत विचार-विमर्श होगा। इस बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने व आर्थिक अपराधों से निपटने के लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान, भ्रष्टाचार और आर्थिक अपराधों से संबंधित संपत्ति रिकवरी तंत्र को मजबूत करने व आपराधिक मामलों में घरेलू कानून प्रवर्तन अधिकारियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए मौजूदा पारस्परिक कानूनी सहायता ढांचे में सुधार और तंत्र को सरल बनाने पर व्यापक विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसीडब्ल्यूजी की पहली बैठक के तहत सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए आईसीटी का लाभ उठाने पर एक साइड इवेंट भी जारी रहेगा। इसका उद्देश्य पूरे विश्व में भ्रष्टाचार से लड? में आईसीटी की भूमिका और भारत की ओर से भ्रष्टाचार को कम करने व इसके समाधान के लिए अपनाई गई नागरिक केंद्रित पहलों के बारे में विस्तार से जानकारी मिलेगी।



## संक्षिप्त खबरें

### महाशिवरात्रि पर पेश किया महामृत्युंजय मंत्र, जिसे सोनू निगम जी ने आवाज दी

**सोनीपत।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन - जेटसिंथेसिस की डिजिटल मनोरंजन शाखा ने महामृत्युंजय मंत्र के लिए संगीत वीडियो लॉन्च किया।

इस महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा दर्शकों को वीडियो में गतिशील दृश्यों के साथ सोनू निगम द्वारा किए गए इस महान शक्तिशाली मंत्रोच्चारण में डूबने का मौका मिलेगा। महामृत्युंजय मंत्र एक 'मोक्ष' मंत्र माना जाता है जो अमरता और दीघार्यु प्रदान करता है, ऐसा माना जाता है कि महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और गहरा प्रभाव पड़ता है। महामृत्युंजय मंत्र की इस म्यूजिक वीडियो के बारे में बात करते हुए, सोनू निगम कहते हैं, "बाजार में कई महामृत्युंजय मंत्र पाठ हैं, लेकिन मैंने अभी तक इसका पूर्ण संस्करण नहीं सुना है। मैंने इस विषय पर कुछ शोध किया और पाया कि महामृत्युंजय मंत्र जो की २ भाग में होता है वह अपने दूसरे भाग के बिना अधूरा है। वही दूसरा भाग मैंने अपने संस्करण में शामिल किया है। मैंने इस महामृत्युंजय मंत्र को इसके सही अंकन और उच्चारण में पढ़ा है, जैसा कि मूल रूप से हमारे प्राचीन ऋषियों द्वारा कहा गया था। मेरे लिए पूर्ण संस्करण द्वारा निर्मित माहौल कल्पना से परे है।"

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए जेटसिंथेसिस के संस्थापक और सीईओ, राजन नवानी ने कहा, ह्नहम सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ यह संस्करण शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। हनुमान चालीसा की अद्भुत सफलता ने हमें अपने श्रोताओं के लिए इस तरह के और अधिक गहरे अनुभव लाने के लिए प्रोत्साहित किया है और हमें उम्मीद है कि दर्शक महामृत्युंजय मंत्र के प्रति भी अनुकूल प्रतिक्रिया देंगे। इसके अतिरिक्त, यह साझेदारी जेटसिंथेसिस के ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के विकास को गति देगी क्योंकि हम इस क्षेत्र में निवेश करना जारी रखेंगे। दर्शक साल भर में हमसे कुछ शानदार लॉन्च की उम्मीद कर सकते हैं।

### शीतला माता मंदिर में 9 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित होगा चैत्र मेला : एसडीएम प्रदीप सिंह

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** गुरुग्राम के शीतला माता मंदिर में 9 मार्च से 6 अप्रैल तक चैत्र मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले के आयोजन को लेकर माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बोर्ड के मुख्य प्रशासक एवं सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह ने चैत्र मेले के आयोजन को लेकर बृहस्पतिवार को मंदिर परिसर में संबंधित अधिकारियों तथा बोर्ड के सदस्यों की एक बैठक बुलाई है। बैठक की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गुरूग्राम का शीतला माता मंदिर उत्तर भारत में श्रद्धालुओं में विशेष स्थान रखता है और हरियाणा के अलावा राजस्थान, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में माता के दर्शन करके आशीर्वाद लेने आते हैं। ऐसे में बृहस्पतिवार को आयोजित होने वाली बैठक में मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने, शहर के मुख्य आवागमन स्थलों जैसे बस अड्डे व रेलवे स्टेशन से मंदिर तक सुगम आवाजाही, मेले के दिनों में मंदिर में साज-सज्जा के साथ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा श्रद्धालुओं के लिए अस्थाई व मोबाइल शौचालयों तथा पेयजल आदि की पूरी व्यवस्था करने की संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी।

### 3 मार्च से 10 मार्च तक मनाया जाएगा विश्व श्रवण सप्ताह : सिविल सर्जन डाक्टर वीरेंद्र यादव

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** सिविल सर्जन डाक्टर वीरेंद्र यादव ने बताया कि जिला में 3 से 10 मार्च तक विश्व श्रवण सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व श्रवण सप्ताह 2023 की थीम ह्यइयर एंड हिअरिंग केयर फॉर ऑलह्न पर आधारित है। इस सप्ताह के दौरान जिला की सभी सीएचसी, पीएचसी और जिला अस्पताल में लोगों को कर्ण(कान) रोग के बारे में बताया जाएगा। साथ ही कान की देखभाल के प्रति जागरूकता लाने हेतु शिविर भी लगाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि कर्ण रोग से बचाव एवं इसके उपचार की जानकारी को जनसामान्य तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अभियान की नोडल अधिकारी एवं उप सिविल सर्जन डॉ. प्रिया शर्मा ने बताया कि लोगों को कानों से संबंधित बीमारियों के बारे में अधिक जानकारी नहीं होती। ऐसे में 3 मार्च को स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस अभियान की शुरूआत की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र(पीएचसी) व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र(सीएचसी) पर आयोजित किए जा रहे शिविरों में रोगियों का चयन कर उन्हें जिला अस्पताल में भेजा जाएगा। जिला अस्पताल गुरुग्राम में नियोनेटल हियरिंग स्क्रीनिंग सहित हियरिंग असेसमेंट एंड स्पीच थेरेपी उपलब्ध है। इस दौरान यदि आवश्यक हुआ तो दवाओं और सर्जरी के रूप में उपचार भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्व श्रवण दिवस प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को दुनिया भर में बहरेपन और श्रवण हानि को रोकने और कान और सुनने की देखभाल को बढ़ावा देने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है। प्रत्येक वर्ष, विश्व स्वास्थ्य संगठन इसकी थीम तय करता है और साक्ष्य-आधारित समर्थन सामग्री जैसे ब्रोशर, फ्लायर्स, पोस्टर, बैनर, इन्फोग्राफिक्स और प्रस्तुतियाँ विकसित करता है। इन सामग्रियों को दुनिया भर में सरकार और नागरिक समाज के साथ-साथ डब्लूएचओ क्षेत्रीय और देश के कार्यालयों में भागीदारों के साथ साझा किया जाता है।

### खेलो इंडिया स्माल सेंटर्स खोलने के लिए 7 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** हरियाणा खेल विभाग ने खेलो इंडिया को राज्य के अन्य स्थानों पर पहुंचाने की पहल करते हुए ह्यखेलो इंडिया स्माल सेंटर (केआईसी) सरकारी संगठन स्थापित करने के लिए खेलो इंडिया के पास्ट पैरा चैम्पियन एथलीट्स से आवदेन आमंत्रित किए हैं। खेल विभाग के प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि स्माल सेंटर्स खोलने के खेलो इंडिया के पास्ट पैरा चैम्पियन एथलीट संबंधित जिला खेल अधिकारी कार्यालय में 7 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

## टयूशन पढ़ने गया छात्र रहस्यमय तरीके से गायब-पुलिस ने किया मामला दर्ज

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** मिलेनियमसिटी जनपद के गांव बादशाहपुर में अपने परिवार के साथ स्टेट बैंक के समीप रह रहा शिक्षा ग्रहण करने वाला एक छात्र घर से टयूशन जाते वक्त अचानक रहस्यमय तरीके से गायब हो गया है। जब छात्र का आसपास और जानकारों में खोज के बावजूद कही पता नही चला तो परिजनों ने पुलिस में छात्र के गायब होने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अब छात्र को खोजने में जुटी है। सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त नवीन कुमार सिंधू के अनुसार सोहना के गांव बादशाहपुर में स्टेट बैंक के समीप रहने वाली एक महिला ने बादशाहपुर पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि उसका पुत्र घर से सुबह टयूशन के लिए गया था। उन्हे पता चला कि वह टयूशन नही पहुंचा और ना ही शाम तक घर आया। छात्र की मां ने बताया कि परिजनों ने सोचा कि अपनी किसी दोस्त के घर चला गया होगा।

थोड़ी देर में आ जाएगा लेकिन जब छात्र देर रात तक वापिस घर पर नही आया तो उन्हे चिंता हुई। उन्होने आस-पडोस के मोहल्ले और पुत्र के दोस्तों, परिचितों, जानकारों सभी के पास फोन कर छात्र के बारे में पता किया तो कोई सुराग हाथ नही लगा। तब छात्र को ढूंढने के लिए खोजबीन शुरू की गई लेकिन उसका कोई पता-सुराग नही लगा।

## प्रदेश के धावकों के लिये देश की पहली स्नो मैराथन का न्योता

**12 मार्च को देश के कोने कोने से हिमाचल के लाहौल में जुटेंगे मैराथनर्स,**

**मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु बढ़ायेंगें धावकों का उत्साह**

**अम्बाला**, ह्यस्नो मैराथन लाहौलह्न के पहले संस्करण की अपार सफलता के बाद इसका दूसरा संस्करण आगामी 12 मार्च 2023 को जिला लाहौल और स्पीति स्थित अटल टनल नॉर्थ पोर्टल के निकट सिस्सू में आयोजित किया जा रहा है। जिला लाहौल और स्पीति प्रशासन तथा रीच इंडिया के सहयोग से होने वाले इस आयोजन में पुरुषों और महिलाओं के लिये 42 किलोमीटर की फुल, 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन, दस किलोमीटर और पांच किलोमीटर की मैराथन होंगीं। यह आयोजन भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट से मान्यता प्राप्त है।



आयोजक गौरव शिमर ने बताया इस दौरान हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु मैराथन में भाग लेकर धावकों का उत्साह बढ़ायेंगें। भारत विश्व की उन दस स्नो और आईस मैराथन में शामिल हो गया जहां इस सहासिक खेल का आयोजन होता है। मूलतः यह आयोजन आर्किटिक सर्कल, नॉर्थ पोल की लोकेशंस जैसे साईबेरिया, अंटार्टिका आदि स्थनों में होता है। गत वर्ष मार्च 26, 2022 को देश में पहली बार इस सफल आयोजन से हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति को लगभग दस हजार फीट सबसे ऊंची स्नो मैराथन करवाने का गौरव प्राप्त हुआ जिसे इस वर्ष भी कायम किया जा रहा है।

सभी धावकों को चोटिल होने या किसी भी अप्रिय घटने से बचाने के लिये मोहाली स्थित फोर्टिस डॉक्टरों और पैरामेडिकल की टीम आयोजन से एक दिन पहले और दौरान दो एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस के साथ मेडिकल सुरक्षा प्रदान करेगी।

स्नो मैराथन के मुख्य सलाहकार कर्नल अरुण नटराजन जो भी भारतीय सेना के एविएटर हैं, के अनुसार, स्नो मैराथन, भारत में मैराथन, अल्ट्रारन्स, आईरनमैन कंपीटिशन के बाद दौड़ के अगले स्तर का प्रतिनिधित्व करता है।

## 99 .93 करोड़ की लागत से बनेगा 11 मंजिला आयकर भवन : विधायक सुधीर सिंगला

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** भाजपा विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट की माने तो मिलेनियमसिटी में जल्द ही आयकर विभाग का 11 मंजिला नया भवन बनेगा, जिसमें यहां कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। भूमि पूजन के साथ 11 मंजिला भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। जिससे विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ आयकरदाता व अधिवक्ता सभी लाभान्वित होंगे। आयकर विभाग ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से 2.3 एकड़ भूमि खरीदी है। जिस पर मल्टीलेवल स्टोरी की तर्ज पर कार्यालय बनेगा। कार्यालय निर्माण पर 99.93 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। यह कार्यालय वर्ष-2025 तक बनकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। भाजपा विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट की माने तो आयकर विभाग का गुरूग्राम रेंज केन्द्र सरकार को सालाना रुप में 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व देता है। उन्होने बताया कि आयकर विभाग का 11 मंजिला नया भवन बनाने के लिए सेक्टर उनत्तीस में 2.3 एकड़ जमीन संबंधित विभाग द्वारा खरीद ली गई है। इसी भूमि पर 11 मंजिला भवन बनेगा। जिस पर निर्माण कार्य में 99.93 करोड़ रुपए की लागत आएगी। भवन को ग्रीन प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि इस 11 मंजिला भवन को पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके। इस 11 मंजिला भवन में अधिवक्ताओं से लेकर आने वाले लोगों के बैठने की बेहतर व्यवस्था होगी। साथ ही कैंटीन और क्रेच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। वकीलों के लिए अलग से बार रूम होगा। पार्किंग की भी बेहतर सुविधा मिलेगी। आयकर अधिकारियों और कर्मचारियों के रहने के लिए सेक्टर तरेपन में पौने छह एकड़ भूमि पर मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनाई जाएगी। इस सोसायटी में अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए सभी सुविधाओं युक्त 223 फ्लैट बनाए जाएंगे। भाजपा विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट की माने तो मौजूदा वक्त में आयकर विभाग कार्यालय एचएसआईआईडीसी भवन में चल रहा है। इस मौके पर सोहना व्यापारमंडल संघ के



### महिला स्पेशल बस बंद होने से छात्राएं व महिलाएं हो रही परेशान : महेश घोडारोप



गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता) : एक तरफ केन्द्र व प्रदेश सरकार ह्यबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्न और ह्यबेटी पढ़ेगी-तभी देश आगे बढ़ेगाह्न की बात कर रही है तो वही दूसरी ओर शिवनगरी सोहना शहर से जिला मुख्यालय गुरूग्राम के सेक्टर चौदह महिला कॉलेज के लिए पहले से चल रही महिला स्पेशल बस को बंद कर दिया गया है। यह बस राज्य परिवहन की तरफ से चलाई जा रही थी। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी महेश घोडारोप का कहना है कि सोहना से रोडवेज बसअडडे और महिला कॉलेज तक जाने वाली महिला स्पेशल बस को बंद किए जाने से मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार की दोगली नीतियों का भांड़ाफोड़ हो रहा है। वही सोहना से गुरूग्राम कॉलेज जाने वाली छात्राओं और नौकरीपेशा महिलाओं को आवाजाही के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पर्व को और मीठा बना देते है होली के हार-नवविवाहिता के सपने पति के हाथों मिले होली के हार से होते है साकार

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** होली के कई रंग है रंगबिरंगे। रंगों से सरोबार इस पर्व को प्यार के विभिन्न रंगों से सजे होली के हार और भी अधिक मीठा बना देते है। शादी के बाद एक नवविवाहिता के सपने उसके मायके में शगुन पर पति के हाथों मिले इन होली हारों पर साकार होते है।

बहनों को भी होली पर्व का बेसब्री से इंतजार होता है क्योंकि भाई उनके शगुन को होली हार से सजाकर उनकी ससुराल पहुंचाते है लेकिन होली हार का कारोबार मंदी के दौर से अछूता नही रहा है। महंगाई के इस जमाने में व्यापार को भी ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है। गंगा-यमुना के बीच की तहजीब में रंगों व होली हार के बिना होली की बात करना बेमानी है। बता दें कि होली पर्व से एक सप्ताह पूर्व ही शहर सोहना होली के विभिन्न रंगों से सरोबार होने लगता है। होली पर्व पर शगुन देने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

इन होली के रंग-बिरंगे हारों में नवविवाहिता के लिए उसके पति का प्यार सिमट जाता है। यहां पर चली आ रही प्राचीन परंपरा के अनुसार दुल्हन पहली होली अपने मायके में मनाती है, जहां पति के घर आए शगुन में होली हार का विशेष महत्व होता है। इस दिन पति के घर से आए शगुन का दुल्हन बेसब्री से इंतजार करती है।

## सर्वोदय पब्लिक स्कूल में हुआ शिक्षाप्रद व रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** मारूतिकुंज के मोहननगर में सर्वोदय पब्लिक स्कूल का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्यातिथि रूप में हरियाणा भाजपा के संगठन मंत्री रविंद्र राजू मौजूद रहे। वही विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेशमंत्री संदीप राघव, भाजपा जिला महामंत्री मनीष गाडोली, भाजपा जिलासचिव निधि राघव, महेश यादव, पिंकी तोमर मौजूद रही। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके की गई। इस मौके पर बोलते हुए आरबीएसएम विद्यालय निर्देशक भागीरथ राघव ने भरोसा दिया कि यह स्कूल अपने क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्रदान करेगा। वही सर्वोदय स्कूल के निर्देशक अमित कुमार ने बताया कि हम अपने क्षेत्र में सभी वर्गों के बच्चों को कम पैसे में अच्छी शिक्षा प्रदान करेंगे और उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, योगा को बढ़ावा देंगे। अमित कुमार ने स्कूल के प्रधानाचार्य शत्रुघ्न राघव, उपप्रधानाचार्य अंजलि जैन व स्कूल के सभी अध्यापकों को एक परिवार मानते हुए बताया कि स्कूल किसी एक इंसान से नहीं चलता। इसके लिए हम सबको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी और बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर एक बेहतर समाज का निर्माण करना होगा।



## गैस सिलेंडरों के दामों में की गई वृद्धि वापिस ले केन्द्र सरकार : कांग्रेस नेता अमित गुर्जर

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** कांग्रेस पार्टी में बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित गुर्जर बिस्सर ने केन्द्र सरकार और भाजपा को गरीब विरोधी बतलाया है। उन्होने गैर सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर के दामों में प्रति सिलेंडर 50 रुपए तथा कमर्शियल सिलेंडर पर एकदम 350 रुपए की बढ़ोतरी को जनविरोधी ठहराते हुए बिना सब्सिडी वाली गैस पर बढाये गए दामों को तत्काल प्रभाव से वापिस लिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के काम में आने वाले गैस के दामों में की गई बढ़ोतरी से महंगाई बढ़ेगी और भाजपा का हाथ गरीबों के साथ होने का दावा करने वाली भाजपा शासित केन्द्र सरकार ने बिना सब्सिडी वाली गैस के दामों में बढ़ोतरी कर अपने जनविरोधी चेहरे को बेनकाब कर दिया है। उन्होंने ऐसे संकेत भी दिए है यदि केन्द्र सरकार ने बिना सब्सिडी वाली गैस के दामों मे की गई मूल्य वृद्धि को वापस ना लिया तो जनहित में कांग्रेस केन्द्र की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन चलाएगी। कांग्रेस पार्टी में बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित गुर्जर बिस्सर ने कहा कि केन्द्र सरकार के इशारे पर गैस कंपनियां बार-बार रसोई गैस की दरों में बढ़ोतरी कर रही है। गैस सिलेंडरों की कीमतों में की गई वृद्धि से साफ हो गया है कि केन्द्र सरकार की गरीबों, आम लोगों से कोई हमदर्दी नही है। सरकार ने रातोंरात चोरी-छिपे अंदाज में गैर सब्सिड़ी वाले सिलेंडरों के दाम बढ़ा दिए। पहले भी वक्त-वक्त पर सिलेंडर के दामों में कई बार बढ़ोतरी की गई है। भाजपा सरकार में खाद्य सामग्री और दूसरी चीजों के दामों में वृद्धि के चलते कीमतें आसमान छू रही है। उन्होने कहा कि महंगाई व भ्रष्टाचार से निजात का दम भरने वाली भाजपा सरकार का असली चेहरा लोगों के सामने आ गया है। गरीबों को दाल तो दूर चटनी से दो वक्त की रोटी खाना दुश्वार बन गया है। सरकार के लिए जा रहे निर्णय जनविरोधी साबित हो रहे है। कांग्रेस पार्टी में बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित गुर्जर बिस्सर का कहना है कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और गरीब विरोधी चेहरे की असलियत उजागर करने के लिए वह अपने साथी युवाओं की टोलियां लेकर गांव-गांव जाएंगे और कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ आम जनता को भाजपा और जजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराते हुए बताएगी कि दोनों पार्टियों की नीतियां कितनी जनविरोधी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने महंगाई को बढ़ावा देकर लोगों की नाक में दम कर दिया है। पूरा दिन मेहनत करने के बावजूद गरीब परिवार चटनी से भी रोटी नहीं खा पा रहा है जबकि पूंजीपति और ज्यादा धनाढय होते जा रहे है। सरमाएदारों और मुनाफाखोरों की मौज बन आई है।



### घर से डयूटी पर गया युवक संदिग्ध हालत में लापता-पुलिस ने किया मामला दर्ज

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** सोहना हलका के एक गांव में रहने वाला एक युवक अपने घर से डयूटी पर जाते समय संदिग्ध हालत में लापता हो गया है। हालांकि परिजनों ने पहले अपने स्तर पर युवक को ढूंढने के लिए अथक प्रयास किए लेकिन जब युवक का कही सुराग हाथ नही लगा तो पुलिस को युवक के गायब होने की शिकायत दी गई। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश निवासी गांव खरखड़ी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि उनका पुत्र नवीन वेयरहाउस में काम करता है। वह सुबह घर से वेयरहाउस जाने के लिए निकला था लेकिन शाम तक घर वापिस नही लौटा। उसके मोबाइल पर संपर्क किया तो मोबाइल बंद मिला। उन्होने कंपनी वेयरहाउस और सभी नजदीकी रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता-सुराग हाथ नही लगा।

# सोहना में विभिन्न राजनेताओं ने भारद्वाज परिवार को बंधाया ढांढ़स-दी सांत्वना

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): मिलेनियमसिटी जनपद की शिवनगरी सोहना के रहने वाले और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज के अनुज सचिन भारद्वाज के अकस्मात निधर पर शोक संतप्त परिवार को ढांढ़स बंधाने व सांत्वना देने के लिए स्थानीय भाजपा कुंवर संजय सिंह छोकर, राज्य विधानसभा की पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव कांग्रेस नेता जितेन्द्र भारद्वाज के आवास पर आए और शोक संतप्त परिवार को ढांढ़स बंधाते हुए स्वर्गीय सचिन भारद्वाज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वही शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि एक हमने एक बेहतरीन इंसान को खोया है। परिवार के लिए ही नही इस सोहना शहरवासियों के लिए भी बहुत ही दुखद है। बहुत ही नेकदिल इंसान और मिलनसार थे सचिन भारद्वाज। जब भी किसी दुख सुख में मुलाकात होती थी नम्रता पूर्वक मिलते थे





भाई सचिन। ऐसी छवि को भुला पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। आज भी युवाओं के दिल और दिमाग पर छाए हुए हैं भाई सचिन भारद्वाज। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू, बलजीत दायमा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलजीत कौशिक, कांग्रेस नेता रोहताश बेदी, अमित यादव नेता इंटक, जयदीप धनखड़, महेश घोडारोप, हरिओम सिंह छोकर, बीर सिंह नम्बरदार, अमित यादव, कुलदीप वशिष्ठ, कुलराज कटारिया, मोहनलाल सैनी, मनीष शर्मा, राकेश शर्मा, रमेश घोडारोप, मनोज भारद्वाज, डॉक्टर नरेश शर्मा, विकास शर्मा, जसवंत राघव, धर्म भारद्वाज, हर्ष विधूड़ी, पंडित चमनपुरी गोस्वामी, जोगिंद्र बागड़ी, संजय वशिष्ट, पंकज मंगला सहित अन्य गणमान्य लोग शोक व्यक्त करने पहुंचे। वहीं आपको बता दें कि सचिन भारद्वाज की आगामी 5 मार्च को राघव वाटिका में श्रद्धांजलि सभा रखी गई है।

## सीआईए ने एक युवक को किया अवैध हथियार समेत गिरफ्तार

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): सीआईए पुलिस ने बुधवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एक युवक को एक स्थान से अवैध हथियार के साथ पकड? में कामयाबी पाई है। पकड़े गए आरोपी की पहचान ललित कुमार के रूप में हुई है। एसीपी क्राइम प्रीतपाल सिंह सांगवान के अनुसार सीआईए पुलिस को एक मुखबिर खास से सूचना हाथ लगी कि एक स्थान पर एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है। उसके पास हथियार है। वह कोई भी आपराधिक वारदात को अंजाम दे सकता है। मुखबिर को सूचना को सही मान सीआईए पुलिस की एक टीम बताए गए स्थान पर पहुंच गई और संदिग्ध हालत में घूम रहे युवक को घेराबंदी डाल पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देशी कटटा व जिंदा कारतूस मिलने पर युवक को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के लिए थाने में ले आई। पुलिस का कहना है कि पुलिस पकड़े गए युवक की जन्म कुंडली भी खंगाल रही है कि कही उसका कोई आपराधिक रिकार्ड तो नही रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पुलिस आरोपी को जल्द अदालत में पेश करेगी।

## सोहना नगरपरिषद में 69 करोड़, 61 लाख का बजट पार्षदों ने किया पारित

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद सभासद बोर्ड की बैठक बुधवार को नगरपरिषद सभागार में नगरपरिषद चेयरपर्सन श्रीमती अंजू देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सभासद बोर्ड की इस बैठक में विभिन्न वार्डों से चुनकर आए लगभग सभी पार्षद मौजूद रहे। खुशी की बात ये है कि इस बार बजट में कोई भी नया टैक्स नगरपरिषद प्रशासन की तरफ से नही लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपरिषद में आम बजट पास करने के लिए बुलाई गई सभासद बोर्ड की बैठक में नगरपरिषद द्वारा चालू वर्ष 2023-24 में 69 करोड़, 61 लाख रुपए की धनराशि का बजट पास किया गया है। बजट में इस बार भी किसी भी कर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव ना होना शहरवासियों के लिए राहत भरा माना जा सकता है। नगरपरिषद क्षेत्रफल व आबादी के दृष्टिगत बजट वर्ष 2023-24 के प्रस्तुत बजट में आय के स्त्रोतों का खुलासा करते हुए बतलाया गया है कि शहर में गृहकर, शहर में ठेकों पर बिकने वाली शराब बिक्री पर लगी एक्साईज डयूटी विकास शुल्क, दुकानों के किराए, स्टांप डयूटी, विद्युत कर, फायर टैक्स तथा विविध प्राप्तियों से आय, संचार टावरों से आय, विज्ञापन पालिसी के अंतर्गत ठेके से आय समेत विभिन्न स्त्रोतों से मिलाकर कुल आय 69 करोड़, 61 लाख रुपए संभावित है जबकि 35 करोड़ से ज्यादा की धनराशि विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। ध्यान योग्य ये है कि नगरपरिषद सभासद बोर्ड बैठक में परिषद का आम बजट चाहे पास हो गया है लेकिन जागरूक लोग इस बजट के तैयार किए गए प्रारूप को लेकर उंगलियां उठा रहे है और कह रहे है कि बीते वर्ष की तर्ज पर वर्तमान बजट का तानाबाना बुना और सभासद बोर्ड की बैठक में बिना किसी हील-हुज्जत और चर्चा के आसानी से पास कराने में कामयाबी पा ली है। लोगों का कहना है कि धरातल पर असलियत ये है कि शहर के लगभग सभी वार्डों में सफाई का बुरा हाल है। लोग तो लोग अब पार्षद भी सफाई का दीवाला पिटने का आरोप लगाकर नगरपरिषद प्रशासन के स्वच्छता के दावों की ढोल की पोल खोल रहे है। जागरूक नागरिक जेसी यादव एडवोकेट, सोहनागांव के नंबरदार तेजपाल सैनी, विनायक गुप्ता एडवोकेट समेत जागरूक लोगों का कहना है कि नगरपरिषद प्रशासन को प्रत्येक वार्ड में सार्वजनिक स्थान पर सूचना पटट लगाकर यह सार्वजनिक करना चाहिए कि बीते वर्ष शहर के किस-किस वार्ड में किस गली और मोहल्ले में किस योजना के तहत कितनी राशि किस विकास कार्य पर खर्च की गई है और इस बार भी चालू वर्ष में शहर के किस-किस वार्ड में किस गली और मोहल्ले में किस योजना के तहत कितनी राशि किस विकास कार्य पर खर्च की जाएगी

## शेयर मार्किट में फर्जी निवेश के जरिए ठगी करने वाले तेरह आरोपी गिरफ्तार

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): साइबर अपराध रोकथाम शाखा में कार्यरत एसीपी प्रियांशु दीवान की अगुवाई में इंस्पेक्टर जसबीर सिंह की टीम ने शेयर मार्किट में फर्जी रूप से रकम निवेश कराकर ठगी करने वाले तेरह आरोपियों को पकड? में कामयाबी पाई है। पकड़े गए आरोपियों में विदेशी मूल के दो आरोपी भी शामिल है, जो उज्बेकिस्तान व लातविया के रहने वाले है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कानस्टेंटिंग फिलींस मूल निवासी लतिवा, अल्बर्ट सारीबियान उर्फ पीटर मूल निवासी उज्बेकिस्तान, गौरव वर्मा उर्फ प्रशांत गोयल, मैलविन मेजन उर्फ रेयान मैथ्यू, राकेश एस नायर उर्फ कैमूरिन विल्सन, एविन मैथ्यू उर्फ डेएम जान, रोहिंत हरिचक्रवती उर्फ राजकुमार, दीपांशु वर्मा उर्फ दीपक मल्होत्रा, अमन ग्रोवर उर्फ



दुष्यंत सिंघानिया, तेजिन्द्र सिंह उर्फ तेजिन्द्र ग्रेवाल, नीरज चाहत अग्रवाल उर्फ आयरन कश्यप और दिलशाद उर्फ समेरा अली के रूप में हुई है। आरोपियों पर शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 1.6 करोड़ रुपए ठगी का आरोप है। पीड़ित का कहना है कि फेसबुक पर विज्ञापन के माध्यम से वह जालसाजों के संपर्क में आया और उनके कहे मुताबिक शेयर मार्किट में रुपए निवेश कर दिए। जांच में सामने आया कि आरोपी फेसबुक, इंस्टाग्राम व सोशल नेटवर्किंग साइट पर विज्ञापन दिखा धोखाधड़ी करते है। वैबसाइट पर पीड़ित के वर्चुअल अकाउंट बनाए जाते थे और पीड़ितों को उन खातों में पैसा निवेश करने के लिए प्रेरित किया जाता है। जब एक बार पीड़ित पैसा ट्रेडिंग में निवेश कर देता तो शुरूआत में उस पैसे को मुनाफे के साथ वापिस कर पीड़ित पर भरोसा जमा लेते थे ताकि पीड़ित को विश्वास हो जाए कि उसके द्वारा किए गए निवेश में उसे लाभ हुआ है। बाद में ज्यादा पैसे निवेश कराकर उसका पैसा वापिस नही किया जाता था और पीड़ित से बातचीत बंद कर उसके नंबरों को ब्लॉक कर दिया जाता था। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ चल रही है, जिन्हे पुलिस जल्द अदालत में पेश करेगी।

## सोहना सीआईए ने किया एल्युमीनियम से भरा ट्रक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): सोहना सीआईए ने एक ट्रांसपोर्टर का छह टन एल्युमीनियम सामान से भरा ट्रक चोरी करने के आरोप में आरोपी को बसअडडे के समीप से पकड? में कामयाबी पाई है। आरोपी की पहचान खुर्शीद निवासी मेवात के रूप में हुई है। एसीपी क्राइम प्रीतपाल सिंह सांगवान के अनुसार कई दिन पहले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह ट्रासंपोर्ट का काम करता है। उसकी ट्रांसपोर्ट कंपनी का मुंशी ट्रक में पलवल से छह टन एल्युमीनियम सामान भरकर कंपनी में खाली करने के लिए आया तो मुंशी ने ट्रक ड्राईवर को ट्रक खड़ा करने के लिए कहा लेकिन अगले दिन ट्रक नही मिला। इसी बीच सोहना सीआईए पुलिस को मुखबिर खास से सूचना हाथ लगी कि एल्युमीनियम से भरा ट्रक चोरी करने वाला आरोपी बसअडडे के समीप आने वाला है। सूचना को सही मान पुलिस बताए गए स्थान पर पहुंच गई और घेराबंदी डाल आरोपी को दबोच लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ चल रही है। जिसे पुलिस जल्द अदालत में पेश करेगी।

## सच्चाई के रास्ते पर चल परोपकार और सेवा की भावना दिल में रखे : लाला यादराम ऐरन

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): मिलेनियमसिटी जनपद के सोहना क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी व गल्ला कारोबारी सेठ यादराम ऐरन ने कहा है कि 84 करोड़ योनि के बाद मनुष्य जीवन मिलता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में सदैव सच्चाई के रास्ते पर चल परोपकार और सेवा की भावना दिल में रखनी चाहिये और प्रतिदिन प्रभु का स्मरण करना चाहिये क्योंकि प्रभु भक्ति में लीन इंसान का जीवन सफल होता है। उन्होंने अहंकार, ईर्ष्या, क्रोध, कड़वे बोल, बड़बोलेपन को इंसान का सबसे बड़ा शत्रु बताते हुए कहा कि परोपकार और सेवा भावना से इंसान में इंसानियत आती है। जीवन जीने का अदभुत आनंद आता है। भगवान की शरण में जाने से इंसान का जीवन अपने आप सुधर जाता है। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी व गल्ला कारोबारी सेठ यादराम ऐरन बुधवार को मिलेनियमसिटी जनपद के सोहना शहर की अनाजमंडी में आयोजित भंडारे में उपस्थितों के बीच मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं की संगति इंसान के जीवन को महान बनाती है। सच्ची श्रद्धा व भाव से किया गया दान ही जीवन में काम आता है। धार्मिक आस्था रखते हुए इंसान को आपस में प्रेम-प्यार, भाईचारा, मानवता की सीख देता है। इसलिये हम उस प्रभु को कभी नहीं भूलना चाहिये। उसके दिखाये रास्ते पर चलते हुए हमें एक-दूसरे का आदर करना चाहिये। किसी का कोई भी कर्म हो, कोई भी क्षेत्र हो लेकिन उस सबसे पहले इंसान में इंसानियत जरूरी है और वो इंसानियत तभी संभव है, जब हम भगवान की शरण में जाये और अपने अंदर सदगुण बनाए। इस मौके पर व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी, बोबी जैन, हितेश गोयल, हरीश चंद्र ऐरन, नरेश चंद्र ऐरन, महेश चंद्र ऐरन, सचिन एडवोकेट, जतिन कुमार, विकास, आकाश कुमार, मोहित कुमार, रंगमंच कलाकार देशराज गोयल, अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश अग्रवाल आदि प्रमुखजनों समेत आमंत्रित लोगों, व्यापारियों और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया।

## गैस सिलेंडरों के दामों में की गई वृद्धि वापिस ले केन्द्र सरकार : कांग्रेस नेता प्रदीप खटाना

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता बाबू प्रदीप खटाना रिठौजिया ने केन्द्र सरकार और भाजपा को गरीब विरोधी बतलाया है। उन्होने गैर सब्सिडी वाले घरेलू 14.2 किलोग्राम वजन वाले गैस सिलेंडर के दामों में प्रति सिलेंडर 50 रुपए तथा कमर्शियल सिलेंडर पर एकदम 350 रुपए प्रति सिलेंडर की की गई बढ़ोतरी पर नाराजगी जताई और कहा कि चंद पूंजीपति घरानों के इशारों पर नाच रही मोदी सरकार कभी रसोई गैस सिलेंडरों तो कभी डीजल-पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी कर गरीबों को झटका देने का काम रही है। हालात ये है कि गैर सब्सिडी वाले घरेलू 14.2 किलोग्राम वजन वाले गैस सिलेंडर की कीमत 1055 रुपए से बढकर 1105 रुपए



हो गई है। उन्होने गैस सिलेंडरों में की गई बढ़ोतरी को जनविरोधी ठहराते हुए बिना सब्सिडी वाली गैस पर बढाए गए दामों को तत्काल प्रभाव से वापिस लिये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एकदम 50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर सरकार गरीबों का खून चूसने का काम कर रही है। जिससे रोजमर्रा के काम में आने वाले गैस के दामों में की गई बढ़ोतरी से महंगाई बढ़ेगी और भाजपा का हाथ गरीबों के साथ होने का दावा करने वाली भाजपा शासित केन्द्र सरकार ने बिना सब्सिडी वाली गैस के दामों में बढ़ोतरी कर अपने जनविरोधी चेहरे को बेनकाब कर दिया है। उन्होंने ऐसे संकेत भी दिए है यदि केन्द्र सरकार ने बिना सब्सिडी वाली गैस के दामों मे की गई मूल्य वृद्धि को वापस ना लिया तो जनहित में कांग्रेस केन्द्र की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन चलाएगी। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता बाबू प्रदीप खटाना रिठौजिया ने कहा कि केन्द्र सरकार के इशारे पर गैस कंपनियां बार-बार रसोई गैस की दरों में बढ़ोतरी कर रही है। गैस सिलेंडरों की कीमतों में की गई वृद्धि से साफ हो गया है कि केन्द्र सरकार की गरीबों, आम लोगों से कोई हमदर्दी नही है। सरकार ने रातोंरात चोरी-छिपे अंदाज में गैर सब्सिड़ी वाले सिलेंडरों के दाम बढ़ा दिए। पहले भी वक्त-वक्त पर सिलेंडर के दामों में कई बार बढ़ोतरी की गई है। भाजपा सरकार में खाद्य सामग्री और दूसरी चीजों के दामों में वृद्धि के चलते कीमतें आसमान छू रही है। उन्होने कहा कि महंगाई व भ्रष्टाचार से निजात का दम भरने वाली भाजपा सरकार का असली चेहरा लोगों के सामने आ गया है। गरीबों को दाल तो दूर चटनी से दो वक्त की रोटी खाना दुश्वार बन गया है। सरकार के लिए जा रहे निर्णय जनविरोधी साबित हो रहे है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता बाबू प्रदीप खटाना रिठौजिया का कहना है कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और गरीब विरोधी चेहरे की असलियत उजागर करने के लिए वह अपने साथी युवाओं की टोलियां लेकर गांव-गांव जाएंगे और कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ आम जनता को भाजपा और जजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराते हुए बताएगी कि दोनों पार्टियों की नीतियां कितनी जनविरोधी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने महंगाई को बढ़ावा देकर लोगों की नाक में दम कर दिया है। पूरा दिन मेहनत करने के बावजूद गरीब परिवार चटनी से भी रोटी नहीं खा पा रहा है जबकि पूंजीपति और ज्यादा धनाढय होते जा रहे है। सरमाएदारों और मुनाफाखोरों की मौज बन आई है।

## संक्षिप्त खबरें

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत-पुलिस ने किया मामला दर्ज

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): करंट लगने से एक युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और मृतक के परिजनों की शिकायत पर इस मामले में आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस जल्द ही शव को परिजनों को सौंप देगी। पुलिस की माने तो इस मामले में पुलिस हर दृष्टिकोण से मामले की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन के अनुसार पीड़ित पक्ष की तरफ से सोहना शहर पुलिस थाने में पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 28 वर्षीय राजीव पुत्र धर्मपाल जांगड़ा निवासी वार्ड-नौ, गांव जक्खोपुर, शहर सोहना शैटरिंग का काम करता है, जो शहर की फ्रेंडस कॉलोनी में बंटी गिरधर के यहां शैटरिंग लगाने आया था। आरोप है कि बंटी गिरधर के ऊपर से 33केवीए वाली बिजली लाइन जा रही है। राजीव ने बिजली लाइन की वजह से वहां शैटरिंग लगाने से मना किया तो आरोपी ने भरोसा दिया कि बिजली की यह लाइन बंद पड़ी है। चिंता ना करे और राजीव पर दबाव बनाकर जबरन काम कराया। तभी अचानक 33केवीए वोल्ट वाली लाइन में दौड़ रहे करंट ने राजीव को करंट लगने से राजीव दो मंजिला मकान से करंट से झुलसते हुए बराबर में नीचे खाली प्लाट में आ गिरा। हादसे के बाद उसे तुरंत एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसकी हालत बिगड़ती देख उसे बड़े अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। राजीव ने दम तोड़ दिया है। हादसे की सूचना पाकर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन का कहना है कि पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर इस मामले में आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी है। जांच में जो भी दोषियान मिलेगा, पुलिस उसे जल्द गिरफ्तार करेगी।

### लग्जरी गाड़ी में फूल वाले गमले चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): एक महंगी लग्जरी गाड़ी में आकर सडक किनारे रखे फूले वाले गमले चोरी कर ले जाने वाले मामले में बुधवार को पुलिस ने वायरल हो रही वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनमोहन के रूप में हुई है, जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने सडक किनारे सजावट के लिए लगाए गए चोरी किए गए गमलों समेत चोरी की वारदात में प्रयुक्त की गई किया कार्निवाल कार को भी कब्जा पुलिस में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ चल रही है, जिसे पुलिस जल्द अदालत में पेश करेगी।

### सोहना में बिजली विभाग से सेवानिवृत कर्मचारी के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): मिलेनियमसिटी जनपद के सोहना शहर स्थित बिजली विभाग के सबडिवीजन कार्यालय में एसएसए पद पर कार्यरत बलराज सिंगला के सेवानिवृत होने पर उनके सम्मान में ह्यअभिनंदन समारोहह्व का आयोजन हुआ, जिसमें विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा क्षेत्र के आमंत्रित प्रमुख लोगों स्वयंसेवी संस्थाओं व विभिन्न निकायों से जुड़े मौजूदा व पूर्व जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भी बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों में बिजलीनिगम उपमंडल प्रभारी व एसडीओ लियाकत अली तथा अन्य सहयोगियों, साथियों, स्टाफ व आमंत्रितजनों ने बिजली विभाग को अपनी सेवाएं देने उपरांत सेवानिवृत होने वाले बलराज सिंगला के निरोगी और स्वस्थ रहने की मंगलकामनाएं करते हुए उनके मृदुभाषी होने, हंसमुख स्वभाव, विन्रम व्यवहार, काबिलियत व सेवाकाल के दौरान विभाग के प्रति समर्पण व कर्तव्यनिष्ठा की भावना और विभाग को दिए गए योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उपस्थितों से भी उनकी कार्यशैली से प्रेरणा लेने का आहवान किया। समारोह में उपस्थित लोगों ने सेवानिवृत बलराज सिंगला को ढेरों विभिन्न आकर्षक उपहार, शिक्षाप्रद पुस्तकें व स्मृतिचिन्ह भी प्रदत किए। वही अपने विदाई समारोह में उपस्थितों के बीच रूंधे स्वर में बोलते हुए सेवानिवृत हुए बलराज सिंगला ने अपने कार्यवक्त के अनेकों खट्टे-मीठे अनुभवों को उपस्थितों के बीच सांझा करते हुए कहा कि आज चाहे वह बिजली महकमे से जरूर सेवानिवृत हो गए है लेकिन अब वह पहले से भी ज्यादा वक्त समाजसेवा कार्यों में लगाते हुए सदैव ही जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में निगम के सोहना सबडिवीजन में कार्यरत उपमंडल अधिकारी लियाकत अली, जेई सुमित कुमार गर्ग, जेई मुस्तकिन, ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन के यूनिट प्रधान विजयपाल पंवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन वर्मा समेत विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और उन्हे उनके आवास तक छोडकर आए।

### गढ़ी वाजीदपुर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): मिलेनियमसिटी जनपद के गांव गढ़ी वाजीदपुर में बुधवार को इंडिग्रिड गुडगांव पलवल ट्रांसमिशन लिमिटेड के तत्वाधान में एक दिवसीय निशुल्क शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में महिलाओं और बुजुर्गों ने आंखों, दातों, शुगर, बीपी व अन्य कई प्रकार की जांच कराई। इस मौके पर इंडिग्रिड ट्रांसमिशन लिमिटेड के रिजनल मैनेजर अनिल कुमार, कादरपुर सबस्टेशन इंचार्ज वाराप्रसाद, सोहना इंचार्ज रामकुमार, एडमिन मैनेजर अनुपम पल्लव, डाक्टर निकिता, डाक्टर विकास, गंगाराम आदि प्रमुख लोग भी मौजूद रहे। शिविर में 590 रोगियों की जांच की गई।

### इस परिचर्चा से संबंधित फोटो वाली एक पटटी क्रमांक-9 पर समाचार के साथ कार्यालय में भेजी गई है।

**परिचर्चा**

**रीति-रिवाज, सभ्यता, मस्ती-उल्लास से भरी है पंजाबियों की होली : हरीश नंदा**

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): सोहना में रहने वाले पंजाबी भले ही ठेठ पंजाबियों की तरह होली ना मनाते हो लेकिन होली में रंगों की मस्ती के साथ रीति-रिवाज और सभ्यता पूरी तरह झलकती है। यहां पर पंजाबी महासंघ के प्रधान और नगरपार्षद हरीश नंदा राजू का कहना है कि इस दिन सभी लोग दुश्मनी को भुलाकर भाईचारे और दोस्ती का संदेश देते है। लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन सुरजीत अरोड़ा ने कहा कि देखा जाए तो बिना पंजाबी समाज के होली का जिक्र अधूरा है। पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा तथा नंबरदार बिट्टू अरोड़ा, विजय अरोड़ा का कहना है कि सोहना आसपास क्षेत्र में इस समाज के हजारों परिवार रहते है। पंजाबी समाज के लोगों की होली में सबसे विशेष बात ये है कि उन्होने मस्ती व उल्लास के बीच परम्पराओं की डोर को भी मजबूती से थाम रखा है। युवा समाजसेवी जितिन चावला व निखिल चावला की माने तो होली पर पंजाबी गीतों का अपना महत्व है। लायंसक्लब के रिजनल चेयरमैन लायन रवि मदान, सब्जीमंडी खुदरा व्यापारी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मुकेश राजपाल, स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर प्रबंधन समिति में प्रचारमंत्री और युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा, थोक सब्जीमंडी व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान उमेश जुनेजा कोकी की माने तो पंजाबियों का कोई त्यौहार हो और ढोल ना बजे, ऐसा हो ही नही सकता। होली के लिए ढोल की पहले से ही बुकिंग करा दी जाती है। ढोल वाले भी विभिन्न मोहल्लों, कॉलोनियों और पंजाबियों के घरों में पंजाबी गीत गाते हुए चक्कर लगाते है। बड़े हो या बच्चे सभी होली का भरपूर आनंद लेते है। होली गीत मिलकर गाते है और एक-दूसरे के घरों पर लोग होली पर मिलने जाते है। पंजाबियों की होली में त्यौहार के दिन महिलाओं को पुरूषों से आगे खड़ा होने दिया जाता है। डाक्टर नरेश पाहूजा, नवीन जुनेजा, विपिन मल्होत्रा, वेदप्रकाश धवन, उमेश खत्री ने बताया कि होली के दिन पंजाबियों के गीत सभी का दिल मोह लेते है।

# होली से पहले समय पर वेतन ना मिलने पर नोएडा के सफाई कर्मचारी के संगठन करेंगे नोएडा विकास प्राधिकरण पर धरना प्रदर्शन

**समाचार निर्देश ब्यूरो नोएडा।** उत्तर प्रदेश के जिला नोएडा गौतम बुध नगर हाइटेक सिटी कहे जाने वाले गौतम बुध नगर के सफाई कर्मचारी अपनी समस्याओं से पीड़ित हैं और वही नोएडा विकास प्राधिकरण पर भी आए दिन सफाई कर्मचारी अपनी समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन करते हैं लेकिन नोएडा विकास प्राधिकरण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को अनदेखा कर देता है जिसमें अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश मंत्री बबलू ने भी नोएडा विकास प्राधिकरण को तमाम बार अवगत कराया कि ठेकेदार हमारे सफाई कर्मचारियों पर लगातार शोषण कर रहे हैं हमारे सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं देते हमारे कर्मचारियों की सैलरी काटी जाती है जैसी समस्या को लेकर नोएडा विकास प्राधिकरण को अवगत कराया लेकिन आज अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के



पदाधिकारी सफाई कर्मचारी की समस्याओं को लेकर के हर सेक्टर में गए और सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनी नोएडा के सेक्टर 128 , शाहपुर गांव के बहार सेक्टर 127 ,94,135,110,150,126 गांव व सेक्टरों में भी संगठन के कुछ पदाधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने के लिए पहुंचे जिसमें अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने प्राधिकरण को खुलेआम चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारे कर्मचारियों का होली से पहले 2 या 3 तारीख तक वेतन नहीं आया तो हम 5 तारीख को नोएडा की पूरी सफाई व्यवस्था को ठप कर सेक्टर 94 नोएडा विकास प्राधिकरण के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करेंगे और ठेकेदारों के खिलाफ भी प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें संगठन के पदाधिकारी महानगर अध्यक्ष रवि परचा, ने बताया कि हम लगातार नोएडा प्राधिकरण को अवगत कराते हैं सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर के लेकिन नोएडा विकास प्राधिकरण उसको अनदेखा कर देता है और और ठेकेदारों के साथ मिलकर हमारे कर्मचारियों के साथ शोषण करता है और कर्मचारियों के ऊपर भी ठेकेदार लगातार शोषण कर रहे हैं नहीं तो हमारे कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जाता नाही मेडिकल सुविधा दी जाती है ना ही हमारे कर्मचारी को ठंड में वर्दी बाटी गई जिसमें हमारे कर्मचारी इंजॉय समस्याओं से पीड़ित हैं और हमने हर बार नोएडा विकास प्राधिकरण को अवगत कराया कि त्यौहार आने से समय पर सैलरी दिला दी जाया करें लेकिन नोएडा विकास प्राधिकरण के ठेकेदार अपनी दबंग गायों से से बाज नहीं आते अगर अभी भी नोएडा विकास प्राधिकरण ने हमारे कर्मचारियों की होली से पहले वेतन यानी सैलरी नहीं कराई तो हम 5 तारीख को पूरे नोएडा की सफाई व्यवस्था को ठप करके नोएडा विकास प्राधिकरण के सेक्टर 94 कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे जिसमें अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ताराचंद गहलोत राजू चड्ढा राधे परचा पिंटू 1 व संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे

# दिव्यांग हर क्षेत्र में आगे है उनको खुद पर विश्वास होना चाहिए : अश्विनी कुमार

**समाचार निर्देश जुबैर खान नूंह**
नूंह शहर के गांव खेड़ला मोड के पास स्थित हाल में कैरिटास इंडिया सीबीआर द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस और कैरिटास इंडिया की डायमंड जुबली मनाई गई। जिसमें नूंह क्षेत्र के दिव्यांगों सहित अन्य लोगों ने बढ़ चढकर भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नूंह एसडीएम अश्विनी कुमार ने शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर वीके जैन फाउंडेशन के निदेशक गौरव जैन और रूप आटोमोटिव लिमिटेड और मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी सरजीत थापर ने शिरकत की। विशेष अतिथि के तौर पर उप स्वास्थ्य अधिकारी राकेश चावला, अरविंद चौरसिया डीजीएम रूप आटोमोटिव, आकाश शुक्ला सीएसआर मैनेजर वीके जैन फाउंडेशन, फादर इरूदया कुमार मैनेजर मारिया मंजिल स्कूल, अब्दुल रहमान अशरी डीपीएम एनआरएलएम, जिला सरपंच एसोसिएशन के प्रधान एवं खेड़ा गांव के सरपंच हथौड़ी प्रधान, सरपंच अंतराम खटाना, विशेष अध्यापक अशोक और डालसा से सोनू वर्मा



और अन्य गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथि गणों और दिव्यांगजनों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की। कार्यक्रम में दिव्यांग जनों एवं अन्य बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से दिव्यांगजनों की समाज में भागीदारी एवं उनके लिए समावेशी शिक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करना है। मुख्य अतिथि अश्विनी कुमार एसडीएम ने संस्था को उनके 60 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी और दिव्यांग जनों को संदेश देते हुए कहा कि दिव्यांगजन हर क्षेत्र में आगे हैं और उनके अंदर एक विश्वास होना चाहिए कि वह कुछ भी कर सकते हैं। प्रशासन और सामाजिक संस्थाएं उनके उत्थान के लिए अलग-अलग प्रकार की योजनाएं चला रही है इसलिए दिव्यांग जनों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। कैरिटास इंडिया सीबीआर की तरफ से उनके प्रशासक फादर सुशील मोदी जी ने बताया कि कैरितास इंडिया ने 1962 में शुरूआत की थी और आज भारत के विभिन्न राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, एवं दिव्यांगजनों के लिए कार्य कर रही। आज उन्हें बहुत खुशी हुई कि दिव्यांगजन भी समाज में अपनी हिस्सेदारी कर रहे हैं और उन्होंने दिव्यांग जनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप अपने आप को पहचाने और जीवन में आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करें।

# खाटूश्याम मेले में निशान यात्रा पर निकले श्रद्धालु-झूमते हुए लगा रहे जयकारा

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** सोहना व्यापारमंडल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व युवा अग्रवाल नेता रोहित गर्ग की अगुवाई में शीश के दानी बाबा खाटूश्याम के भक्तों का एक दल हाथों में निशान थामे पदयात्रा करते हुए बाबा खाटूश्याम के दर्शनों के लिए सोहना से प्रस्थान कर गया है।

स्थानीय व्यापारमंडल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व युवा अग्रवाल नेता रोहित गर्ग की माने तो फाल्गुन महीने में राजस्थान के खाटूधाम में लगने वाले सबसे प्रसिद्ध एवं विशालतम मेले के बारे में कहावत है कि फाल्गुन की रूत प्यारी, थे आ ओ श्याम बिहारी, म्हारै पाव चढ?ो अति भारी, ऐसो रंग जमा दयो श्याम रंगज्या धरती सारी। खाटूश्याम की तो महिमा ही निराली है। इसी कहावत को दोहराते हुए लाखों श्याम भक्त अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए हर वर्ष देश के प्रत्येक कोने से लाखों की संख्या में खाटूधाम बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए जाते है। बाबा खाटूश्याम के परम भक्त कपिल गर्ग, नयागांव में रहने वाले सागर खटाना, सुरज्ञान सिंह, गांव भौंड़सी में रहने वाले रामकिशन राघव, गांव उल्लावास में रहने वाले देवेन्द्र प्रधान का कहना है कि धर्मग्रन्थों में श्याम बाबा के बारे में प्रसंग आता है कि श्याम बाबा का वास्तविक नाम बब्रुवाहन था और ये वीर घटोत्कक्ष के पुत्र तथा महाबली भीम के पौत्र थे। इनके द्वारा शीश का दान दिए जाने पर भगवान कृष्ण ने इन्हे वरदान दिया था कि कलियुग में लोग तुम्हे मेरे नाम से पूजा करेंगे। फाल्गुन महीने में खाटूधाम में लगने वाले इस विशाल मेले में नारनौल शहर विशेष आकर्षण का केन्द्र रहता है क्योकि दूरदराज अनेक शहरों जैसे दिल्ली, रेवाड़ी, भिवानी, महेन्द्रगढ़ आदि से पैदल आने वाले श्याम भक्त पहले नारनौल पहुंचते है और इसके बाद छोटा रास्ता होने के कारण रेल लाइन के साथ रींगस पहुंचते है। ध्वजा लेकर पैदल जा रहे इन श्याम भक्तों की कतार इतनी लंबी होती है कि नारनौल से रींगस तक पूरे रास्ते नही टूटती। रेलवे लाइन के साथ-साथ रंग-बिरंगी ध्वजा लेकर चलने वाले श्याम भक्तों की कतारें बड़ा ही मनोहारी दृश्य पैदा करती है। समस्त श्याम प्रेमियों को मालूम है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का विशाल रंग-रंगीला फाल्गुन महीना पंद्रह दिन पहले ही शुरू हो जाता है लेकिन मुख्य मेला इस वर्ष चार मार्च तक चलेगा, जिसमें लाखों लोग बाबा के दर्शन के लिए आएंगे। फाल्गुन के इस महाकुंभ में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक श्यामप्रेमी उत्सुक रहता है।

# स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज मे शासन की मंशा के अनुरूप चल रही परीक्षाएं

**समाचार निर्देश ब्यूरो ब्रजकिशोर यादव**
महराजगंज रायबरेली हाईस्कूल और इंटर की यूपी बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है और छात्र छात्राएं विभिन्न सेंटरों पर परीक्षाएं दे रहे 16 फरवरी से शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 4 मार्च तक निरंतर चलती रहेगी । वही क्षेत्र के स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज घूराडीह अमावां में शासन की मंशा के अनुरूप नकल विहीन परीक्षाएं चल रही है। विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने बताया कई वर्षों से शासन का विश्वास और भरोसा स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज पर कायम है और निरंतर यहीं पर हाईस्कूल और इंटर का सेंटर बनता




रहा है इस वर्ष भी हाईस्कूल और इंटर के 800 से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। आज हाईस्कूल का अंग्रेजी का पेपर प्रथम पाली में था जिसमें कुल 493 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया वही दूसरी पाली में इंटर के 150 छात्र छात्राओं ने अर्थशास्त्र के पेपर में भाग लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

# नूंह शहर में पुलिस द्वारा परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से कराया जा रहा है : बिजेंद्र सिंह



**समाचार निर्देश जुबैर खान नूंह**
**नूंह** बीते कई दिनों से नूंह शहर में चल रही हरियाण बोर्ड की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सिटी पुलिस थाना द्वारा विशेष भूमिका निभाई जा रही है। इस दौरान शहर के ग्रीन फील्ड स्कूल, कन्या सीनियर सेकेंडरी, हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अलावा अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित कराई जा रही है। इस दौरान शिक्षा विभाग के अलावा हरियाण बोर्ड सहित अन्य कई उडनदस्तों के माध्यम से परीक्षाओं पर निगरानी की जा रही है। बुधवार को नूंह में परीक्षाओं के दौरान सिटी थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस टीम द्वारा लगातार गस्त की जा रही है। परीक्षा केंद्रों के बाहर आने वाले लोगों को खदेड़ा जा रहा है। जिससे अब शहर में परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांति से संपन्न कराई जा रही है। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों के साथ आमजन से अपील करते हुए परीक्षाओं को शांति से कराने के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि आज जो बच्चे परीक्षा दे रहे है ये हमारे देश का आने वाला भविष्य है इस लिहाज से हम सभी को नैतिकता का परिचय देना चाहिए।

# स्टेट्स सिंबल फोन और सोफा नहीं ,पुस्तकें और बड़ी लाइब्रेरी होनी चाहिए-कर्नल मलिक

**समाचार निर्देश ब्यूरो नई दिल्ली।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत
राम जानकी संस्थान (आरजेएस)की श्रृंखलाबद्ध आजादी की अमृत गाथा का एक सौ पैंतीसवां कार्यक्रम नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला में 1 मार्च को लेखक मंच पर संपन्न हुआ। पुस्तक मेला की आयोजक संस्था राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों पर चर्चा की गई और उनकी स्मृति को नमन किया गया।इसमें आरजेएस की आजादी की अमृत गाथा के 150 कार्यक्रमों पर आधारित आगामी पुस्तक के पोस्टर का लोकार्पण राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक कर्नल युवराज मलिक ने किया। उन्होंने कहा कि स्टेट्स सिंबल फोन और सोफा नहीं ,पुस्तकें और बड़ी लाइब्रेरी होनी चाहिए।
उन्होंने पुस्तक मेला की थीम



आजादी का अमृत महोत्सव की चर्चा करते हुए कहा कि जीवन में प्रेरणा लेनी है तो हमें इतिहास को याद रखना होगा ।वह इतिहास जो हमें सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है सकारात्मक व्यक्ति से ही समाज और देश आगे बढ़ता है।
, विशेष तौर पर गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के शोधार्थी और लेखक राहुल इंकलाब, द टेंपल ऑफ अंडरस्टैंडिंग फाउंडेशन के महासचिव डा.ए.के. मर्चेंट, लेखक और मोटीवेशनल स्पीकर पार्थ सारथि थपलियाल, सुरजीत सिंह दीदेवार, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रमेश कुमार योगाचार्य आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर आरजेसिएन्स मुहिम "बुके नहीं बुक्स" के अंतर्गत पुस्तक वितरण भी किया गया। 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलने वाले नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2023 में आजादी की अमृत गाथा के तीन संस्करण 132,134 और 135 प्रस्तुत किए जा रहे? हैं ।

# भौंड़सी के कन्या विद्यालय में दानवीर संदीप राघव ने दिया 11 लाख का दान

**दान देने से कम नही होता बल्कि बढ़ता है :** समाजसेवी संदीप राघव संदीप राघव ने अपने ऐच्छिक कोष से कन्या विद्यालय में पानी का बोरवैल लगवाने और पीने के पानी को शुद्ध बनाने के लिए आरो सुविधा तथा गर्मियों में कन्याओं के लिए प्रत्येक कक्षा में छत के पंखे तथा विद्यालय में प्रातः समय होने वाली प्रार्थना के लिए माइक व साउंड सिस्टम सुविधा उपलब्ध कराए जाने का किया ऐलान
संदीप राघव ने अपने ऐच्छिक कोष से कन्या विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाली 250 कन्याओं की पूरे साल की फीस के साथ-साथ इनके लिए स्कूली वर्दी और पाठन कार्य में प्रयुक्त होने वाली किताब, कापी, पैन, पैसिंल आदि तमाम पाठन सामग्री उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की
गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): मिलेनियमसिटी जनपद के गांव भौंड़सी स्थित सरकारी सीनियर सैकेंडरी कन्या विद्यालय में आज एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशमंत्री तथा दानवीर व प्रमुख समाजसेवी संदीप राघव मौजूद रहे। कार्यक्रम की संयोजिका व प्रधानाचार्या बीना यादव के अनुसार इस मौके पर उन्होने बताया कि गांव भौंड़सी में रहने वाले भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशमंत्री तथा दानवीर व प्रमुख समाजसेवी संदीप राघव ने विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन को अपने ऐच्छिक कोष से 11 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य कराए जाने के लिए विद्यालय में पढ? वाली कन्याओं की सुविधा हेतू विद्यालय में एक बोरवैल और पीने के पानी को शुद्ध बनाने के लिए आरो सुविधा तथा गर्मियों में कन्याओं के लिए प्रत्येक कक्षा में छत के पंखे तथा विद्यालय में प्रातः समय होने वाली प्रार्थना के लिए माइक व साउंड सिस्टम सुविधा उपलब्ध कराए जाने का ऐलान किया है। समाजसेवी संदीप राघव ने चालू वर्ष के नए सत्र में एक अप्रैल से 31 मार्च, 2024 तक के लिए निर्धन वर्ग की 250 कन्याओं की सालाना फीस भी खुद अपने ऐच्छिक कोष से भरने का ऐलान किया है ताकि फीस के अभाव में छात्राएं स्कूल ना छोड़े और उनका पढ़ाई कार्य बिना किसी व्यवधान के चलता रहे। खुशी की बात ये है कि चयनित की गई इन 250 कन्याओं की पूरे साल की फीस के साथ-साथ इनके लिए स्कूली वर्दी और पाठन कार्य में प्रयुक्त होने वाली किताब, कापी, पैन, पैसिंल आदि तमाम पाठन सामग्री संदीप राघव अपने ऐच्छिक कोष से उपलब्ध कराएंगे। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशमंत्री तथा दानवीर व प्रमुख समाजसेवी संदीप राघव आदि प्रमुखजनों समेत विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि समाज में किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके पद अथवा रंग-रूप से नहीं बल्कि कर्मों से होती है। उन्होने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से पाटीर्बाजी और जातपात जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में आगे आने जरूरतमंदों व दीन-दुखियों की सेवा में अग्रणी रहने और अपनी नेक कमाई में से अवश्य कुछ अंश धर्मार्थ कार्यों में लगाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि पुण्य कमाई में से किया गया दान का सौ गुणा लाभ प्राप्त होता है।

# नगर निगम चुनावों की तैयारियों को लेकर जजपा की बैठक 5 मार्च को होगी : मोहित तंवर

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): मिलेनियमसिटी जनपद के गांव तिगरा में रहने वाले इनसो के राष्ट्रीयमहासचिव मोहित तंवर की माने तो जननायक जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक पांच मार्च को आयोजित होगी। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डाक्टर केसी बांगड़ व विधायक रामकरण काला विशेष रूप से मौजूद रहकर कार्यकताओं को जरूरी टिप्स देंगे। उन्होने बताया कि नगरनिगम चुनावों को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। जननायक जनता पार्टी द्वारा भी बैठकों का दौर जारी है। पार्टी द्वारा 13 फरवरी को बैठक कर सभी वार्डवाइज प्रभारी की जिम्मेवारी तय करते हुए आगामी 10 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था। इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अजय चौटाला व प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने जिलास्तरीय बैठक ली थी तथा कार्यकताओं को चुनावों में जुटने का आहवान किया। इनसो के राष्ट्रीयमहासचिव मोहित तंवर ने बताया कि पार्टी हाईकमान के दिशा-निर्देश अनुसार जजपा के नगरनिगम गुरुग्राम व मानेसर के आगामी चुनावों के लिए पिछली बैठक में वार्डवाइज प्रभारियों की जो जिम्मेवारी लगाई गई थी, उसी की समीक्षा के लिए आगामी 5 मार्च को बैठक होगी। नगरनिगम गुरुग्राम के प्रभारी राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डाक्टर केसी बांगड़ व विधायक रामकरण काला सभी वार्ड प्रभारियों की बैठक सुबह 11 बजे राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड़ के सूर्या विहार स्थित कार्यालय पर होगी, जिसमे नगरनिगम गुरुग्राम के लिए नियुक्त किए गए प्रभारी अपनी-अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे तथा चुनावों के लिए आगामी रणनीति तैयार करेंगे। इसी प्रकार नगरनिगम मानेसर के प्रभारी राष्ट्रीय संगठन सचिव व खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के चेयरमैन राजेंद्र लितानी व विधायक अमरजीत ढांडा 5 मार्च को ही सभी वार्डवाइज प्रभारियों की बैठक शाम 3 बजे श्योचन्द सरपंच के कार्यालय पर लेंगे, जिसमे नगरनिगम मानेसर के लिए वार्डवाइज नियुक्त किए गए प्रभारी अपनी-अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। उन्होने बताया कि 5 मार्च की बैठक में नगरनिगम गुरुग्राम के वार्डवाइज प्रभारी गुरुग्राम की बैठक में शामिल होंगे तथा नगरनिगम मानेसर के वार्डवाइज प्रभारी मानेसर की बैठक में शामिल होकर अपनी-अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। इसी रिपोर्ट के आधार पर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

# खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने होली के त्योहार के मद्देनजर बाजार में खाद्यान्य प्रतिष्ठानो पर की छापेमारी

**समाचार निर्देश जालौन ब्यूरो चीफ डा0 यल बी सिंह**
**उरई - जालौन** - सहायक आयुक्त(खाद्य-क्क) अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ० जतिन कुमार सिंह ने आगामी होली पर्व के दृष्टिगत कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में बताया कि आयुक्त महोदया खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेशानुसार एवं जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार, उपजिलाधिकारी जालौन व क्षेत्राधिकारी जालौन व सहायक आयुक्त (खाद्य) - क्क व नायब तहसीलदार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने आगामी होली त्योहार के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने हेतु विभिन्न स्थानो पर छापामार कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि जालौन के मोहल्ला चुखीर्वाल जालौन में स्थित कौशल गुप्ता पुत्र श्री अजय कुमार गुप्ता की दुकान से खाद्य पदार्थ नमकीन का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला प्रेषित किया गया

# जिलाधिकारी ने रजीव गाँधी साक्षरता सोसायटी के आवासीय कम्प्यूटर केंद्र का औचक निरीक्षण किया

**उरई - जालौन** - जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने कौशल विकास मिशन योजना के अंतर्गत संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत झांसी रोड एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल के सामने स्थित श्री राजीव गांधी कम्प्यूटर साक्षरता सोसायटी के आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण केन्द्र पर उपस्थित केन्द्र प्रबंधक चंद्रेश यादव से प्रशिक्षण के बारे में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की जिसमें श्री यादव ने बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र पर हेल्थकेयर सेक्टर के जनरल डयूटी कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 33 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है व 22 प्रशिक्षणार्थियों का डेमो क्लास संचालित है।जिलाधिकारी महोदया ने प्रशिक्षणार्थियों से वार्ता की गयी तथा उनके रहने, खाने व प्रशिक्षण सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि रहने, खाने की व्यवस्था ठीक है व प्रशिक्षण भी गुणवत्तापूर्ण प्रदान कराया जा रहा है। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण हेतु टेबलेट भी दिये गये है। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों की सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी की एवं निर्देशित किया कि प्रशिक्षणार्थियों की सुरक्षा का पूर्णतः ध्यान रखा जाये। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रबंधक को निर्देशित किया कि वह गर्ल्स हास्टल में व्यवस्थाओं की ठीक करें, साथ ही निर्देशित किया कि सम्पूर्ण प्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्ण कराते हुए प्रशिक्षणोपरान्त प्रशिक्षणार्थियों का शत-प्रतिशत सेवायोजित कराया जाये।
निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन डॉ नूपुर कश्यप, एमआईएस मैनेजर कपिल नामदेव, सहायक मु0 तौफीक अहमद व केन्द्र प्रबंधक चंद्रेश प्रताप सिंह यादव उपस्थित रहे ।

# बुद्धा इंटरनेशनल स्कूल में भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए आयोजित की गई प्रतियोगिताएं

**गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता):** मिलेनियमसिटी जनपद के नयागांव स्थित बुद्धा इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में जी-20 भ्रष्टाचार मुक्त अभियान और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन की तरफ से विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक बनाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा चौधरी के अनुसार इस मौके पर मुख्यातिथि रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बलराज भड़ाना और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन नयागांव से आए अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

स्वामी,मुदक,प्रकाशक एंव सम्पादक मुकेश कुमार भोगल ने जगदम्बा ऑफसेट प्रैस 374,नगंली संकावंती इन्डिस्ट्रीयल एरिया नजफगढ़ नई दिल्ली से मुदित करा अपने कार्यालय ए–21 बापरौला एक्स.नजफगढ़ नई दिल्ली 110043 से प्रकाशित किया |सभी वाद विवाद के दिल्ली न्यायलय मान्य होगा | RNI NO.:-DELBIL/2011/43227

# गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ा दिया गरीब मध्यम वर्ग को होली का तोहफा सरकार ने: चंद्र मोहन

**हरियाणा/चंडीगढ़ - (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल** ब्यूरो प्रमुख): - हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य चन्द्र मोहन ने कहा कि आज एल पी जी गैस सिलेंडर और कामर्शियल गैस सिलेंडर के दामों अप्रत्याशित भारी अभिवृद्धि के साथ ही मुम्बई में भैंस के दूध में अप्रत्याशित अभिवृद्धि करके उपभोक्ताओं को होली का उपहार दिया गया है। देश के गरीब लोगों को उपहार ?के रुप में आज घरेलू गैस सिलेंडर 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर के दामों में 50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी तथा कामर्शियल गैस सिलेंडर में 350 रुपए प्रति गैस सिलेंडर की अप्रत्याशित अभिवृद्धि करने के साथ साथ मुम्बई में भैंस के दूध के दाम में 5 रुपए प्रति किलो ग्राम बढ़ोतरी करके गरीब लोगों के मुंह से निवाला छीनने का काम किया गया है और लोगों को भूखा मरने के लिए एक सौगात दी गई है।



चन्द्र मोहन ने कहा कि यह इस देश के गरीब का बड़ा दुर्भाग्य है कि उसको सन् 2014 में बनी केन्द्र सरकार ने गरीबों को सब्जबाग दिखाकर वोट हासिल किए थे और आज उसकी सजा देश के गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को मिल रही है।?उन्होने भाजपा सरकार पर तंज कहते हुए कहा कि किसानों की आय वर्ष 2022 तक दोगुना करने का वायदा तो भाजपा सरकार पूरा नहीं कर पाई, लेकिन भाजपा सरकार ने आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ा कर देश के लोगों के साथ जो धोखा किया है उसका हिसाब जनता आने वाले 2024 के लोकसभा चुनावों में पूरा करेगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के सदस्य ने कहा कि आज मार्च महीने के पहले ही दिन देश के लोगों को तीन नए उपहार मिलें हैं। इनमें घरेलू गैस एल पी जी, कामर्शियल गैस और भैंस के दूध के दाम में बढ़ोतरी करके गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर उपकार करके उनकी कमर तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज से 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एल पी जी सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ गए है। दिल्ली में इसकी कीमत बढ़कर 1103 रुपए प्रति सिलेंडर हो गई है। इससे पहले 6 जुलाई 2022 को दामों में भी इसके दामों में बदलाव किया गया था और उस समय भी कीमतें 50 रुपए बढ़ाई गई थी। इस प्रकार से पिछले 7 महीने में 100 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी करके यह सिद्ध कर दिया कि गरीब व्यक्ति रोटी की जगह आंसू पी कर सोए या भूखे सोते हैं,तो सरकार को कोई भी फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार 19 किलो वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 350.50 रुपए की अप्रत्याशित अभिवृद्धि करके यह संकेत दे दिया है अब रेहड़ी पटरी पर मिलने वाला गरीब का भोजन कल से ही महंगा हो जाएगा। दिल्ली में कामर्शियल गैस सिलेंडर अब 2119.50 रुपए का मिल रहा है और सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इस साल 2023 में दो महीने में कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी की गई है और यह बढ़ोतरी 22 प्रतिशत से अधिक है। इससे पहले केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं को नए वर्ष का तोहफा बढ़ोतरी के रूप में 1 जनवरी को कीमतों में 25 रुपए का इजाफा करके दिया गया था।वहीं आज से मुंबई में भैंस के दूध में भी 5 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी करके दूध से बनने वाले उत्पाद घी,दही, मक्खन और पनीर के दामों में भी अभिवृद्धि आम आदमी का स्वागत करने के लिए तैयार है। चन्द्र मोहन ने कहा कि महंगाई के इस कुचक्र से निकलने का एक ही रास्ता है ।

## महंगाई को बढ़ाकर बीजेपी आम जनता को लूट रही-प्रदीप चौधरी



**हरियाणा/चंडीगढ़ - (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख)**: -। कांग्रेस पार्टी के कालका विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक प्रदीप चौधरी ने रसोई गैस के दामों में ?50 की बढ़ोतरी को लेकर बीजेपी सरकार की आलोचना करते हुए कहा की बीजेपी को आम आदमी पर दया करनी चाहिए। कोरोना के बाद सरकार जनता को एक के बाद एक नया झटका दे रही है। यह गरीब और मध्यम वर्ग के लिए एक बड़ी समस्या है। कांग्रेस के राज में गैस सिलेंडर पौने 400 रुपए में मिलता था।

## ये पी डबल्यू डी के इंजीनियर खास है:!!!

**हरियाणा/चंडीगढ़ (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख)**: **-ये नजारा देख हर सैला**नी हैरान,सड़को से 10 मीटर दूर तक के 100 सालो तक पुराने हरे भरे पेड़ तो लोकनिर्माण विभाग ने जड़ों से उड़ा दिए मगर यह टिककर ताल में इस बिजली के खभे को जर्क ना आए इसलिए लिकनिर्माण विभागवके काबिल इंजीनियर विंग ने खंभे को बीच में छोड़ आसपास से सड़क गुजार कर कमाल दिखाया है। ताकि यहां आने वाले सैलानी या स्थानीय लोग मुख्य सड़क पर खंभे से टकरा जीवन जीवन से हाथ धो बैठे। मजे की बात है इस खंबे के दोनो तरफ से सड़क को कारपेट किया गया है और बीच सड़क स्थित खंभे को निकाला नही ।

टिक्कर ताल में हरियाणा टूरिज्म के पास बीच सड़क में बिजली का खंबा है। जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है' इलाके के



लोगों की मांग है कि इसे तुरंत प्रभाव से हटाया जाए ।

## शिक्षको का जल्द वेतन जारी करे विभाग और बिना कारण वेतन रोकने वाले अधिकारियों कर्मियों के खिलाफ हो कार्यवाही, नही तो जल्द होगी भूख हड़ताल शुरू :गोपी चंद जिला प्रधान

**हरियाणा/चंडीगढ़ (वासु के मेहता हरियाणा** पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख): - राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा( जिला पंचकूला) ने आज एलिमेंट्री स्कूल अध्यापको का पिछले दो मास से वेतन न मिलने बारे जिला उपायुक्त पंचकूला के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा व शिक्षकों का वेतन रोकने के लिए जिम्मेवार अधिकारियों एवम कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की।




जिला पंचकूला प्रधान गोपी चंद ने संबोधन में कहा कि आज शिक्षक समय पर सैलरी ना मिलने से कड़े मानसिक व आर्थिक दबाव से गुजर रहे है। गोपी चंद ने कहा कि अगर जल्दी ही वेतन जारी नही किया गया तो शिक्षक शीघ्र ही जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पंचकूला पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

खण्ड मोरनी प्रधान राजेश भँवरा ने कहा कि सरकार अध्यापकों को गैर शेक्षणिक कार्यों में उलझा कर शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा से दूर कर रही है।एजुकेशन मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन पंचकूला के अध्यक्ष अशोक रंगा ने कहा कि सरकार को एलिमेंट्री शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारियों का वेतन तुरंत जारी करना चाहिए।

विद्यालय अध्यापक संघ के जिला पंचकूला प्रधान पीताम्बर मोहन ने अपने संबोधन में कहा कि सभी अध्यापक आज समय पर वेतन न मिलने से परेशान हो रहे है।अध्यापक आज कल दूसरे साथियों से उधार लेकर काम चला रहे है।पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुंडू ने कहा कि अगर सरकार का यही रवैया रहा,तो शिक्षक साथी सड़कों पर उतरने को तैयार है।क्योंकि शिक्षकों के सब्र का बांध अब टूट चुका है।इसके अलावा जिला कोषाध्यक्ष बाबू राम, ब्रिज किशोर गौतम, जयपाल दहिया पिंजौर ब्लॉक प्रधान,संजीव धीमान रायपुर रानी प्रधान,जसमेर राणा बरवाला ब्लॉक प्रधान ने भी शिक्षकों को संबोधित किया।इस प्रदर्शन में बलदेव मांधना, हरिपाल, सुखबीर चौहान,आलोक बंसल,प्रदीप शर्मा,मुस्ताक, रजनी कल्याण,प्रीती कुलदीप भुक्कल,बलजीत,राजेश रोहिला,प्रवीण विरोधिया, अमरनाथ बालग,धीरज शर्मा, जगत इत्यादि अनेक अध्यापक साथियों ने भाग लिया।

## लोगों ने जिन्हें गांव के विकास के लिए चुना, उनपर बीजेपी लाठीचार्ज कर रही-प्रदीप चौधरी

**हरियाणा/चंडीगढ़ - (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख)**: कालका से विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा कि समाज का हर वर्ग भाजपा की दमनकारी नीतियों से निराश है। वहीं बुधवार को पंचकूला पहुंचे सरपंचों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने तानाशाही रवैया दिखाता है। चौधरी ने कहा की सरकार जो नई ई टेंडरिंग व्यवस्था लाना चाहती है। इसके लिए न प्रदेश के गांव तैयार हैं। न ही गांव में पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर है। न इंटरनेट की सुविधा है, न ऑपरेटर है और न ही 24 घंटे बिजली रहती है। सरपंचों की अनदेखी कर सरकार प्रदेश के गांव के विकास कार्यों को नहीं होने देना चाहती।

उन्होंने कहा कि बीजेपी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती है। तभी पंचायत प्रतिनिधियों को अफसरशाही के साथ बीजेपी चुने हुए प्रतिनिधियों की ताकत को कुचलना चाहती है। सरपंचों के पास जब गांव के अधिकार ही नहीं होंगे तो गांव के विकास कार्य में जनता की भागीदारी नहीं होगी। वहीं अफसरों के हाथ से विकास कार्य होंगे।

## गांव के लोकतंत्र को खत्म कर देना चाहती है खट्टर सरकार,प्रदर्शन कर रहे सरपंचों पर वाटर कैनन और बल प्रयोग करना तानाशाही : चौ. निर्मल सिंह

**हरियाणा/चंडीगढ़ - (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख)**: आम आदमी पार्टी ने सरपंचों की मांगों को अनसुना करने और उनकी अनदेखी को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन को समर्थन दिया है। वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी इस विरोध में सरपंचों का समर्थन करती है। साथ ही उन्होंने सरपंचों के प्रदर्शन पर हुए लाठीचार्ज और वाटर कैनन के प्रयोग की निंदा की। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार चुने हुए प्रतिनिधियों से इनके अधिकार छीनना चाहती है। गांव का मुखिया सरपंच होता है। सरकार सरपंचों से अधिकार लेकर अफसरों को दे रही है। सरकार को सरपंचों से बातचीत कर रास्ता निकालना चाहिए।



पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने कहा कि सरकार जो नई व्यवस्था लाना चाहती है इसके लिए न प्रदेश के गांव तैयार हैं। न ही गांव में पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर है। न इंटरनेट की सुविधा है, न ऑपरेटर है और न ही 24 घंटे बिजली रहती है। सरपंचों की अनदेखी कर सरकार प्रदेश के गांव के विकास कार्यों को नहीं होने देना चाहती। उन्होंने कहा कि बीजेपी न लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती है। न ही चुने हुए प्रतिनिधियों में बीजेपी का विश्वास है। अफसरशाही के साथ बीजेपी चुने हुए प्रतिनिधियों की ताकत को कुचलना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरपंचों के पास जब गांव के अधिकार ही नहीं होंगे तो गांव के विकास कार्य में जनता की भागीदारी नहीं होगी। वहीं अफसरों के हाथ से विकास कार्य होंगे तो वे सरकार के प्रति उत्तरदायी होंगे। इससे जनप्रतिनिधित्व और लोकतंत्र खत्म हो जाएगा।

## हरियाणा में सरपंचों पर पुलिस का लाठीचाज:चंडीगढ़ में घुसने के लिए पंचकूला में बैरिकेडिंग तोड़ी, ई-टेंडरिंग का कर रहे विरोध

**हरियाणा/चंडीगढ़ - (वासु के मेहता हरियाणा** पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख):हरियाणा में बुधवार को ई-टेंडरिंग का विरोध करने चंडीगढ़ जा रहे सरपंचों को पुलिस ने पंचकूला में ही रोक लिया। सरपंच पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स पर चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो सरपंचों ने धक्का-मुक्की कर दी। सरपंचों ने बैरिकेड तोड़ दिए। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछारें मारी और जमकर लाठीचार्ज कर दिया। -टेंडरिंग के विरोध को लेकर पंचकूला में प्रदर्शन कर रहे सरपंचों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। दूसरी तरफ सरपंचों ने भी पुलिस पर पत्थरबाजी की। पुलिस की कार्रवाई में



काफी संख्या में सरपंच और सरपंच प्रतिनिधि घायल हुए हैं। 10 से ज्यादा लोगों को उपचार के लिए पंचकूला के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया।

हंगामा बढ़ता देख सी एम मनोहर लाल खट्?टर ने अपने ओ एस डी भूपेश्वर दयाल को सरपंचों से बातचीत के लिए भेजा। मगर, सरपंचों ने उनकी कोई बात सुनने से इनकार कर बैरंग लौटा दिया। अब वे वहीं चंडीगढ़-पंचकूला बॉर्डर पर धरना लगाकर बैठ गए हैं।

सी एम आवास घेरने जा रहे थे सरपंच:

हरियाणा सरकार ने इस साल 2 लाख से ज्यादा के कामों के लिए ई-टेंडरिंग अनिवार्य कर दी है। इससे सरपंच सरकार के विरोध में आ गए। उनका कहना है कि पहले हमें 20 लाख तक की पावर थी। अब नए आदेश से वह एक गली-नाली तक अपने स्तर पर नहीं बनवा सकते।

चुने हुए प्रतिनिधियों को अफसरों का गुलाम बनाया जा रहा है। उन्होंने विधायकों के लिए राइट टू रिकॉल की भी मांग की। उनका कहना था कि सरपंचों से पहले इसे विधायक सांसद पर भी लागू किया जाए। इसी के विरोध में सरपंच बुधवार को मुख्यमंत्री खट्?टर के आवास के घेराव के लिए जा रहे थे। जिन्हें पुलिस ने रोक लिया। सरपंचों और पुलिस में जमकर धक्कामुक्की हुई।

मंत्री ने मीटिंग में हाथ खड़े किए

कुछ दिन पहले भी सरपंचों ने पंचकूला में प्रदर्शन किया। तब सरकार ने राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली से उनकी मीटिंग तय कर दी। इस मीटिंग में मंत्री बबली ने हाथ खड़े कर दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री एवं अम्बाला लोकसभा संसद ने नव निर्वाचित पंचों, सरपंचों और जिला परिषद के सदस्यों को किया संबोधित

**हरियाणा/चंडीगढ़ - (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख)**: **- पूर्व केंद्री**य राज्यमंत्री एवं अम्बाला लोकसभा संसद श्री रतन लाल कटारिया ने बीडीपीओ कार्यालय रायपुररानी में आयोजित नव निर्वाचित पंचों, सरपंचों और जिला परिषद के सदस्यों के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य ह्यईज ऑफ लिविंगह्न और ह्यईज ऑफ डूइंगह्न को बेहतर बनाना है ।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व भाजपा शासित प्रदेशों की सरकारें न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन के सिद्धांत पर काम कर रही है।

श्री कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुराने कानूनों को हटाने और अनुपालन बोझ को कम करने के लिए जोर दिया हैं। उन्होंने राज्यों से आग्रह करते हुये कहा कि नवीन शासन प्रथाओ को राज्यों में लागू करना चाहिए। बीजेपी शासित प्रदेशों की सरकारों की प्राथमिकता पर्यावरण परिवर्तन की परियोजनाओं, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की योजनाओं और स्वयं सहायता समूह को ध्यान में रखते हुए बनाए गए ग्रामीण आजीविका के कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण विकास, युवा विकास और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर केंद्रित रहते हैं।

कटारिया ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक प्रशासन व मूलभूत आवश्यकताओं का वितरण सुनिश्चित करने के लिए कार्य में गति और पारदर्शिता लाने के लिए डाटा आधारित प्रणालियों के उपयोग पर जोर देना होगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस दिशा में सकारात्मक पहल की हैं। हरियाणा सरकार ने ऑनलाइन ट्रान्सफर पालिसी, ई राजस्व रिकॉर्ड, मेरा गाँव मेरी विरासत ई-पोर्टल और फैमिली आईडी आदि के माध्यम से परिदार्शिता से काम किया हैं। इस वर्ष के बजट में भी हरियाणा सरकार ने डांटा केंद्रों, स्वास्थ्य सुविधाओं, बुजुर्गों के लिए पेंशन में वृद्धि, कलाकारों के लिए नई पेंशन योजना आदि के माध्यम से जन-सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में और कदम बढ़ाये है।

उन्होंने कहा कि आज भारत में निवेश का सबसे अच्छा समय है, भारतीय युवाओं में उधमशीलता एक नई ऊंचाई पर है। आज भारत के पास दुनिया में तीसरे नंबर के सबसे ज्यादा यूनीकार्न्स हैं, जिनकी संख्या 80 से ज्यादा हैं और नये स्टार्ट-अप्स पंजीकरण की संख्या लगातार बढ़ रही है। आज भारत दुनिया में रिकॉर्ड सॉफ्टवेयर इंजीनियर भेज रहा है। इसके अलावा 50 लाख से ज्यादा सॉफ्टवेयर डेवलपर्स भारत में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत आत्मनिर्भरता के रास्ते पर चलते हुए सिर्फ प्रक्रियाओं को आसान बनाने पर ही नहीं बल्कि निवेश और उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। भारत वर्तमान के साथ-साथ अगले 25 वर्षों के लक्ष्य को लेकर नीतियां बना रहा है, इस अवधि में भारत में उच्च वृद्धि, कल्याण और आरोग्य को उच्चतम स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि विकास की यह अवधि हरित, स्वच्छ, सतत होने के साथ-साथ भरोसेमंद भी साबित होगी। श्री कटारिया ने कहा कि भारत की 75 प्रतिशत आबादी गांव में निवास करती है इसीलिए गांव को सड़कों से जोड़ना, इंटरनेट फाइबर से जोड़ना और किसानों की आय बढ़ाना आदि कार्यों के माध्यम से सरकार गांव की विकास की दिशा में कदम बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने दो दिन पूर्व किसान सम्मान निधि की 13वी किस्त के रूप में 16,800 करोड रुपए किसानों के खातों में हस्तांतरित किए हैं, जो यह साबित कर रहा है कि प्रधानमंत्री किसानों और किसानी को बेहतर सुविधाएं प्रदान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### ऐतिहासिक यादविंद्रा गार्डन में टिफिन बैठक का किया गया आयोजन,-पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री एवं अंबाला सांसद रतनलाल कटारिया ने मुख्यातिथि के रूप में की शिरक,बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के साथ साथ फूलों की होली खेलकर बैठक को बनाया यादगाार

**हरियाणा/चंडीगढ़ - (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख)**: **-- राष्ट्री**य कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा व कालका की पूर्व विधायक लतिका शर्मा द्वारा आज पिंजौर के ऐतिहासिक यादविंद्रा गार्डन में टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री एवं अंबाला सांसद श्री रतनलाल कटारिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उपस्थित सभी महिला पदाधिकारियों ने फूलों की होली खेलकर बैठक को यादगार बनाया।

श्री रतनलाल कटारिया ने कहा कि टिफिन बैठक का आयोजन ऐतिहासिक यादविंद्रा गार्डन में करना इस बैठक के महत्व को और बढ़ा देता है। उन्होंने कहा कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के साथ साथ सभी ने फूलों की होली खेली और साथ में भोजन भी किया। उन्होंने इस बैठक के आयोजन के लिये कालका की पूर्व विधायक लतिका शर्मा की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रीमती लतिका शर्मा कालका विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिये कार्य करने के साथ साथ सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में बढ़चढ़कर हिस्सा लेती है।

उन्होंने कहा कि जी-20 के आयोजन से भारत का विश्व में गौरव बढ़ा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का बीड़ा उठाया है और इस दिशा में हम लगातार आगे बढ़ रहे है। श्रीमती लतिका शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में हरियाणा भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा चैहान, उतराखंड की महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती आशा नोटियाल, चंडीगढ़ की महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता धवन, गेल की पूर्व निदेशक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बंतो कटारिय और हरियाणा, हिमाचल प्रदेश की महिला पदाधिकारियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया और इस बैठक को यादगार बनाया। उन्होंने कहा कि महिलायें घर और परिवार की जिम्मेदारियों का भलीभांति निर्वहन करती है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बैठक से महिलायें परिवार और सामाजिक जिम्मेदारियों में सामन्जशय बिठाकर चलने की उर्जा लेकर जायेंगी। इस अवसर पर नगर परिषद कालका के प्रधान कृष्ण लाल लांबा, महिला पार्षदों सहित भारी संख्या में महिला पदाधिकारी उपस्थित थी।

### खट्टर सरकार को भारी पड़ेगा सरपंचों पर अत्याचार :सुधा भारद्वाज

**हरियाणा/चंडीगढ़ - (वासु के मेहता हरियाणा पॉलिटिकल ब्यूरो प्रमुख)**: **- हरियाणा प्रदेश** महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा भारद्वाज ने बुधवार को पंचकूला-चंडीगढ़ सीमा पर पुलिस द्वारा सरपंचों पर किए गए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि आज के धरने में बहुत की महिला सरपंच भी शामिल थी, जिन्हें पुलिस ने सरकार के इशारे पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा है।

महिलाओं पर किया गया लाठीचार्ज खट्टर सरकार को भारी पड़ेगा। आज यहां जारी एक बयान में सुधा भारद्वाज ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार कभी किसानों पर लाठीचार्ज करवाती है तो कभी ओपीएस की मांग कर रहे कर्मचारियों को लाठियों से पीटा जाता है। सुधा भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को हुए घटनाक्रम के दौरान भारी संख्या में महिलाओं पर लाठीचार्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार के सत्ता में आते ही न केवल ओल्ड पेंशन योजना को लागू किया जाएगा बल्कि सरकार द्वारा जानबूझ कर लागू की गई ई-टेंडरिंग प्रणाली को खत्म किया जाएगा। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे अत्याचार लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सरकार के पापों का घड़ा भर चुका है। प्रदेश में आज कर्मचारी, अधिकारी, मजदूर, किसान, सरपंच आदि को अपने अधिकारों की लड़ाई लड? के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन करना सभी का अधिकार है लेकिन पुलिस से लाठीचार्ज करवाकर यह सरकार जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों की आवाज को दबाना चाहती है।

# 11 वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम को मिले 13 मेडल जिसमें से छ गोल्ड

**समाचार निर्देश ब्यूरो काछवा ( संजय भाटिया)वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने 13 मेडल जी**तकर राज्य व करनाल जिले का नाम रोशन किया है ।टीम में अधिकतर खिलाड़ी करनाल जिले के भिन्न भिन्न गांवो के हैं ।इन मेडलों में से 6 गोल्ड मेडल है। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता कर्नाटक के उडुपी शहर में आयोजित की गई थी, जो 24 फरवरी से 26 फरवरी तक चली। पूरे देश की भिन्न-भिन्न प्रदेशों की टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। टीम का करनाल जिले में पहुंचने पर पहले घरौंडा में स्वागत किया गया ।खिलाड़ियों को फूल मालाओं से लाद दिया गया। डीजे बजाते हुए करनाल नमस्ते चौक पर ,फिर नए बस स्टैंड पर एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें एक संस्था के चेयरमैन, सरपंचों व ग्रामीणों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गांव चूरनी,पुंडरक ,दादूपुर व शामगढ़ के सरपंच उपस्थित थे। टीम के कोच प्रवीण



कुमार की मेहनत व लगन की सभी ने तारीफ की। बाद में कोच प्रवीण कुमार ने बताया कि टीम को कुल 13 मेडल मिले हैं जिसमें से 6 गोल्ड, 5 सिल्वर व दो ब्रॉन्ज हैं । बोटिंग की यह प्रतियोगिता 200 मीटर, 500 मीटर, 2000 मीटर की थी। प्रतियोगिता में सीनियर व जूनियर महिला पुरुष की दोनों टीमों ने भाग लिया था। जूनियर वर्ग की टीम को 4 गोल्ड 3 सिल्वर एक ब्रांज मेडल मिला ।महिला वर्ग की टीम को 5 मेडल मिले जिसमें से दो गोल्ड ,2 सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। कोच ने बताया कि अगली राष्ट्रीय प्रतियोगिता 25 मार्च से 29 मार्च तक करनाल भाखड़ा नहर म पर रखी गई है। टीम में भाग लेने वाली खिलाड़ी मीनाक्षी पाल काछवा, देविका, वंशिका, नेहा राणा ,निशा ,मीनाक्षी पाल पाल नगर ,मीनू घनघस, प्रीति पाल, रितिका ,दीप्ति ,सतनाम ,काजल ,रीना, मुकेश रानी, निकिता, आशू ,शीतल ,शिवानी ,स्वाति ,मुस्कान ,मधु व रीना के नाम शामिल है। ये सभी खिलाड़ी गुरु गोरक्षनाथ स्पोर्ट्स क्लब उचाना करनाल के है।

गरीब परिवार की मीनाक्षी के जज्बे को सभी ने सलाम किया

काछवा। काछवा के गरीब परिवार की मीनाक्षी पाल के जज्बे, मेहनत ,लगन को सभी गांव वासियों ने सलाम किया ।उन्हें उनका गांव पहुंचने पर पुष्प मालाए पहनाकर उसका भव्य स्वागत किया गया। उसके मां बाप को सभी ने बधाइयां दी। मीनाक्षी का एक भाई व चार बहने हैं और वह सबसे छोटी है ।उसकी मां मनरेगा में मजदूरी करती है तथा पिता राज मिस्त्री है। मीनाक्षी ने जिस टीम जूनियर वर्ग की टीम में भाग लिया था उस टीम को आठ मेडल मिले 4 गोल्ड 3 सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल है इसमें से अकेली मीनाक्षी पाल के 5 मेडल मिले है, जिनमें से तीन गोल्ड 1 सिल्वर व एक ब्रांज उसके नाम है। मीनाक्षी ने बताया कि अब उसका अगला मिशन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर गोल्ड मेडल भारत को दिलाना है। गांव की सरपंच सुशीला रानी ,सरपंच प्रतिनिधि डॉ दीपक कुमार ,ब्लॉक समिति के सदस्य सुरेश फौजी ,समाजसेवी राजेश बागड़ी ,सेवादार राजेश भैंखड़ ,मेघराज लूथरा , जोगिंदर कुमार रोड, समाजसेवी संजय भाटिया ,अरुण शर्मा हवा सिंह कांगर, जय बाबा छुआरा गिरी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष गजराज व अक्षय ने मीनाक्षी पाल व उसके मां-बाप को बधाइयां दी है

## संक्षिप्त खबरें

### भागवत कथा से होता है मन का शुद्धिकरण

**समाचार निर्देश ब्यूरो करनाल (संजय भाटिया)काछवा के श्री कृष्णा मंदिर में चल रही** श्रीमदभागवत कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे श्री हित जीवन वल्लभ जी महाराज ने आज कथा प्रसंग में जड़भरत चरित्र अजामिल पख्यान नरसिंह अवतार समुद्र मंथन की कथा का सुंदर वर्णन किया। वामन अवतार के माध्यम से बतलाया कि जो संत ब्रम्हाण, गो और गुरु की सेवा करता है वह जो चाहे सो प्राप्त कर सकता है। उन्होंने आगे राम कथा का सुंदर वर्णन किया और विश्राम समय की बेला में सुंदर मनमोहक झांकी के द्वारा नंदोत्सव का पावन आनंद प्राप्त करवाया। कथा के मध्य चल रहे सुंदर संगीत में जय श्री राम श्याम सुन्दर, सोनू और पंकज तिवारी के भजनों के द्वारा सभी भक्त भाव विभोर हो उठे। श्री हित जीवन वल्लभ जी महाराज ने कहा कि कथा की सार्थकता तब ही सिद्ध होती है जब इसे हम अपने जीवन व व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हैं। अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल मनोरंजन, कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है।

### गरीब परिवार की मीनाक्षी के जज्बे को सभी ने सलाम किया

**समाचार निर्देश ब्यूरो काछवा (संजय भाटिया )काछवा के गरीब परिवार की** मीनाक्षी पाल के जज्बे, मेहनत ,लगन को सभी गांव वासियों ने सलाम किया ।उन्हें उनका गांव पहुंचने पर पुष्प मालाए पहनाकर उसका भव्य स्वागत किया गया। उसके मां बाप को सभी ने बधाइयां दी। मीनाक्षी का एक भाई व चार बहने हैं और वह सबसे छोटी है ।उसकी मां मनरेगा में मजदूरी करती है तथा पिता राज मिस्त्री है।

मीनाक्षी ने जिस टीम जूनियर वर्ग की टीम में भाग लिया था उस टीम को आठ मेडल मिले 4 गोल्ड 3 सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल है इसमें से अकेली मीनाक्षी पाल के 5 मेडल मिले है, जिनमें से तीन गोल्ड 1 सिल्वर व एक ब्रांज उसके नाम है। मीनाक्षी ने बताया कि अब उसका अगला मिशन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर गोल्ड मेडल भारत को दिलाना है। गांव की सरपंच सुशीला रानी ,सरपंच प्रतिनिधि डॉ दीपक कुमार ,ब्लॉक समिति के सदस्य सुरेश फौजी ,समाजसेवी राजेश बागड़ी ,सेवादार राजेश भैंखड़ ,मेघराज लूथरा , जोगिंदर कुमार रोड, समाजसेवी संजय भाटिया ,अरुण शर्मा हवा सिंह कांगर, जय बाबा छुआरा गिरी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष गजराज व अक्षय ने मीनाक्षी पाल व उसके मां-बाप को बधाइयां दी है

### करनाल पश्चिमी यमुना नहर में गांव काछवा की छात्रा ने लगाई छलांग हुई मौत

**समाचार निर्देश ब्यूरो करनाल /काछवा (संजय भाटिया) जिले में काछवा रोड** स्थित पश्चिमी यमुना नहर में गांव काछवा की छात्रा ने छलांग लगा दी। छात्रा को नहर में कूदता देख कुछ लोगों ने उसको बचाने का भी प्रयास किया, लेकिन वह बाहर नहीं आई और देखते ही देखते पानी में डूब गई। वहीं घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा करनाल के काछवा गांव की रहने वाली है। लड़की गरीब परिवार से है और इसके माता-पिता भी गुजर चुके हैं अब परिवार में दो बहने व एक भाई था मृतक लड़की का नाम सिया था और यह बीए की छात्रा थी। आज दोपहर वह घर पर बिना किसी को बताए करनाल आ गई और काफी देर तक नहर पर ही घूमती रही। दोपहर बाद अचानक नहर के पुल से पानी में छलांग लगा दी। जब नहर में छात्रा ने छलांग लगाई तो वहां से गुजर रहे बाइक सवार ने उसे बचाने के लिए नहर में छलांग लगाई। वह छात्रा को बाहर निकाल रहा था तो उसने बाहर आने से मना कर दिया और वह देखते ही देखते पानी में डूब गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे रामनगर थाना के रत्नड जगबीर ने बताया कि पुलिस व गोताखोरों की टीम छात्रा की नहर में तलाश कर रही है। छात्रा करनाल के गांव काछवा की रहने वाली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अरावली की सुंदर पहाड़ियों की तलहटी में बसे देसूरी नगर में क्षेत्रपाल महाविद्यालय प्रांगण में उड़ान, 2023 वार्षिकत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह शानदार आगाज हुआ

**समाचार निर्देश ब्यूरो सरदार कर्मपालसिंह सवाली**

**पाली। देसूरी,अ**रावली की सुंदर पहाड़ियों की तलहटी में बसे देसूरी में क्षेत्रपाल महाविद्यालय 2004/,2005 से लगातार आंदोलन के रूप में अपना ग्रामीण अंचलों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपना सफर तय करता हुआ।

आज शानदार उच्च शिक्षा की प्रगति पर देसूरी का शानदार गौरव बढ़ा रहा क्षेत्रपाल महाविद्यालय में आज वार्षिकत्सव

एवं शानदार प्रगति करने वाले छात्र छात्राओं को हर वर्ष पढ़ाई में उत्कृष्ट कार्य ने पूरी लगन ईमानदारी से छात्र-छात्राएं पूरे निष्ठावान होकर शिक्षा ग्रहण करके देसूरी और मारवाड़ का क्षेत्र का नाम का गौरव बढ़ा रहे हैं उनको पुरस्कार सम्मान करके उनका जज्बा बढ़ाया जाता है।

आजा सीबीओ मोहनलाल बलई, एसीबीओ

लाला राम प्रजापति इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर मां सरस्वती का दीप प्रज्वलित करके माला पहना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की छात्रा ने बंदना प्रार्थना करके कार्यक्रम का आगाज किया , कार्यक्रम में खेत्रपाल महाविद्यालय निदेशक डॉ देवेंद्र शर्मा ने इस शिक्षा क्रांति संचार में उन्होंने अपने जीवन में बताया जब 2004 और 2005 में बहुत ही देसूरी अरावली आदिवासी बाहुबल क्षेत्र से जो उच्च शिक्षा से बहुत ही पिछड़ा हुआ था। उस समय में इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा की अलख जगाने के लिए खास करके महिलाओं में मजबूत उच्च शिक्षा क्योंकि महिलाओं में शिक्षा इससे पहले कमजोर रही और मेरे 20 वर्ष के शानदार प्रदर्शन आंदोलन के रूप में कार्य करके मेरी पूरी टीम ने कंधे से कंधा मिलाकर मेरी टीम के अथक प्रयासों से आज देसूरी उपखंड क्षेत्र के प्रत्येक गांवों ढाणी में क्षेत्रपाल महाविद्यालय ने अनूठी पहल करके महिलाओं को शिक्षा पर जोर देने की उच्च शिक्षा अलख जगाने की जरूरत समझी और गांव-गांव ढाणी-ढाणी में बेटियों को अपने स्वयं के खर्चे से निशुल्क बसों की सेवा चालू करके उनको लेकर आना जाना बसे से ।

## डिस्कवरी स्कूल में किया स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**समाचार निर्देश ब्यूरो लाडवा, (मानव गर्ग): भारत विकास परिषद लाडवा** द्वारा डिस्कवरी स्कूल में स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के भाग लिया और अपनी प्रतिभाका प्रदर्शन किया।

स्कूल की चेयरमैन राकेश गर्ग ने बच्चों का प्रोत्साहन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता बच्चों के शारीरिक विकास के लिए बहुत ही अनिवार्य है। खेलकूद से बच्चों का शारीरिक विकास तो होता ही है और बच्चों को टीम वर्क में काम करना भी आ जाता है। वहीं भारत विकास परिषद से तिलक राज ने कहा की शिक्षा लेना व शिक्षा देना जीवन का एक बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने बताया की शिक्षा देना के बहूत ही बड़ा दान है ओर ये एक ऐसा दान हैं जो देने से बढ़ता है। मौके पर रोहित गर्ग, सुमित गर्ग, मुकेश गर्ग, अरविंद सिंघल, कुवंर सिंघल, विनय गर्ग आदि मौजूद थे।

## लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में नम्बरदार एसोसिएशन की बैठक हुई आयोजित

**समाचार निर्देश ब्यूरो लाडवा, (मानव गर्ग): लाडवा** के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में नम्बरदार एसोसिएशन तहसील लाडवा की मासिक बैठक आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता उप प्रधान राजीव कुमार नम्बरदार ने की। उप प्रधान राजीव कुमार नम्बरदार ने कहा कि जो सरकार द्वारा आयुष्मान योजना में सरकार ने सभी नम्बरदारों से 125 रुपए प्रतिमाह लेकर सभी नम्बरदार को आयुष्मान योजना का जो लाभ दिया उसके लिए लाडवा ब्लॉक



के सभी नंबरदार साथी सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। इससे पहले सरकार ने जो वायदे किए थे उसको भी पूरा करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि गांव में साफ-सफाई, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और सुकन्या योजना का प्रचार भी जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। मौके पर सुभाष चंद, दर्शन लाल, जसवीर सिंह, मेहर सिंह, साधु राम, जोगिन्द्र सिंह, सावन राम, रामस्वरूप, राजवीर, समय सिंह, महावीर, मरतोली आदि मौजूद थे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन लाडवा युवा इकाई का हुआ पदभार ग्रहण समारोह

**समाचार निर्देश ब्यूरो लाडवा, (मानव गर्ग): लाडवा अनाजमंडी धर्मशाला में** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन युवा इकाई के प्रधान सचिव एवं कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए। जिसमें आशीष कंसल प्रधान, सुमित गोयल सचिव व पारस गर्ग को कोषाध्यक्ष बनाया गया। यह तीनों ही पद संस्था के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से चुने गए।

सम्मेलन के सीनियर विंग के प्रधान सुरेन्द्र सिंगला ने बताया कि युवा इकाई का पिछला कार्यकाल 28 जनवरी को पूरा हो चुका था। जिसमें नई टीम का गठन किया गया। प्रधान सचिव व कोषाध्यक्ष को मनोनीत किया गया। आगे की टीम तीनों मिलकर बनाएंगे। सुरेन्द्र सिंगला ने पूर्व में किए गए



कार्यों के बारे में जानकारी दी। जिसमें संस्था द्वारा किए गए। पिछले साल के कार्यों पर प्रकाश डाला गया और आगे आने वाले पदाधिकारियों को समाज के लिए अच्छे कार्यों को करने का भार सौंपा गया। जिसमें आशीष कंसल प्रधान, सुमित गोयल सचिव व पारस गर्ग को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मौके पर श्री अग्रवाल सभा महिला इकाई की प्रधान उर्मिल अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, अग्रवाल सभा प्रधान दुर्गेश गोयल, विकास सिंघल नीरज गोयल, बृजभूषण, जयप्रकाश, संजीव मंगला, राजेश्वर, हैप्पी सिंगला, राजेश गुप्ता, दुर्गेश, सुनील गर्ग, नीरज गोयल, नीरज अग्रवाल, शुभम बंसल, केशव मित्तल, शंकी सिंगला आदि मौजूद रहे।

## केन्द्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर के रेट में 50 रूपए की बढोत्तरी कर आमजन की कमर तोड़ीः संदीप



**समाचार निर्देश ब्यूरो लाडवा, (मानव गर्ग): स्टालवार्ट फांउडेशन के** चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के रेट में 50 रूपए की बढोत्तरी कर आमजन की कमर तोड़ने का काम कर दिया है। पहले के काम धंधे ठंडे पड़े है। उसके बावजूद भी महंगाई चरम सीमा पर पहुंची हुई है।

समाजसेवी संदीप गर्ग बुधवार को लाडवा के वार्ड तीन में लोगों से मिले। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा होली के त्यौहार से पहले एक बार फिर महंगाई द्वारा झटका दिया है। तेल-गैस कंपनियों ने बुधवार सुबह से ही घरेलू और कॉमर्शियल गैस की कीमतों में इजाफा कर दिया है। आठ महीने के अंदर ही कंपनियों ने घरेलू गैस सिलेंडर की रेट में 50 रुपए बढ़ा दिये हैं। जो कि आम जन व दिहाड़ी मजदूरी करने वाले व्यक्तियों की कमर तोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपना घर चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि अगर केन्द्र सरकार ने रेट में बढोत्तरी करनी ही थी तो एक, दो या पांच रूपए की ही कर देती। परंतु सीधा 50 रूपए की गैस के सिलेंडर में बढौत्तरी करना सही नहीं है। इससे लोग नाराज होंगे और सड़कों पर उतरने को भी मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि आज बाजार में हर वस्तु के रेट आसमान छू रहे हैं। जिससे जनता परेशान है। मौके पर विक्रमजीत सिंह, अनुज गर्ग, नरेश कुमार, सुरेन्द्र गुप्ता, रमनदीप, कुलविन्द्र, सोनू मेहता, प्रथम मेहता आदि मौजूद थे।

## डीपीएस किड्स स्कूल में बच्चों को फलों के महत्वबारे बताया गया

**समाचार निर्देश ब्यूरो लाडवा, (मानव गर्ग): लाडवा के डीपीएस कि**ड्स स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों को फलों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया और संतरे के गुणों के बारे में विस्तार से बताया गया।

स्कूल की प्राचार्य दीप्ति वडेरा ने बच्चों को कहा कि बच्चों को संतरा फल बहुत पसंद आता है और इसे वह बड़े ही चाव से खाते हैं। उन्होंने कहा कि संतरे फल में विटामिन पाया जाता है। जो शरीर की उन्नति के लिए बेहद जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि सर्दी



जुखाम होता रहता है और संतरे जैसे फल इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत करता है और अनेक प्रकार की बीमारियों से बचाता है। सभी बच्चों को सभी फल खाने चाहिए और जंक फूड की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देना चाहिए। क्योंकि वह सिर्फ शरीर को नुकसान हो जाता है और अनेक प्रकार की बीमारियां लगाता है। मौके पर स्कूल स्टॉफ मौजूद था।

## लाडवा हल्के के सभी लोगों के कटे हुए राशन कार्ड दोबारा से जोड़े जाएंगेः सैनी

### जिला सचिव राहुल सैनी ने खुला दरबार लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

**समाचार निर्देश ब्यूरो लाडवा, (मानव गर्ग): लाडवा-इन्द्री मार्ग पर स्थित भाजपा** नेता प्रदीप सहगल के कार्यालय पर भाजयुमो के जिला सचिव राहुल सैनी खेड़ी ने खुला दरबार लगाकर उन लोगों की समस्याएं सुनी। जिन लोगों के राशन कार्ड कट गए हैं और फैमिली आईडी में कोई न कोई दिक्कत आई हुई थी। लगभग 175 लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। भाजयुमो के जिला सचिव राहुल सैनी खेड़ी



ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में लाडवा हल्के के कई जरूरतमंद लोगों के राशन कार्ड व फैमिली आईडी में दिक्कत आ गई थी। जिसकी जिसको लेकर बुधवार को खुला दरबार लगाया गया। जिसमें उन लोगों की समस्याओं को सुना गया और लगभग अनेक लोगों के कटे राशन कार्ड वह फैमिली आईडी में आई दिक्कत की रिक्वेस्ट डाली गई और जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान हो जाएगा जो बाकी बचे लोग हैं उनकी भी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने ने पहले दो बार खुला दरबार लगाया था। जिसमें लगभग 100 से भी अधिक लोगों के जो राशन कार्ड में दिक्कत आई हुई थी उसको दूर करवाकर उन्हें सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसी को भी किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जनता हित के लिए कार्य कर रहे हैं और पूरे प्रदेश का समान रूप से विकास करवा रहे हैं। मौके पर जमेरो देवी, प्रकाश चंद, बबली देवी, दीपक, अरूण, मामचंद, नरेश, खेमचंद, त्रिलोचन सिंह, सर्वजीत कौर, किशोर, राकेश आदि मौजूद थे।

# झज्जर व सोनीपत की मुआवजा बढ़ाने के लिए होगा कमेटी का गठन, किसानों को नोटिफिकेशन का इंतजार: रमेश दलाल

***जल और भूमि युद्ध की सभी मांगे जायज, केंद्र व हरियाणा सरकार जल्द दे मंजूरी : राष्ट्रीय किसान नेता रमेश दलाल***

***केएमपी मांडोठी टोल पर 56वे दिन भी किसानों का धरना जारी रहा***

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**



भारत भूमि बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष रमेश दलाल के नेतृत्व में हजारों किसानों का धरना केएमपी मांडोठी टोल पर 56वे दिन भी जारी रहा। राष्ट्रीय किसान नेता रमेश दलाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारे मुख्यमंत्री मनोहर लाल से विभिन्न मांगों पर सहमति बनी है। उस सहमति के आधार पर सबसे पहले हरियाणा सरकार को एक नोटिफिकेशन जारी करना है। इसमें दोनों जिलों (झज्जर व सोनीपत) की मुआवजा बढ़ाने के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। उसके नोटिफिकेशन का किसानों को इंतजार है। किसान नेता रमेश दलाल ने कहा कि आज भी उनकी अधिकारियों से बात हुई है फाइलों को इधर से उधर मूव करने में लेकिन आज के दिन अधिकारियों का जो रवैया रहता है प्रत्येक चीज को लंबा खींचना जैसे ही कमेटी बनेगी उसी के बाद अपना निर्णय देगी। राष्ट्रीय किसान नेता रमेश दलाल ने कहा कि हमारी जो जितनी मांगे हैं वह यथावत जारी है। जो जो सरकार ने मांगे मंजूर की हैं उनके बारे में हमे लिखित में मुआवजा बढ़ाने की मंजूरी के सभी कागज हमे देंगे उसी के बाद हमें क्या फैसला लेना है उसके बारे में विचार विमर्श किया जाएगा। जब तक हमारा धरना जारी है और जब तक सभी मांगे पूरी नही हो जाती तब तक धरना जारी ही रहेगा। जल और भूमि युद्ध मे हमारी जितनी मांगे है जो केंद्र सरकार को हरियाणा सरकार ने भेजी है उसकी भी मंजूरी की मांग है केवल भेजने से काम नही चलेगा। हरियाणा सरकार जल्दी ही उनको भेजकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी भारत भूमि बचाओ संघर्ष समिति को साथ मे लेकर सभी मांगे पूरी करे।

राष्ट्रीय किसान नेता रमेश दलाल ने कहा कि डीसी की कमेटी 1 सप्ताह में मुआवजा बढ़ाने की घोषणा करेगी। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानो को उनकी जमीन का 10 करोड़ रुपए प्रति एकड़ मुआवजा, एसवाईएल का पानी और 108 हिंदी भाषीय गांव पंजाब से हरियाणा को देने, क्षेत्र के विकास के लिए मेट्रो रेल सेवा का नजफगढ़ से बादली मेट्रो-रिठाला से खरखौदा तक मेट्रो का विस्तार, पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह, पूर्व उप-प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल, किसानों के मसीहा सर छोटूराम, कवि मेहर सिंह दहिया को भारत रतन अवॉर्ड देना चाहिए। केंद्र सरकार हाईकोर्ट के लिए हरियाणा को जमीन जल्द से जल्द अलॉट करके हाईकोर्ट बनाए। इस अवसर पर बीजे प्रधान, ओम साहब, जगदीश उर्फ जंगली, दिलबाग दलाल, सरदारे जसौरखेड़ी, बिजेंद्र मण्डौरा, ईश्वर तुर्कपुर, धर्मदेव मण्डौरा, जयप्रकाश दहिया, राजेश दहिया, सतपाल बुपनिया, सतपाल नूना माजरा, कृष्ण चंद्र आसौदा, गीता देवी, मूर्ति, अंजू, संतरा, बिमला, कृष्णा, संतोष आसौदा, कविता दलाल, पूनम दलाल, बिमला आसौदा, प्रकाशी बुपनिया, सुदेश लोहचब,किताबों मांडौठी, खजानी मांडौठी, सुशीला देवी, भरपाई आसौदा, जगमन्ती लोहचब, मुन्नी देवी, छोटूराम दलाल आदि मौजूद रहे।

# स्वस्थ उत्पादों के साथ रंगों का त्योहार मनाएं: Holiwithflpindia




**नई दिल्ली, 1 मार्च 2023। होली** लगभग आ चुकी है और हम बार-बार रंग बरसे खेलने का इंतजार नहीं कर सकते। #लङ्क्ष्’द्ब३ँ’स्रल्र्ल्रि रंगों के एक सुरक्षित और स्वस्थ त्योहार को मनाने के लिए एक प्रमुख एलो आधारित कांग्लोमरेट उत्पादों की एक श्रृंखला शुरू की है।

जबकि एलो वेरा मॉकटेल, एक्टिव प्रो बी, एलो वेरा जेली और एलो प्रोपोलिस क्रीम वाली उत्पाद श्रृंखला, ऋछ्ढ क्ल्र्ल्रि आपकी और आपके प्रियजन की देखभाल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। त्योहार के दौरान कोई भी परफेक्ट मॉकटेल ले सकता है जिसमें आइस्ड कॉफी शेक, स्वीट एंड नटी शेक, चेरी जिंजर जिंजर, चोकोबेरी और कई अन्य शामिल हैं।

ह्वश्री हरीश सिंगला सीएसएम फॉरएवर लिविंग ने कहा "हम सभी को द्वि घातुमान खाने के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिए एक अच्छी डिटॉक्स योजना की आवश्यकता है। एलर्जी की प्रतिक्रिया के अति-भोग के कारण किसी का पेट खराब हो सकता है। आपको और आपके परिवार को सुरक्षित रखने के लिए, फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स (इंडिया) में आपके पेट के स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए असंख्य उत्पाद हैं

आपकी त्वचा को शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उत्पाद एलो वेरा जेली है। आपकी त्वचा की जलन को शांत करने के लिए किसी त्वचा विशेषज्ञ से मिलने या एंटी-एलर्जिक टैबलेट लेने की आवश्यकता नहीं है। उत्पाद एलो वेरा जेली और एलो प्रोपोलिस क्रीम आपके बचाव में आता है। वही स्थिर एलो वेरा और बी प्रोपोलिस का एक अनूठा संयोजन है।

# अवैध हथियार के मामले का वांछित एक उदघोषित आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

झज्जर पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार के मामले में वांछित एक उद्धघोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपी को माननीय अदालत द्वारा अक्टूबर 2022 में उदघोषित आरोपी घोषित किया गया था। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सेक्टर 6 बहादुरगढ़ निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि थाना में दर्ज अवैध हथियार रखने के एक आपराधिक मामले में वांछित एक उदघोषित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वांछित एवं उदघोषित अपराधियों की धरपकड़ के संबंध में एसपी झज्जर श्री वसीम अकरम द्वारा किए गए निदेर्शों की पालना करते हुए एक उद्घोषित आरोपी को काबू करने में कामयाबी हासिल की गई।

उन्होंने बताया कि थाना में तैनात मुख्य सिपाही मनदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए उद्घोषित एक आरोपी को थाना एरिया में स्थित एक पार्क से काबू किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान नवीन उर्फ कालू निवासी विकास नगर लाइनपार बहादुरगढ़ के तौर पर की गई। पकड़ा गया आरोपी अवैध हथियार रखने के संबंध में थाना सेक्टर 6 बहादुरगढ़ में दर्ज अपराधिक मामले में वांछित आरोपी था।

# क्विक हील की सीएसआर पहल ने शिक्षण संस्था, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया

नई दिल्ली। वैश्विक साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता क्विक हील ने आज अपनी सीएसआर इकाई के माध्यम से ह्यसाइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवाड्र्सह्ल के पहले संस्करण का आयोजन किया। इस पुरस्कार समारोह में उन शिक्षण संस्था, शिक्षकों और विद्यार्थियों के उल्लेखनीय योगदान पर आभार प्रकट किया गया, जिन्होंने स्वेच्छा से उपेक्षित लोगों के बीच साइबर सुरक्षा पर जागरूकता फैलाई । पुणे संस्करण के पुरस्कार क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुश्री अनुपमा काटकर और भाग लेने वाले 6 संस्थानों के शिक्षकों की उपस्थिति में दिये गये।

पुरस्कार समारोह का आयोजन पुणे के चिंचवाड़ क्षेत्र में केईएस प्रतिभा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एण्ड कंप्यूटर स्टडीज में हुआ था। स्वेच्छा से भाग लेने वाले संस्थान थे एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ट्रस्ट का शारदा बाई पवार महिला महाविद्यालय, डॉ. डी वाय पाटिल यूनिटेक सोसायटी का डॉ. डी वाय पाटिल कॉलेज ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स एण्ड साइंस, कमला एज्युकेशन सोसायटी का प्रतिभा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एण्ड कंप्यूटर स्टडीज, एमआईटी आर्ट्स, कॉमर्स एण्ड साइंस कॉलेज अलांदी, एमकेएसएसएस का के. बी. जोशी इंस्टिट्यूशन ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और पीडीईए का अन्नासाहब मगर कॉलेज।शिक्षण संस्था, शिक्षकों और विद्यार्थियों को अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया, जिनके विजेताओं का चयन कॉलेजों से मिले उस डाटा के आधार पर हुआ, जिसमें कंपनी के ह्यसाइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षाह्ल प्रोग्राम में सक्रिय भागीदारी के तहत कार्यवाही, गतिविधियों और पहुँच के प्रयासों का वर्णन था। क्विक हील फाउंडेशन की वेबसाइट पर इसी काम के लिये एक वोटिंग पेज बनाया गया था, जहाँ नॉमिनेटेड प्रस्तुतियों को वीडियो क्लिप्स के रूप में पोस्ट किया गया था।

इस मौके पर क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन और क्विक हील टेक्नोलॉजीस लिमिटेड में ऑपरेशनल एक्सीलेंस की चीफ सुश्री अनुपमा काटकर ने कहा, ह्यह्लहमारा उद्देश्य ह्यसिक्योरिंग फ्यूचर्सह्ल कई लोगों और संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से ही संभव होता है। आज मैं हमारे सभी भागीदारों को हार्दिक धन्यवाद देती हूँ, जिनमें डीएससीआई, महाराष्ट्र साइबर सेल और स्थानीय पुलिस शामिल है और जिन्होंने ह्यसाइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षाह्ल पहल को अपना अमूल्य सहयोग दिया है। और निश्चित तौर पर, पुणे में अपने पुरस्कारों के पहले संस्करण में हम अपने योद्धाओं, यानि कि विद्यार्थियों, आगे रहकर काम करने वाली शिक्षण संस्था और शिक्षकों के बेहतरीन काम के लिये आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचते हुए सभी के बीच साइबर सुरक्षा पर जागरूकता फैलाई है।ह्यह्ल

पुरस्कार समारोह के अगले चार संस्करणों का आयोजन क्रमशः 15 फरवरी को मुंबई, 3 मार्च को नागपुर, 9 मार्च को सोलापुर और 14 मार्च को औरंगाबाद में होगा।

# फिरौती मांगने व ना देने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले का वांछित एक आरोपी काबू

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

फिरौती की मांग करने व ना देने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में गहनता से कार्रवाई करते हुए झज्जर पुलिस की एक टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की गई है। झज्जर पुलिस की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए उपरोक्त मामले के एक आरोपी को बहादुरगढ से काबु किया गया। मामले की जानकारी देते हुए सीआईए टू बहादुरगढ़ के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बादली एरिया में स्थित एक कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों को धमकी देकर फिरौती मांगने के उपरोक्त मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू बहादुरगढ़ की टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि बलवान निवासी बादली ने शिकायत देते हुए बताया था कि उसका पाहसौर कंपनी में गाड़ी खाली कराने का काम है। उसके पास तीन आदमी काम करते हैं। गाड़ियों के सामान उतारने की एवज में कंपनी उसे व उसके कर्मचारियों को निर्धारित राशि देती है। 12 अक्टूबर 2022 को उसकी अपने कर्मचारियों कर्मचारी रवि, अमन से फोन पर बात हुई थी। उसने बताया कि अमन निवासी खेड़ी जट और लड्डू सोनीपत अपने अन्य 8/10 आदमियों के साथ आकर उसके कर्मचारियों को धमकाया और उनके साथ धक्का-मुक्की की थी। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि या तो उनका हिस्सा डाल ले या फिर फिरौती के तौर पर पैसे दे दे वरना काम छोड़कर भाग जाए, बात नहीं मानी तो जान से मार देंगे। गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने भी फोन पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए कंपनी छोड़ कर भाग जाने की बात कही थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ थाना बादली में अपराधिक मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी श्री वसीम अकरम द्वारा मामले की गहनता से जांच पड़ताल करने तथा मामले के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के संबंध में कड़े दिशा-निर्देश दिए गए थे। एसपी के दिशा निर्देशों की पालना करते हुए सीआईए टू बहादुरगढ़ की टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है।

# *आईआरसीटीसी ट्रेवेल क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी की




**नई दिल्ली, 1 मार्च, 2023 । रेल** मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) और भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज भारत के सबसे पुरस्कृत को-ब्रांडेड ट्रेवेल क्रेडिट कार्डों में से एक को लॉन्च करने के लिए साझेदारी की घोषणा दिल्ली के एंबेसडर होटल में की। आईआरसीटीसी एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड के नाम से जाना जाने वाला नया कार्ड लॉन्च किया गया, को-ब्रांडेड कार्ड एक ही संस्करण में है और विशेष रूप से एनपीसीआई के रुपे नेटवर्क पर उपलब्ध है।

यह आईआरसीटीसी की टिकटिंग वेबसाइट और आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट ऐप के माध्यम से बुक किए गए ट्रेन टिकटों की बुकिंग पर विशेष लाभ और अधिकतम बचत प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, आईआरसीटीसी एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्डधारकों को आकर्षक ज्वाइनिंग बोनस, बुकिंग पर छूट और देश भर के रेलवे स्टेशनों पर कई कार्यकारी लाउंज तक पहुंच का आनंद मिलेगा।

कार्ड यात्रियों को बेहतर मूल्य और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए दो प्रमुख भारतीय ब्रांडों की ताकत को जोड़ता है। यह देश में कार्ड जारी करने में मार्केट लीडर के रूप में एचडीएफसी बैंक की विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा, अपने श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार कार्यक्रम और ट्रेन यात्रा पर आईआरसीटीसी की बेजोड़ सेवाओं की पेशकश करेगा।

क्रेडिट कार्ड को सुश्री रजनी हसीजा, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, आईआरसीटीसी, पराग राव, समूह प्रमुख - पेमेंट्स, कंज्यूमर फाइनेंस, डिजिटल बैंकिंग और आईटी, एचडीएफसी बैंक और सुश्री प्रवीना राय, सीओओ, एनपीसीआई द्वारा लॉन्च किया गया।

इस सहयोग पर टिप्पणी करते हुए आईआरसीटीसी की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी हसीजा ने कहा, ह्लएचडीएफसी बैंक देश के सबसे बड़े और भरोसेमंद बैंकों में से एक है। हम इस पहल के लिए उनके साथ साझेदारी करके खुश हैं। को-ब्रांडेड कार्ड अधिकांश प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध नए खुले अत्याधुनिक लाउंज तक विशेष पहुंच प्रदान करता है। क्रेडिट कार्ड ऑनलाइन लेन-देन को सुव्यवस्थित करने में मदद करेगा और साथ ही साथ हमारे ग्राहकों को सर्वोत्तम-इन-क्लास लाभ और अनुभव प्रदान करेगा।

पराग राव, ग्रुप हेड - पेमेंट्स, कंज्यूमर फाइनेंस, डिजिटल बैंकिंग और आईटी, एचडीएफसी बैंक ने कहा, "एचडीएफसी बैंक देश को सर्वश्रेष्ठ बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आईआरसीटीसी एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड हमें देश भर में लाखों भारतीयों को अपना कार्ड प्रदान करने में सक्षम करेगा। भारतीय रेलवे देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में से एक है और हमें खुशी है कि हम ट्रेन यात्रियों के लिए टिकट बुक करने के समय से ही ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए आईआरसीटीसी के साथ साझेदारी करने वाले पहले निजी क्षेत्र के बैंक बन गए हैं।

# राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला सहित प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने दी सचिन भारद्वाज को श्रद्धांजलि

## भाई सचिन भारद्वाज की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता : राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला

सचिन भरद्वाज हमारे दिल और दिमाग में हमेशा जिंदा रहेंगे : प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा कांग्रेस चौधरी उदयभान

गुरूग्राम(समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला मिलेनियमसिटी जनपद की शिवनगरी सोहना में आए और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज के आवास पर आकर उनके अनुज व दिवंगत आत्मा सचिन भारद्वाज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शोक व्यक्त करते हुए चौधरी रणदीप सुरजेवाला ने भारद्वाज परिवार से कहा कि भाई सचिन भारद्वाज की मृत्यु का समाचार सुन कर अगाध दुख हुआ। उनकी असमय हुई मृत्यु असहनीय है और उनकी कमी कोई भी पूरी नहीं कर सकता।

भगवान की मर्जी के बिना कुछ भी संभव नही और भगवान को यही मंजूर था लेकिन आप अपने आपको अकेला न समझें। इस मुश्किल की घड़ी में हिम्मत रखे। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान भी सोहना पहुंचे और जितेंद्र भारद्वाज के भाई सचिन भारद्वाज को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने जितेंद्र भारद्वाज से शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी उम्र अभी इस दुनिया से जाने की नहीं थी लेकिन मृत्यु पर किसी का वश नहीं चलता। इस घोर विपदा के समय में मेरी और पार्टी की सहानुभूति आपके साथ है। उन्होंने कहा कि भाई सचिन भारद्वाज को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वो हमसे अलग नही हुए है बल्कि हमारे दिल और दिमाग में हमेशा जिंदा रहेंगे। इस कष्टकारी समय में ईश्वर आपको इस गम से लड ? की ताकत और हौसला दे। ईश्वर की कृपा सदा आपके परिवार पर बनी रहे और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, सोहना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबू प्रदीप खटाना रिठौजिया तथा चौधरी महेश घोडारोप, बल्लबगढ़ से भाजपा के पूर्व विधायक आनंद शर्मा, अटेली से पूर्व सीपीएस अनिता यादव, सोहना कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हरिओम सिंह छोकर एडवोकेट, बीर सिंह नम्बरदार दमदमिया, कुलराज कटारिया, मोहनलाल सैनी, अमित भारद्वाज, अनिरुद व्यास, मनोज भारद्वाज, कुलदीप वशिष्ट, प्रदीप जैलदार, जस्सी पेटवाड, आर्येन्दर शर्मा कोषाध्यक्ष उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी, उमेश शर्मा, रोशनलाल यादव, सुरेंद्र यादव, संजय शर्मा, देशराज सैनी, मास्टर सतीश गर्ग अध्यक्ष अग्रवालसभा, डॉक्टर महेश गोयल, श्यामलाल, निस्सी सरदार सहित गणमान्य लोग भी जितेन्द्र भारद्वाज के आवास पर पहुंचे और सचिन भारद्वाज के निधन पर गहरा शोक जताया।

# कोल क्लीन ब्यूटी ने नया समर्स हॉटेस्ट उत्पाद किया लॉन्च




**नई दिल्ली, 1 मार्च 2023।** गर्मी के सीजन के लिए आपकी जरूरतों को पूरा करने के लिए, कोल क्लीन ब्यूटी ब्रांड की प्रीमियम और लक्जरी रेंज छ'२२ील्ल३ी' और ऊ छ४२२ङ्ग के तहत उत्पादों के विविध संग्रह के साथ आई है। सीजन के लिए कोल क्लीन ब्यूटी ने रेडियंस फेस क्लींजर, मदर ऑफ पर्ल फेस स्क्रब, विटामिन सी फेस मास्क, हाइड्रेटिंग डे क्रीम, विटामिन सी (प्लांट बेस्ड) फेस सीरम और विटामिन सी और ऑरेंज साबुन लॉन्च किया है।

इन उत्पादों की यूएसपी उत्पाद में ही है। उदाहरण के लिए, शहद और केसर का सत्त इन्फ्यूज्ड रेडियंस फेस क्लींजर अतिरिक्त तेल को हटाता है और रोमछिद्रों को साफ करता है जबकि चेहरे को पोषण और कायाकल्प देता है। पर्ल नैनो ग्रेन्यूल्स और विटामिन ई के साथ मदर ऑफ पर्ल फेस स्क्रब त्वचा की कोशिकाओं को पुनर्जीवित करता है, कोलेजन में सुधार करता है, धीरे से एक्सफोलिएट करता है, मरम्मत करता है और लोच में सुधार करता है। कूलिंग विटामिन सी फेस मास्क के साथ झंझट मुक्त उपचार का अनुभव करें जो त्वचा को मोटा और चमकदार बनाए रखता है।

हाइड्रेटिंग डे क्रीम के साथ आप त्वचा में नई जान फूंकने का अनुभव कर सकते हैं, जो हयालूरोनिक एसिड के साथ त्वचा को गहराई से मॉइस्चराइज, हाइड्रेट और पोषण देता है। सूरजमुखी के बीज का तेल अधिकतम नमी को सील करता है।

कोलेजन को बनाए रखने के लिए जाना जाता है, विटामिन सी (पौधों पर आधारित) फेस सीरम धूप से क्षतिग्रस्त त्वचा को आराम देता है और झुर्रियों को कम करता है। विटामिन सी रंगत को निखारता है। विटामिन सी रंगत को निखारता है। लीकोरिस एक्स्ट्रैक्ट सूजन को शांत करता है और काले धब्बे को मिटाता है. शरीर के लिए, विटामिन सी और ऑरेंज साबुन त्वचा की चमक का समर्थन करता है, सुस्ती को कम करता है और गहराई से एक्सफोलिएट करता है। विटामिन सी त्वचा को मोटा और चमकदार रखता है। संतरा दाग-धब्बों को कम कर कायाकल्प करता है।

तो, इस गर्मी के मौसम में, अपनी वैनिटी में कोल क्लीन ब्यूटी प्रोडक्ट्स को शामिल करके प्राकृतिक अवयवों और विटामिन सी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# मारपीट से हुई युवक की मौत के मामले में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

झज्जर पुलिस की एक टीम द्वारा गहनता से कार्रवाई करते हुए थाना बादली क्षेत्र में मारपीट से हुई एक युवक की मौत के मामले में दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की गई है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रबंधक बादली निरीक्षक बाबूलाल ने बताया कि मृतक युवक के पिता श्रीपाल निवासी आसौदा सिवान ने शिकायत देते हुए बताया कि उसका लड़का कंप्यूटर का कोर्स करने के लिए बहादुरगढ़ जाता था। 22 फरवरी 2023 को उसका लड़का अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने दोस्त से मिलने के लिए गांव गंगडवा गया हुआ था।

श वापस आते समय जब वह लुकसर स्कूल के सामने बादली रोड पर पहुंचे तो वहां पर 8/10 लोगों ने इनका रास्ता रोककर डण्डों/बिट्टो से मार पिटाई की। मार पिटाई में लगी चोटों से गंभीर रूप से घायल उसके लड़के की 25 फरवरी 2023 को मौत हो गई। शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ थाना बादली में आपराधिक मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि युवक की हत्या की उपरोक्त वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक झज्जर श्री वसीम अकरम ने मामले की गहनता एवं तत्परता से जांच की कार्रवाई करने तथा मामले के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के दिशा निर्देश किए गए थे।

`स्वामी,मुदक,प्रकाशक एंव सम्पादक मुकेश कुमार भोगल ने जगदम्बा ऑफसेट प्रैस 374,नगंली संकावंती इन्डिस्ट्रीयल एरिया नजफगढ़ नई दिल्ली से मुदित करा अपने कार्यालय ए–21 बापरौला एक्स.नजफगढ़ नई दिल्ली 110043 से प्रकाशित किया |सभी वाद विवाद के दिल्ली न्यायलय मान्य होगा| RNI NO.:-DELBIL/2011/43227

# धर्म का वितण्डावाद अत्यन्त विध्वंसकारी : डॉ. कुसुम

**सरदार कर्मपालसिंह सवाली/अमरपुरी गोस्वामी दादाई**

**जयपुर, प्रमुख बुद्धिजीवियों की संस्था ह्यमुक्त** मंचह्य की 67वीं संगोष्ठी परम विदुषी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य और प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ नरेंद्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। गोष्ठी ह्यह्यधर्म का वितण्डावाद और सामाजिक समरसताह्यह्य विषय पर हुई संगोष्ठी का संयोजन शब्द संसार के अध्यक्ष श्री श्रीकृष्ण शर्मा ने किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ. नरेंद्र शर्मा कुसुम ने कहा कि एक आदर्श सामाजिक संरचना के मूल में समरसता एक महत्वपूर्ण घटक है। वितण्डावाद कुतर्क का पर्याय और अपने मतारोपण का प्रयास है। विचार के स्तर पर हर प्रकार का वितण्डावाद सर्वथा निंदनीय है और धर्म का वितण्डावाद अत्यंत विध्वंसकारी है। मुख्य अतिथि अरुण कुमार ओझा आईएएस (रि.) ने कहा कि धर्म और रिलीजन में अंतर है। हम रिलीजन को



ही धर्म समझ बैठे। जो देश धर्म के आधार पर चलते हैं, वह विकास की गति में बिछड़ जाते हैं। संगोष्ठी के संयोजक श्री कृष्ण शर्मा ने तुलसीदास को उद्धृत करते हुए कहा कि ह्यपरहित सरिस धर्म नहीं भाई।ह्य यानी सत्य, प्रेम, दया, करुणा, अस्तेय और क्षमा हमारी जीवन संजीवनी है। आरसी जैन आईएएस (रि.) ने कहा कि हम धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र हैं, जिसका कोई राजधर्म नहीं है। ऐसे में हमें अपनी आस्था, विश्वास और श्रद्धा को संपोषित कर आगे बढ़ना चाहिए। वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी ने कहा कि धर्म सामाजिक मूल्यों को संरक्षण प्रदान करता है। उसमें घृणा, हिंसा और असहिष्णुता के लिए कोई स्थान नहीं है। भारत ने इस दृष्टि से संसार को समरसता का संदेश दिया है। युवा विचारक ज्ञानचंद जैन ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आग का दरिया पार करके काल का पहिया संचालित करना है, तभी सामाजिक समरसता बच पाएगी।

इंजीनियर डीपी चिरानिया ने कहा कि अनेक कारणों से धर्म की भावना पर आवरण आ जाने से सामाजिक समरसता में कमी आई है। स्तंभकार और चिंतक ललित अकिंचन ने कहा कि धर्म के वितण्डावाद ने हमारे धार्मिक विश्वास और श्रद्धा केंद्रों को कमजोर किया है। इससे सामाजिक समरसता में बिखराव आ गया। साहित्यकार यशवंत कोठारी ने कहा कि धर्म हमें ऐसी जीवन दृष्टि देता है जिसमें प्रत्येक प्राणी में चैतन्य तत्व को देखा जाता है। धार्मिक कट्टरता सामाजिक समरसता को नष्ट करती है। लोकेश शर्मा ने कहा कि दंभ, हिंसा, बाह्य अशुद्धि, अहंकार आदि सामाजिक कटुता को प्रेरित-प्रोत्साहित करते हैं। वरिष्ठ पत्रकार भारत पारीक ने कहा कि सोशल मीडिया ने वैमनस्य फैलाने का काम किया है जिस पर नियंत्रण होना चाहिए।

## कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक व समन्वयक श्रीगंगानगर के प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक ली

**समाचार निर्देश ब्यूरो सरदार कर्मपालसिंह सवाली**

**श्रीगंगानगर/ समन्वयक भगवंतपाल स**च्चर व देविंदर घुभाया1 मार्च 2023, बुधवार को श्रीगंगानगर के प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक ली श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिलों के जिला प्रभारी सचिव जियाउर रहमान समन्वयक भगवंतपाल सच्चर व देविंदर घुबैया 1 मार्च, बुधवार को प्रातः 11 बजे श्रीगंगानगर सर्किट हाउस में श्रीगंगानगर जिले के प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक ली जिले के प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक ली उन्होंने बताया कि बैठक में संबंधित जिलों के प्रभारी मंत्रीगण एवं प्रभारी पदाधिकारीगण, लोकसभा चुनाव-2019 एवं विधानसभा चुनाव-2018 में रहे पार्टी प्रत्याशीगण, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण एवं ब्लॉक अध्यक्षगण तथा एआईसीसी एवं पीसीसी के सदस्यगण सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन भाग लिया जियाउर रहमान ने बताया कि बैठक में आगामी दिनों में पार्टी एवं संगठन द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विचार करने के साथ ही भविष्य की ।

## सोजत में उच्च स्तरीय नवीन अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लोटस पब्लिक स्कूल किंडर नेक्स्ट का किया निरीक्षण

**समाचार निर्देश ब्यूरो महेश सोनी सोजत सिटी सोजत सिटी के स्थानीय उच्च स्तरीय नवीन अंग्रेजी माध्यम** विद्यालय लोटस पब्लिक स्कूल (किंडर -नेक्स्ट) का निरीक्षण दिनांक 01 मार्च 2023 को पाली जिला कलेक्टर नमित मेहता, पाली जिला पुलिस अधीक्षक गगनदीप सिंगला, सोजत उपखण्ड अधिकारी गोपाल जांगिड़, सोजत पुलिस उप अधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा , सोजत तहसीलदार दीपक सांखला के द्वारा किया गया । विद्यालय के कक्षा कक्ष में लगे आधुनिक स्मार्ट बोर्ड की जानकारी प्राप्त की व डिजिटल शिक्षा के महत्व को समझा और सराहा ।विद्यालय प्रशासन द्वारा अधिकारियों को आश्वस्त किया कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा । पाली जिला कलेक्टर व पाली जिला पुलिस



अधीक्षक एवं उपस्तिथ अधिकारियों का साफा पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते हुए मोहनलाल टांक (एम.एल.टी) इस कार्यक्रम के दौरान विकास टांक, शशांक टांक, कुणाल टांक, प्रशांत टांक, प्रतीक टांक, भूमिका टांक, श्री राजेश चौधरी, सोजत के समाजसेवी महेश सोनी, धमीचंद देवासी, डॉ सोहनलाल मेवाड़ा , भंवरलाल मोहिल, मंगलचंद मुणोत, कैलाश टेलर, यूनुस शेख, वाजिद, सुमन, मीनाक्षी सहित कई मौजूद रहे ।

## शामलात अभियान शोध यात्रा का आगाज पाटोदी बाड़मेर, पश्चिमी राजस्थान के जिला बाड़मेर बड़ी संख्या में ग्रामीण

### पूरे राजस्थानी पहनावे में इस आयोजन में शामिल हुए

**समाचार निर्देश ब्यूरो सरदार कर्मपालसिंह सवाली**

**बाड़मेर। शामला**त अभियान शोध यात्रा का आगाज पाटोदी बाड़मेर, पश्चिमी राजस्थान के जिला बाड़मेर जैसलमेर ,जोधपुर में शामलात अभियान पदयात्रा की




भव्य आगाज परंपरागत तालाब भंवर बाबा नाडा से सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों ने मिलकर की गई इसका शुभारंभ अमर सिंह सरपंच द्वारा किया गया इसमें ऊंट पशुपालक गेना राम रायका कोलायत बीकानेर ने सभी को मिलजुलकर पूर्वजों की परंपरा को सामुदायिक प्रबंधन को आज के समय में आत्मसात करके किया गया था ताकि भावी पीढ़ी को परंपरागत जल संसाधन ओरण तालाब गोचर वातावरण स्वच्छ वातावरण देख कर प्रकृति को अमूल्य सामाजिक योगदान दें इसी तरह ग्राम पंचायत दुगार्पुरा बणीयावास सैकड़ों सर्व समाजों की सहभागिता से यात्रा को सराहा गया इस यात्रा को ग्रामीण परंपरागत जल स्त्रोतों क तट पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें समस्त ग्रामीण अपने तालाबों की परिक्रमा कर संरक्षण संवर्धन हेतु प्रण प्रतिज्ञा सामूहिक रूप से ली गई यात्रा के दौरान स्थानीय नेतृत्व करने वाले बुद्धिजीवी व्यक्तियों को को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा समूह चर्चा परंपरागत संवाद का भी आयोजन किया गया प कठपुतली कला के माध्यम से भी संदेश देने का प्रयास किया गया इसी कार्यक्रम में जिला परिषद आईटीसी उन्नति डेजर्ट रिसोर्ट सेंटर फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम का संचालन दिलीप सिंह उन्नति तथा श्रीमती डिम्पल का दिशा निर्देशन में किया गया ग्रामीणों भी बहुत ही उत्साह में शामिल हुए ।

## सिवाना विधानसभा पन्ना प्रमुख संयोजक गंगा सिंह राठौड़ के नेतृत्व में विशेष बैठक आयोजित हुई

**समाचार निर्देश ब्यूरो सरदार कर्मपालसिंह सवाली**

**सिवाना बाड़मेर। सिवाना विधानस**भा पन्ना प्रमुख संयोजक गंगा सिंह राठौड़ (काठाड़ी) ने सिवाना विधानसभा के समदडी मंडल की आज बैठक मामाजी थान पर पन्ना प्रमुख गठन के लिए पारस भाई प्रजापत मंडल अध्यक्ष द्वारा आयोजित कि गई, इस बैठक मे सभी पदाधिकारीगण व भाजपा के जन प्रतिनिधि एवं संगठन के दायित्व वान कार्यकर्ता उपस्थित हुए, सभी कार्यकर्ताओ को अपने्अपने बूथ की वोटर लिस्ट दी गई और साथ में पन्ना प्रमुख के प्रपत्र दिए गए जो कि भरकर एक दिन बाद मंडल अध्यक्ष पारस भाई के पास जमा कराने के लिए कहा गया व कुछ बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र अनुपस्थित रहे उनके शक्ति केंद्रो पर विधान सभा संयोजक गंगासिंह राठौड स्वयं प्रवास करते हुए शक्ति केंद्र संयोजक व बूथ समिति अध्यक्षों को वोटर लिस्ट देकर आए व शीघ्रता से कार्य पूर्ण कर पुनः लौटाने को कहा गया आज मामाजी थान पर सहसंयोजकः गणपत भाई मेहता, इन्दाराम राम चौधरी।

## "स्काउट गाइड संघ ने एसडीएम एवं सीबीईओ का किया सम्मान"

**समाचार निर्देश ब्यूरो सरदार कर्मपालसिंह सवाली**

**राजसमंद ।राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइ**ड स्थानीय संघ आमेट के तत्वाधान में नवनिर्वाचित उपखण्ड अधिकारी रक्षा पारीक का जिला प्रभारी कमिश्नर स्काउट गाइड व स्थानीय सीबीईओ नरेन्द्र सिंह चुंडावत के सानिध्य में आमेट स्थानीय संघ के सचिव गिर्राज डाकोत,सेवानिवृत प्राध्यापक स्थानीय संघ के ट्रेनिंग काउंसलर मोहनलाल गर्ग, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दोवड़ा के स्काउट मास्टर गुलाब चन्द भील ,राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भोलीखेड़ा के स्काउट मास्टर यशवन्त वर्मा, राजकीय उच्च



माध्यमिक विद्यालय आमेट के स्काउट मास्टर रामावतार सैनी, स्काउट मास्टर कुलदीप पारीक राजकीय प्राथमिक विद्यालय आगरिया की वाडा, गाइडर अनीता मेवाड़ा केजीबीवी सेलागुडा , गाइडर निर्मला जीनगर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडकोशिया इतियादि ने एसडीएम साहिबा रक्षा पारीक का स्थानीय संघ द्वारा स्कार्फ, उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया और स्थानीय संघ की सदस्यता ग्रहण करवाई एवम् प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया इस दौरान एसडीएम साहिबा ने स्थानीय संघ का आभार व्यक्त कर विद्यालयों में स्काउट गाइड की प्रवृति का संचालन नियमित रूप से किए व विधार्थियो को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाए जाने की बात कही गई साथ ही स्थानीय संघ के नरेन्द्र सिंह चुंडावत सीबीईओ को भी उपरना व प्रतीक चिन्ह से नवाजा गया कार्यकर्म का संचालन सेवनिवृत प्राध्यापक मोहनलाल गर्ग ने किया ।

## संक्षिप्त खबरें

### संविधान की प्रति भेंट कर डॉ सुनील को किया सम्मानीत-गुरप्रीत सिहं

**सरदार कर्मपालसिंह सवाली**

**कुरूक्षेत्र -जिला** रेडक्रॉस सोसायटी कुरुक्षेत्र के नये सचिव ने आज सुबह पदभार संभाला। पूर्व में कुरूक्षेत्र रेड क्रॉस सोसाईटी के सचिव पद का कार्यभार रणदीप सिंह श्योंकंद के पास रहा है अब उनकी बदली यमुनानगर हो गई है उनके स्थान पर डॉ सुनील कुमार ने जिला रेड क्रॉस सोसाईटी कुरूक्षेत्र के सचिव पद का कार्यभार संभाल लिया है । डॉ सुनील कुमार के कुरूक्षेत्र पहुँचने पर पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया ।रेड क्रॉस सोसाईटी के सचिव का पदग्रहण करने के उपरांत डॉ सुनील कुमार को गुरप्रीत सिहं लंबरदार एंव प्रदेश प्रवक्ता श्री गुरू रविदास विश्व महापीठ भारत,प्रयावरण प्रहरी, ने भारतीय संविधान व बुके सप्रेम भेंट किया। गुरप्रीत सिहं ने बताया कि सचिव डॉ सुनील कुमार बडे अच्छे अधिकारी हैं। इस अवसर पर रोबिन यादव, ओम प्रकाश आर्य सहायक सहीत रेड क्रॉस सोसाईटी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### शहरी व सुमेरपुर ब्लॉक के 6 पंचायतों में कार्यरत राजीव गांधी युवा वालिंटियर्स की एक दिवसीय ट्रैनिंग सम्पन्न हुई ।

**समाचार निर्देश ब्यूरो सरदार कर्मपालसिंह सवाली**

**सुमेरपुर।आज पंचा**यत समिति सुमेरपुर के सभागार में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा तखतगढ़ नगरपालिका शहरी व सुमेरपुर ब्लॉक के 6 पंचायतों में कार्यरत राजीव गांधी युवा वालिंटियर्स की एक दिवसीय ट्रैनिंग सम्पन्न हुई ! जिसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में बाली ब्लॉक के संगणक (कार्यवाहक बीएस ओ) श्रीमान विपुल सिंह ने उपस्थित समस्त वॉलियंटर्स को राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि राजीव गांधी युवा मित्र के सहयोगी रूप में कार्य करते हुए आमजन को अधिकाधिक सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करवाना है ! सुमेरपुर संगणक (कार्यवाहक बीएस ओ) सुश्री भावना गर्ग ने भी उपस्थित वॉलियंटर्स को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव ढाणियों में बसे वंचित परिवार जो अभी तक सरकारी योजनाओं से अनभिज्ञ हैं उनको एवं शेष सभी परिवारों को संबंधित योजनाओं में ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने का आह्वान किया ! उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं के लिए अंतिम कड़ी के रूप में एकमात्र वॉलियंटर ही है जो पात्र परिवारों तक लाभ पहुंचा सकता है ! ट्रेनिंग के दौरान मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना, पालनहार योजना,हथलेवा योजना, आई एम शक्ति उडान योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना,अनुप्रति कोचिंग योजना, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी ! ट्रेनिंग के दौरान राजीव गांधी युवा मित्र सुरेश कुमार नेतरा, मुकेश कुमार दहिया, भीमराज परमार, रेखा मेघवाल, विजय लक्ष्मी मेवाडा सहित अन्य लोग उपस्थित रहें ! ट्रेनिंग का सफल मंच संचालन सुरेश कुमार नेतरा ने किया ।

### धर्म का वितण्डावाद अत्यन्त विध्वंसकारी : डॉ. कुसुम

**सरदार कर्मपालसिंह सवाली/अमरपुरी गोस्वामी दादाई**

**समाचार नि**र्देश ब्यूरो जयपुर, 1 मार्च। प्रमुख बुद्धिजीवियों की संस्था ह्यमुक्त मंचह्य की 67वीं संगोष्ठी परम विदुषी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य और प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ नरेंद्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। गोष्ठी ह्यह्यधर्म का वितण्डावाद और सामाजिक समरसताह्यह्य विषय पर हुई संगोष्ठी का संयोजन शब्द संसार के अध्यक्ष श्री श्रीकृष्ण शर्मा ने किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ. नरेंद्र शर्मा कुसुम ने कहा कि एक आदर्श सामाजिक संरचना के मूल में समरसता एक महत्वपूर्ण घटक है। वितण्डावाद कुतर्क का पर्याय और अपने मतारोपण का प्रयास है। विचार के स्तर पर हर प्रकार का वितण्डावाद सर्वथा निंदनीय है और धर्म का वितण्डावाद अत्यंत विध्वंसकारी है। मुख्य अतिथि अरुण कुमार ओझा आईएएस (रि.) ने कहा कि धर्म और रिलीजन में अंतर है। हम रिलीजन को ही धर्म समझ बैठे। जो देश धर्म के आधार पर चलते हैं, वह विकास की गति में बिछड़ जाते हैं। संगोष्ठी के संयोजक श्री कृष्ण शर्मा ने तुलसीदास को उद्धृत करते हुए कहा कि ह्यपरहित सरिस धर्म नहीं भाई।ह्य यानी सत्य, प्रेम, दया, करुणा, अस्तेय और क्षमा हमारी जीवन संजीवनी है। आरसी जैन आईएएस (रि.) ने कहा कि हम धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र हैं, जिसका कोई राजधर्म नहीं है। ऐसे में हमें अपनी आस्था, विश्वास और श्रद्धा को संपोषित कर आगे बढ़ना चाहिए। वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी ने कहा कि धर्म सामाजिक मूल्यों को संरक्षण प्रदान करता है। उसमें घृणा, हिंसा और असहिष्णुता के लिए कोई स्थान नहीं है। भारत ने इस दृष्टि से संसार को समरसता का संदेश दिया है। युवा विचारक ज्ञानचंद जैन ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आग का दरिया पार करके काल का पहिया संचालित करना है, तभी सामाजिक समरसता बच पाएगी। इंजीनियर डीपी चिरानिया ने कहा कि अनेक कारणों से धर्म की भावना पर आवरण आ जाने से सामाजिक समरसता में कमी आई है। स्तंभकार और चिंतक ललित अकिंचन ने कहा कि धर्म के वितण्डावाद ने हमारे धार्मिक विश्वास और श्रद्धा केंद्रों को कमजोर किया है। इससे सामाजिक समरसता में बिखराव आ गया। साहित्यकार यशवंत कोठारी ने कहा कि धर्म हमें ऐसी जीवन दृष्टि देता है जिसमें प्रत्येक प्राणी में चैतन्य तत्व को देखा जाता है। धार्मिक कट्टरता सामाजिक समरसता को नष्ट करती है। लोकेश शर्मा ने कहा कि दंभ, हिंसा, बाह्य अशुद्धि, अहंकार आदि सामाजिक कटुता को प्रेरित-प्रोत्साहित करते हैं। वरिष्ठ पत्रकार भारत पारीक ने कहा कि सोशल मीडिया ने वैमनस्य फैलाने का काम किया है जिस पर नियंत्रण होना चाहिए। विश्व विशेषज्ञ और साहित्यकार आर.के. शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।











